हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11 खेल

## सुनील छेत्री रिटायरमेंट : छेत्री की आखिरी मैच में खचाखच भरा रहा है मैदान : कोच



Page 10 देश

## विदेश मंत्रालय ने प्रज्वल रेवन्ना को थमाया कारण बताओ नोटिस


कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 26 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 165 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹72, 440 | ₹91,500 |

### आज का इतिहास

- **2014 : भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेन्द्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।**
- **1739 : मुगल बादशाह मोहम्मद शाह और ईरान के नादिर शाह के बीच हुई संधि के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान, भारत से अलग हुआ।**

### न्यूज बाइट्स

#### 6 राज्यों में लू का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है। उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से 5 मौतें हुईं। राज्य में 2 दिन में यह आंकड़ा 13 हो गया है। भोपाल-हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था।

#### बिहार के व्यापारियों के लिए पहली बार शुरू हुई लीची की लोडिंग

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** बिहार में पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से उत्तर बिहार के व्यापारियों की सुविधा के लिए शनिवार से पवन एक्सप्रेस ट्रेन में पहली बार लीची लोडिंग के लिये एसएलआर कोच की सुविधा प्रदान की गई है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि समस्तीपुर समेत आस-पास के क्षेत्रों मे किसानों द्वारा लीची की पैदावार की जाती है। किसानों एवं व्यापारियों की मांग पर आज से वाणिज्य विभाग ने किसानों एवं व्यापारियों को लीची लोडिंग के लिए 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल पवन एक्सप्रेस ट्रेन में 3.9 टन का एसएलआर कोच उपलब्ध करवाया है। इस ट्रेन के माध्यम से व्यापारी अब समस्तीपुर से सीधे महाराष्ट्र के मुम्बई समेत देश के अन्य क्षेत्रों में लीचियों का स्वाद लोगों तक कम लागत में पहुंचायेंगे।

#### विद्यार्थियों को दो साल तक मिलेगी निशुल्क कोचिंग

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंजीनियरिंग और मेडिकल के लिए दो वर्षीय कोचिंग कार्यक्रम जल्द ही शुरू होगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के कुछ मेधावी छात्र-छात्राओं को उसकी रुचि के अनुसार निशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इसके लिए समिति की ओर से 9 प्रमंडलों के मुख्यालयो में बनाए गए कोचिंग सेंटर में शिक्षण के लिए शिक्षकों की बहाली होने जा रही है। वर्ष 2026 में होने वाली इंजीनियरिंग (जेईई) और मेडिकल (नीट) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के तहत गणित समेत विज्ञान के तीन विषयों में भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के लिए पूर्णकालिक विशेषज्ञ शिक्षकों की बहाली के लिए साक्षात्कार की तिथि घोषित की गई है। कोचिंग संस्थानो में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए शिक्षकों का साक्षात्कार 8 जून को बिहार बोर्ड में होगा।

प्रधानमंत्री काराकाट लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की आयोजित सभा में हुए शामिल, जनसभा को किया सम्बोधित, कहा

# नौकरी के बदले जमीन लेने वालों का जेल जाने का काउंटडाउन शुरू : नरेन्द्र मोदी

- **पीएम ने कहा कि बिहार के गरीबों को नौकरी के नाम पर जमीन लिखवाने वाले का समय पूरा हो गया है। मोदी की गारंटी है कि उन्हें जेल जाने का रास्ता तय हो गया है। गरीबों का हक नहीं मारने देंगे। यह बिहार और मोदी दोनों की गारंटी है।**

**निज संवाददाता** | रोहतास (काराकाट)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोगों का जेल जाने का काउंटडाउन शुरू हो गया है और हेलीकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जाएगा। श्री मोदी ने शनिवार को रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन स्थित सुअरा हवाई अड्डा मैदान में काराकाट से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, सासाराम से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेश राम और आरा से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा कि जिसने भी गरीब को लूटा है उसको जेल जाना ही पड़ेगा। वो जेल की रोटी चबाकर ही जिंदगी पूरी करेगा, चाहे वो कितना ही बड़ा शहजादा क्यों ना हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले चार जून को एक दूसरे का कपड़ा फाड़ेगा। हार का ठीकरा खरगे जी पर फोड़ेगा। कांग्रेस 70 साल से डराते आ रहे हैं, राम मंदिर बनेगा तो खून की नदियां बहेंगी, कश्मीर में 370 हटा तो आतंकी हमला होगा, कुछ नहीं हुआ। अपना मसाला खत्म हो गया तो पाकिस्तान के परमाणु बम का डर दिखा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जंगल राज वाले फिर उसी फिराक में छिपे हैं। मौका की तलाश में हैं। उन्हें मौका मिला तो वे जंगल राज पार्ट टू ला देंगे। फिर इससे मुक्ति नहीं मिल पाएगा। एनडीए ही सामाजिक राज लायेगा। पहले टर्म में दलित के बेटे को राष्ट्रपति बनाया। दूसरी बार आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति दिया।

पीएम मोदी ने आरजेडी और कांग्रेस को डरपोक कहा। पीएम ने कहा पाकिस्तान के आतंकी इन डरपोकों के कारण आकर हमला करते थे। मोदी डरता नहीं। सेना को कहा कि घर में घुसकर मारो। इसलिए पाकिस्तान कुछ करने से पहले 100 बार सोचता है।

भ्रष्टाचारियों को अब जेल की रोटी चबाकर जिंदगी पूरी करनी है। बड़े भ्रष्टाचारी चाहते थे कि इंडी गठबंधन बना मोदी की कुर्सी हिला दें। मोदी किसी ने नहीं डरा न डरेगा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने हजारों विद्यालयों में पिछड़ों, अति पिछड़ों का आरक्षण बंद कर दिया और सारा आरक्षण मुस्लिम को दे दिया। उन्हें रातों रात ओबीसी बनाकर आपका हक छीन लिया। कोलकाता हाईकोर्ट ने इसपर जवाब मांगा है।

वहीं मंच पर काराकाट के एनडीए समर्थित रालोमो उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा समेत कई अन्य प्रत्याशी व मंत्री व विधायक मौजूद रहे। पीएम मोदी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग इस जनसभा में पहुंचे। पीएम मोदी से पहले भोजपुर के प्रत्याशी आरके सिंह, काराकाट के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने सभा को संबोधित किया और पीएम का स्वागत भी किया।

### बिहारियों का अपमान मोदी नहीं होने देगा

वहीं, लालू यादव की राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि लालटेन लेकर मुजरा करने वाले जमात बिहारियों का अपमान को भी नजरंदाज कर रहे हैं। बिहारियों का पंजाब में अपमान हो रहा है। युवराज और देवी कुछ नहीं कर रहे हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री भी अपमान कर रही हैं, लेकिन कांग्रेस और आरजेडी को चिंता नहीं। बिहारियों को अपमान मोदी नहीं होने देगा। फर्स्ट वोटर जो पहली बार वोट करने जा रहे हैं कि उन्हें जंगल राज पार्ट टू को नहीं लाएं। एनडीए की सरकार नीतीश कुमार के राज में मुश्किल से जंगल राज समाप्त हुआ है।

### विपक्ष में केवल हताशा भरी पड़ी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इनके पास सिर्फ कन्फ्यूजन है। हौसला का नाम नहीं है केवल हताशा भरी पड़ी है। इनके पास निर्णय लेने की क्षमता नहीं है ये बस नकारापन लेकर जी रहे हैं। दशकों तक इनकी पूरी राजनीति डरो और डराओ के मंत्र पर चली है। लेकिन मोदी ने इनके डर के गुब्बारे को फोड़ दिया है। मोदी उनके डर को भी डराता है। ये इंडी गठबंधन वाले देश को डराते थे।

### पीएम ने नौजवानों को किया सचेत

पीएम ने जंगलराज का जिक्र किया और बिहार में लालू-राबड़ी शासनकाल पर बरसे। पीएम ने कहा कि अपहरण, हत्या, डकैती ही बिहार का दुर्भाग्य बन गया था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार के कामों की तारीफ पीएम ने की। पीएम ने नौजवानों को सचेत भी किया।

## गेम जोन में आग लगने से 24 की मौत, मरने वालों में 12 बच्चे



**एजेंसी** | राजकोट (गुजरात)

गुजरात के राजकोट शहर के कालावड रोड पर स्थित टीआरपी गेम जोन में शनिवार शाम 5.30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 12 समेत बच्चे समेत 24 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों के शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। अभी प्रशासन यह नहीं बता पाया है कि आग लगने के वक्त गेम जोन में कितने लोग मौजूद थे। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, पूरा गेमजोन जलकर खाक हो गया। अब तक 25 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है।

### कई लोगों के फंसे होने की आशंका

आग और धुएं के बीच गेमजोन में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। टीआरपी मॉल में आग की लपटें बढ़ती देख मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गई हैं। उनकी ओर से लगातार बचाव के उपाय किए जा रहे हैं। इसके अलावा, पूरे इलाके को पुलिस ने घेर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छुट्टियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं, जिस दौरान यह घटना घटी है। उस समय यहां बच्चों की काफी भीड़ थी।

दूसरी ओर, शहर के भाजपा अध्यक्ष मुकेश दोशी भी घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी प्राथमिकता आग बुझाने की है। इस मामले में जो भी जिम्मेदार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। टीआरपी मॉल के गेम जोन में लगी आग की घटना को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'राजकोट में गेम जोन में आग लगने की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है। सीएम भूपेन्द्र पटेल ने एक्स पर एक और पोस्ट में लिखा, राज्य सरकार मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देगी। इस संबंध में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और उसे पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

## केंद्र ने बिहार सरकार से पद्म अवार्ड के लिए मांगी अनुशंसा

**निज संवाददाता** | पटना



केंद्र सरकार ने बिहार सरकार से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर दिए जाने वाले पद्म अवार्ड से संबंधित अनुशंसा आमंत्रित की है। राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर अपनी अनुशंसा हर हाल में 15 सितंबर तक मुहैया करा दें। पद्म अवार्ड नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा, सामाजिक कार्य, शिक्षा, नृत्य, कला-संस्कृति, खेल, सामाजिक जीवन, स्वास्थ्य समेत अन्य उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। केंद्र सरकार की ओर से बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को लिखे पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार अपने स्तर पर संबंधित क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्ति संबंधित सिफारिशें हर हाल में 15 सितंबर तक केंद्र सरकार को मुहैया करा दें। पत्र में कहा गया है कि जिस भी व्यक्ति की सिफारिश पद्म अवार्ड के लिए की जा रही है, उसके संबंध में कम से कम आठ सौ शब्दों में विस्तार से जानकारी भी दें। संबंधित किस क्षेत्र में अपनी कला, संस्कृति, सामाजिक कार्य या फिर अन्य प्रक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है।

# छठा चरण : बिहार में 58.47 फीसदी हुई वोटिंग

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार में कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण की आठ सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। शाम 6 बजे तक वाल्मिकीनगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा सीटों पर 58.47% वोटिंग हुई। यह 2019 की तुलना में तीन फीसदी कम है। इन आठ सीटों पर कुल 86 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। छठे चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत इवीएम में कैद हुई, उनमें वैशाली से वीणा देवी व मुन्ना शुक्ला, महाराजगंज सीट से भाजपा के जनार्दन सिंह सीग्रीवाल व कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश सिंह, पूर्वी चंपारण से पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, पश्चिमी चंपारण से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, शिवहर से पूर्व सांसद लवली आनंद के नाम हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए 14,872 बूथ बनाये गये थे, हर बूथ पर औसतन 1004 मतदाताओं के वोटिंग की व्यवस्था की गयी थी। मतदान के लिए कुल 17846 बैलेट यूनिट और 17846 कंट्रोल यूनिट जबकि 19334 वीवीपैट का आवंटन किया गया था। साथ ही शहरी क्षेत्र में 1281 जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 13591 बूथ स्थापित किये गये थे। आयोग द्वारा 7660 बूथों से वेबकास्टिंग की गई। प्रति बूथ औसतन 1004 मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था की गयी थी।

## झारखंड में 61.41 फीसदी हुई वोटिंग

**निज संवाददाता** | रांची

झारखंड की चार लोकसभा सीट गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर पर वोटिंग खत्म हो गई है। अब मतदान केंद्र पर लाइन में खड़े लोग ही वोट डाल रहे हैं। शनिवार को जिन चार सीटों पर चुनाव हुए, वहां कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। झारखंड में कुल 61.41 फीसदी वोटिंग हुई है। झारखंड के चार सीटों में सबसे अधिक वोटिंग गिरिडीह में 64.75% तो रांची में सबसे कम 58.73% वोटिंग हुई। इसके अलावा धनबाद में 58.90% और जमशेदपुर में 64.40% वोटिंग हुई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने रांची में मतदान किया। राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने रांची में मतदान किया। वहीं जमशेदपुर में बूथ संख्या 288 पर ईवीएम खराब होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। अगर इन चार सीटों पर नजर डालें तो रांची लोकसभा सीट में कुल 21 लाख से अधिक मतदाता है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। बीजेपी ने यहां मौजूदा सांसद संजय सेठ को टिकट दिया है। कांग्रेस ने युवा चेहरे यशस्विनी सहाय पर भरोसा जताया है।

## डिग्री कॉलेजों की हाजिरी हर माह शिक्षा विभाग को जाएगी

**निज संवाददाता** | पटना

राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत डिग्री कॉलेजों की हाजिरी की रिपोर्ट हर माह शिक्षा विभाग के पास जाएगी। इसी आधार पर विभाग की ओर से सीधे विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के खाते में वेतन का भुगतान होगा। इस नयी व्यवस्था को लागू करने की विभाग की तैयारी अंतिम चरण में है। इस बाबत विभाग की ओर से हर विश्वविद्यालय और कॉलेज के प्राचार्यों को 27 मई तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। मालूम हो कि पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत शिक्षा विभाग सभी विश्वविद्यालयों को अनुदान राशि भेजता है। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से अपने और उनके अधीनस्थ कॉलेज के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के खाते में वेतन राशि का भुगतान किया जाता है। इस व्यवस्था को विभाग ने बदलने का निर्णय लिया है। इसी आलोक में विभाग ने एक नया पोर्टल भी बनाया है, जिसके माध्यम से सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का हर माह की हाजिरी की विवरणी विभाग को प्राप्त होगी। पोर्टल का उपयोग किस तरह से करना है, कौन-कौन सी जानकारी देनी है, इस तरह की जानकारी के लिए विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों और कॉलेज के प्राचार्यों को विभाग ने बुलाया है।

पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और शिक्षाविद डॉ.रासबिहारी सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से सीधे विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के शिक्षकों को वेतन-पेंशन की राशि का भुगतान करने की व्यवस्था लागू करना सुधार का कदम नहीं होगा। यह विश्वविद्यालयों की गरिमा को धूमिल करेगा और उसकी विश्वसनीयता को भी कमजोर करेगा। पूर्व से चली आ रही व्यवस्था ही बनी रहनी चाहिए। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन को भी चाहिए कि वह वित्तीय मामलों में पूरी पारदर्शिता बरते। उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर विभाग को भेज दे।

### झारखंड और उत्तर प्रदेश में यह है व्यवस्था

विश्वविद्यालयों और उसके अधीन कॉलेजों को वेतन भुगतान का माध्यमिक विभिन्न राज्यों में अलग-अलग है। झारखंड में राज्य सरकार संबंधित विश्वविद्यालयों को राशि देती है। इसके बाद विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षकों-कर्मियों के खाते में वेतन राशि का भुगतान होता है। वहीं, उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा निदेशक के माध्यम में विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के शिक्षकों और कर्मियों के खाते में सीधे वेतन भुगतान होता है।

## दिव्यांग मतदान कर्मियों अधिकारियों का प्रशिक्षण कल से

**पटना (नि.सं.)।** पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा चुनावों के लिए दिव्यांग मतदान दल और सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सोमवार को होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय यारपुर गर्दनीबाग में चलेगा। इसमें 120 दिव्यांग मतदान दल, सेक्टर अधिकारी समेत कुल 437 अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अपने आदेश में डीएम ने कहा कि पहले चरण का प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है। दूसरे चरण के प्रशिक्षण में इसके लिए कुल 38 ईवीएम और वीवीपैट मशीन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।


BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com


राजभवन में सिक्किम दिवस का किया गया आयोजन

## सिक्किम की संस्कृति, प्रकृति और विचार भारत के ही हैं : राज्यपाल

**निज संवाददाता** | पटना



राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित सिक्किम के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिक्किम ने काफी प्रगति की है और हमें इसपर गर्व है। सिक्किम की सरकार एवं प्रशासन के साथ वहां के लोगों के सहयोग के कारण यह राज्य देश का पहला जैविक प्रदेश बन सका और आज पूरी दुनिया इसकी सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि सिक्किम का प्राकृतिक सौन्दर्य अत्यन्त मनोहारी है और वहां के लोग इसे संरक्षित एवं संवर्धित करने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। सिक्किम के लोगों की भांति दृढ़निश्चयी एवं तत्पर होकर हम भी अपने प्रदेश को सुंदर और सुविकसित बना सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि सिक्किम की संस्कृति, प्रकृति और विचार भारत के ही हैं। हमारा देश और हमारी संस्कृति एक है और इसी कारण भारत श्रेष्ठ है। हमारे देश के विभिन्न राज्यों की अलग-अलग संस्कृति भारतीय संस्कृति के ही अलग-अलग रंग हैं और वे एक साथ मिलकर इन्द्रधनुषी सुंदर भारतीय संस्कृति का निर्माण करते हैं। अपने देश की इन विविधताओं के बीच की एकता को हमें बनाए रखने की आवश्यकता है। पूरे देश के सभी लोग आपस में भाई-बहन हैं और इस विचार को लेकर आगे बढ़ने पर भारत आगे बढ़ेगा। बिहार में रहनेवाले सिक्किम के लोगों का इस राज्य के विकास में योगदान होना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सिक्किम की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सिक्किम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के वीडियो संदेश का प्रसारण तथा सिक्किम पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले सिक्किम के छात्र-छात्राएं, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाबोधि मंदिर निर्माण की शुरुआत अशोक ने की, गुप्तकाल में मिला वर्तमान स्वरूप

**बोधगया।** 27 जून 2002 बोधगया और बौद्ध जगत के लिए एक अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन यूनेस्को ने बोधगया महाबोधि मंदिर व उसके परिसर के अन्य धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज के रूप में अधिसूचित किया था। यहां पर सम्राट अशोक ने 260 ईपू में एक छोटे विहार का निर्माण करवाया था। इसके चारों ओर ईंटों की एक रेलिंग थी। कनिंघम को वर्तमान मंदिर के धरातल की मरम्मत के क्रम में पश्चिमी व दक्षिणी दीवार के पास नींव की ईंट मिली थी, जो अशोककालीन है। उस बोधिमंडप की छत खुली थी व उसके आगे चार अर्द्ध स्तंभ थे, जिसके बीच में वज्रासन व पीछे बोधिवृक्ष था। 1780 का महाबोधि मंदिर का पहला स्केच 1882 का कनिंघम द्वारा मंदिर का रेस्टोरेशन वर्तमान में महाबोधि मंदिर गुप्तकालीन है वर्तमान मंदिर वर्तमान मंदिर का निर्माण गुप्त काल में माना जाता है। पटना के कुम्हरार की खुदाई के दौरान प्राप्त गुप्तकालीन मिट्टी की एक मुहर पर महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति खुदी हुई है। यह पटना संग्रहालय में संरक्षित है। इसके अलावा बोधगया के महानाम अभिलेख में 588-89 के कुछ पहले मंदिर बनवाने का उल्लेख है। 10वीं सदी में पाल काल में परिसर में वोटिव स्तूप सहित अन्य स्मारकों को निर्माण हुआ। यह है मंदिर की वास्तुकला सतह से 25 फुट नीचे, वर्तमान मंदिर 50 फुट चौड़े चबूतरे पर खड़ा है, जिसकी उंचाई 20 फुट है। इसपर सीधी रेखा का एक शुंडाकार भव्य शिखर है, जिसमें कई मंजिलें हैं। प्रत्येक मंजिल पर चारों ओर ताखों की पंक्तियां हैं। जिसमें कभी बुद्ध की मूर्तियां रही होंगी। शिखर की उंचाई लगभग 165 फुट है। शिखर का शीर्ष आमलक से मंडित है व उपर एक छत्र सुशोभित है, जिसपर 2013 में स्वर्ण आवरण लगाया गया। शिखर के अग्रभाग में रोशनी के लिए भालाकाराग्र लंबी खिड़की है। मुख्य गर्भगृह के चारों कोने पर सामान्य आकार के लघु शिखर युक्त देवालय है। इसके कारण यह पंचायतन मंदिर का रूप प्रस्तुत करता है। गर्भगृह में बुद्ध की काले पत्थर की विशाल भूमिस्पर्श मुद्रा में मूर्ति है। मंदिर का प्रवेश पूर्वाभिमुख है। पहली मंजिल पर तिथियों में जीर्णोद्धार 1035 म्यांमार के राजा साडो मेंग 1095 म्यांमार के राजा क्यानजित्था 1157 शिवालिक के शासक अशोकबल्ल 1167 म्यांमार के राजा लेत्यामेंगनाम 1258 म्यांमार के राजा मिंडी 1810-11 म्यांमार के राजा बोडावपाया 1877 म्यांमार के राजा मिनडोन मिन 1880-84 ब्रिटिश सरकार कनिंघम सहित अन्य 1953-56 भारत सरकार एएसआई ने किया 1974-77 रॉयल थाई वट व थाई श्रद्धालु 2002-08 बीटीएमसी एएसआई ने किया

### मादक पदार्थ की खरीद और बिक्री में फरार शख्स धराया

**गया।** डेल्हा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाला एक धंधेबाज सागर कुमार को पकड़ा है। सागर थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा का रहने वाला है। पांच दिन पहले छापेमारी में सागर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। थानाध्यक्ष ने बताया कि 18 मई को धनिया बगीचा के रेलवे क्वार्टर में मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री किये जाने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। उस समय धनिया बगीचा का रहने वाला राकेश कुमार को 1.76 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। लेकिन उसके साथ रहा एक युवक भागने में सफल हो गया था, जिसे मंगलवार की शाम धर दबोचा गया।

### हीट वेव को ले कार्यशाला जागरुकता पर दिया बल

**टनकुप्पा।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने हीट वेव से बचाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बीडीओ अलीशा कुमारी शामिल रही।आपदा प्रबंधन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से लू से बचाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी। लू लगने के लक्षण, प्राथमिक उपचार से लेकर अस्पताल तक पहुंचाने की जानकारी जनप्रतिनिधियों को मिली, साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को लू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। मौके पर अलीशा कुमारी, बलराम कुमार, धनंजय कुमार, सहित सभी पंचायत के मुखिया, सरपंच आदि जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों को करें जागरूक

**गया।** गया कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर शिक्षा विभाग के बीएड प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मध्य विद्यालय रामपुर में पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों के बीच जानकारी साझा की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज, अभिषेक कुमार और इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. आर एन प्रियादर्शनी ने प्रशिक्षुओं की ओर से पौधा भेंट किया। उसके बाद प्रशिक्षुओं और विद्यार्थियों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की और कई पौधे भी लगाए। प्रशिक्षुओं से जानकारी साझा करते हुए डॉ. धीरज ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरणीय असंतुलन जैसी वैश्विक समस्याओं से समाधान का एकमात्र विकल्प पर्यावरण संरक्षण ही है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के कारण आज पर्यावरणीय संकट न सिर्फ भारत बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक चुनौती बन गया है। ऐसे में इन छात्रों को जागरूक करना आवश्यक है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही पर्यावरण को संतुलित रख सकता है। वृक्षों के रोपण के साथ-साथ उनका देखभाल करना भी जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने किया।

### ई-रिक्शा में ट्रक ने मारी ठोकर, दो लोग गंभीर

**आमस।** थानाक्षेत्र के करमडीह मोड़ के समीप बुधवार को एक ट्रक ने सवारियों से भरी ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत दो सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक घायल चालक संतोष चौरसिया गुरुआ थानाक्षेत्र के करताही गांव का रहने वाला है। जिसका एक दाहिना हाथ टूट गया। जबकि इसपर सवार आमस के तिलैया गांव निवासी पवन मांझी और संजू देवी भी गंभीर रूप से घायल हैं।

### गया जंक्शन से चोरी के मोबाइल के साथ एक धराया

**गया।** रेल थाना की पुलिस ने गया जंक्शन से एक युवक को चोरी की मोबाइल के साथ पकड़ा है। पकड़ा गया प्रशांत कुमार बेलागंज थाना क्षेत्र के कचनावा वार्ड नं चार का रहने वाला है। रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चाकंद थाना क्षेत्र के चमंडी के रहने वाले संतोष कुमार ने मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तत्काल की गई कार्रवाई में प्लेटफार्म नंबर छह के दिल्ली छोर से प्रशांत को चोरी की मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया।

### नालंदा में आज चिराग, उमेश और रामनाथ ठाकुर करेंगे जनसभा, प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में मांगेंगे वोट

**नालंदा।** एनडीए के जदयू उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में लगातार दूसरे दिन लोजपा (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान नालंदा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर भी जनता को साधेंगे। नालंदा में 1 जून को मतदान होना है। मतदान में महज अब कुछ दिनों का ही समय रह गया है। ऐसे में अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में राज्य से लेकर केंद्र स्तर तक के नेता चुनावी प्रचार में जुट गए हैं। एक दिन पहले ही लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास सुप्रीमो चिराग पासवान हिलसा के हाई स्कूल चिकसौरा के खेल मैदान में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। आज नालंदा के अस्थावां प्रखंड के पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट कृषि विभाग के मैदान में 2 बजे चिराग पासवान, उमेश सिंह कुशवाहा और रामनाथ ठाकुर एनडीए प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। कौशलेंद्र कुमार लगातार चौथी बार नालंदा से जदयू के टिकट पर अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



# सड़क के लिए वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

## पगडंडियों के सहारे करनी पड़ती आवाजाही, नदी पर पुल बनाने की लोग कर रहे मांग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के रहुई प्रखंड अंतर्गत उतरनामा पंचायत के 2 वार्डों में सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों ने इस बार वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। शनिवार को ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए गांव के बाहर एक बैनर लगाया है। जिसमें यह लिखा है कि ग्राम सुलेमानपुर धर्मसिंह बीघा के देवी स्थान के लिए रोड नहीं तो वोट नहीं।

**देवी स्थान तक जाने के लिए नहीं है सड़कः** ग्रामीणों का कहना है कि गांव से देवी स्थान तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है। जिसके कारण शादी-विवाह के मौके पर दूल्हा-दुल्हन को पैदल ही पगडंडियों का सहारा लेकर देवी स्थान जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो यह समस्या और भी ज्यादा विकराल हो जाती है। सावन के महीने में देवी स्थान पूजा-पाठ करने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिसलन भरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है।




**मूलभूत सुविधाओं का अभावः** ग्रामीणों का कहना है कि सुलेमानपुर गांव के वार्ड नंबर-2 और वार्ड नंबर-3 में नली गली का भी काम नहीं हुआ है। जिसके कारण जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दोनों वार्ड मिलाकर करीब 900 लोगों की आबादी गांव में रहती है। जो मूलभूत सुविधाओं से अब तक वंचित है।

**दादर नदी पर पुल बनाने की मांगः** ग्रामीणों ने कहा कि अगर दादर नदी पर पुल का निर्माण हो जाता तो उन्हें रहुई बाजार जाने में दूरी कम हो जाएगी। अभी गांव के लोग पेशौर होकर रहुई बाजार जाते हैं। इस दौरान 3 किलोमीटर दूरी पड़ती है। अगर दादर नदी पर पुल निर्माण हो गया तो यह दूरी घटकर एक किलोमीटर में सिमट जाएगी। इसके अलावे अगर यह पुल बन जाता है तो नदी के उस पार खेत-खलिहान जाने और सिंचाई का साधन भी पक्का हो जाएगा। कई बार इन बातों को लेकर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर जिले की जनप्रतिनिधि तक ने संज्ञान नहीं लिया।

# नक्सलियों ने पर्चा छोड़ा, उचित मजदूरी की रखी मांग

निज संवाददाता। गया

गया के इमामगंज पुलिस अनुमंडल के मैगरा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी संगठन ने नक्सली पर्चा चस्पा कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। चंदरिया गांव के पास नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने हाथ से लिखा हुआ पोस्टर छोड़ा है। पर्चे में बीड़ी पत्ता के ठेकेदार और मुंशी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। हालांकि इस मामले में मैगरा थाना पुलिस का कहना है कि पर्चा उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। लेकिन फोटो हमारे पास पहुंचा है। उन्होंने बताया कि यह किसी नक्सली संगठन का नहीं बल्कि किसी असामाजिक तत्व का काम है। पुलिस दोनों एंगल से इसकी जांच कर रही है। इधर, नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने पर्चे में गरीब मजदूर के समर्थन में उनकी उचित मजदूरी की बात की है। बीड़ी पत्ता के मजदूर महिला पुरुष को मजदूरी 800 रुपए प्रति सैकड़ों भुगतान करने की बात कही है। प्रत्येक मजदूर को



कपड़ा, चावल, दवा आदि भी देने की बात कही गई है। कड़कड़ाती धूप में जंगल पहाड़ों में पसीना बहाने वाले मजदूर की मजदूरी काटने वाले मैनेजर ठेकेदार मुंशी को दंडित करें। इसके अलावा काले कानून भ्रष्टाचार से शोषण घूसखोरी, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ क्रांतिकारी मजदूर किसान संघर्ष तेज करने की बात पर्चे में की गई है। फर्जी मुकदमा लगा कर गरीब जनता के ऊपर पुलिसिया दमन चलाना बंद करने की बात लिखी हुई है। इधर, इस संबंध में इमामगंज डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा नक्सली पर्चा बरामद नहीं किया गया है। पर्चा गिराने में नक्सली या सामाजिक तत्व का हाथ है। इस बात की जांच की जा रही है।

# बच्चे समर कैंप में बन रहे हुनरमंद, बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला व राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जाएंगे

निज संवाददाता। नालंदा

शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरू कहलाने वाला नालंदा के बच्चे अब खेल-कूद में भी काफी आगे बढ़ रहे हैं। हरनौत बाजार के डाकबंगला रोड में स्थित फुटबॉल स्टेडियम में समर कैंप शुरू किया गया है। 22 जून तक चलने वाले समर कैंप में ऐथ्लैटिक्स के विभिन्न इवेंट में अपने विरोधियों को मात देने का हुनर बच्चों को सिखाया जाएगा। अच्छी बात यह भी कि समर कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को जिला और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। समर कैंप का संचालन कर रहे राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी सह कोच कुंदन कुमार पांडेय ने बताया कि समर कैंप में जिले के विभिन्न जगहों के करीब 150 छात्र-छात्राएं शामिल। इनमें 8 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के छात्र और छात्राएं हैं।

**सुबह 5 से 7 बजे तक प्रशिक्षणः** कोच कुंदन बताते हैं कि समर कैंप में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन सुबह 5 से लेकर 7 बजे तक लॉंग जम्प, हाई जम्प, भाला फेंक (जैबलिंग) समेत विभिन्न खेलों की बारीकियां बतायी जा रही हैं। कैंप में हिस्सा ले रहे बच्चों में खेल के प्रति काफी उत्साह भी दिख रहा है। उन्होंने बताया कि समर कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में जिला एवं स्टेट लेवल पर चयन किया जाएगा।

**150 छात्र-छात्राएं शामिल**



**अलग-अलग ग्रुप में प्रशिक्षणः** समर कैंप में बच्चों को अलग-अलग ग्रुप में बांटकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें लांग जंप, गोला फेंक, दौड़, जैबलिंग समेत अन्य खेलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद बच्चे ऐथ्लैटिक्स फेडरेशन ऑफ नालंदा या बिहार से जुड़कर जिला, राज्य व राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। कोच कुंदन पांडेय ने कहा कि बच्चों को प्रशिक्षण देने में सुंदर कुमार, झंडू कुमार, अभय कुमार, उन्नति पटेल, अमित पांडे, अंजू कुमारी, सीमा कुमारी, अंश कुमार चौधरी, ओम प्रकाश पटेल, श्याम कुमार भी सहयोग दे रहे हैं।

# नदी में गड्ढा खोदकर पानी पी रहे ग्रामीण

## नल जल योजना का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, फूल बिगहा गांव तीन ओर से पहाड़ों से है घिरा

निज संवाददाता। गया

गया में इन दिनों जिले के मोहड़ा प्रखंड क्षेत्र में पानी बड़ी समस्या उभर कर सामने आई है। लोगों को पीने के लिए पानी नदी से लाना पड़ रहा है। नदी में गड्ढा खोदकर गंदे पानी पीने को गांव के लोग विवश हैं। ग्रामीण नदी के गंदे पानी से ही अपना गुजारा कर रहे हैं।

**गर्मी में हमेशा पेयजल की समस्या बनी रहती हैः** गौरतलब है की उत्तरी कजुर पंचायत के वार्ड संख्या-4 फूल बिगहा में नल योजना के तहत बोरिंग की गई थी। उसका लाभ ग्रामीणों को अब तक नहीं मिला है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने यहां पानी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की, लेकिन सरकारी कर्मियों की लापरवाही के कारण भीषण गर्मी में गांव में लोगों के साथ जानवरों के



लिए भी पेयजल की समस्या हो गई है। फूल बिगहा गांव तीन साइड से पहाड़ से घिरा हुआ है। गर्मी के दिनों में यहां हमेशा पेयजल की समस्या रहती है। पंचायत से नल जल योजना संचालित होने के कारण उक्त समस्या पर विराम लगा था, लेकिन जब से नल जल योजना की कमान पीएचईडी विभाग को मिली है। उनके अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग पेयजल की समस्या झेलने को मजबूर हैं।

**कई बार अधिकारियों से संपर्क किया गयाः** इसका खुलासा तब हुआ जब समाजसेवी पप्पू यादव गांव में लोगों से मिलने गए। उन्होंने बताया कि गांव के लोग मंगुरा नदी में गड्ढा खोद कर अपने लिए और मवेशियों को पानी लाकर पिला रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी पीएचईडी के जेई को देनी चाही। पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र भारती ने बताया कि नल जल योजना सुचारू ढंग से चलाने के लिए मैंने कई बार विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया है। विभाग के जेई जनप्रतिनिधियों का कॉल उठाना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। नदी से पानी पीने का मामला जब सोशल मीडिया में आया तो नीमचक बथानी एसडीएम गोपाल कुमार ने संज्ञान लेते हुए पीएचईडी विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई है। उन्होंने इस समस्या का तेजी से निदान करने की बात कही है।

# नालंदा में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी करेंगे जनसभा

## भाकपा माले प्रत्याशी के पक्ष में बिन्द और चण्डी में मांगेंगे वोट

निज संवाददाता। नालंदा

नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज नालंदा के दो स्थानों पर जनसभा को संबोधित करेंगे। नालंदा लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर संदीप सौरव के पक्ष में चुनावी सभा करने आएंगे। डॉ संदीप सौरभ के नामांकन के बाद पहली बार तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी नालंदा आ रहे हैं। दोपहर 12 बजे तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी बिन्द हाई स्कूल में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 2 बजे चण्डी हाई स्कूल के मैदान में दोनों नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। लगातार इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी डॉक्टर संदीप सौरभ द्वारा नालंदा



के विभिन्न प्रखंडों में घूम-घूम कर समर्थकों के साथ जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। लगातार तीन दिनों तक भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य नालंदा में रहकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में आम लोगों से वोट करने की अपील कर चुके हैं। नालंदा में सातवें चरण यानी 1 जून को मतदान होना है। ऐसे में अब कुछ दिन ही वोटिंग को लेकर रह गए हैं। अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में गठबंधन के नेता वोटरों को गोल बंद करने में जुट गए हैं।

# हर मतगणना कक्ष में होगी 14 टेबल

निज संवाददाता। गया

लोकसभा मतदान की मतगणना 4 जून को निर्धारित है। गया लोकसभा के मतों की गिनती 6 से 8 घंटे के बीच पूरी हो जाएगी। इसी के साथ फाइनल रिजल्ट भी आ जाएगा। गया लोकसभा के तहत 6 विधानसभाएं आती हैं। उन 6 विधानसभा के मतदाताओं के मतों की गिनती गया कॉलेज में 4 जून को होने जा रही है। गया कॉलेज परिसर के अंदर शेरघाटी, गया टाउन और बेलागंज विधानसभा की मतगणना मानवीकी भवन में होगी। इसके अलावा बाराचट्टी, बोधगया विधानसभा का मतगणना वाणिज्य भवन में होगा। मतों की काउंटिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। मतगणना सहायकों के लिए प्रत्येक मतगणना कक्ष में अलग-अलग 14 टेबल की व्यवस्था की गई है। शेरघाटी, गया टाउन और बेलागंज विधानसभा की मतगणना मानवीकी भवन में की जाएगी। इसके अलावा बाराचट्टी, बोधगया विधानसभा की मतगणना वाणिज्य



भवन में होगी। वजीरगंज विधानसभा की मतगणना मनोविज्ञान भवन में होगा। ETPBS और पोस्टल बैलेट की मतगणना जिम्नाजियम हाल में होगी। डीएम डॉ त्यागराजन ने बताया कि सहायक निर्वाचि अधिकारी और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि मतगणना कार्य में पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी सहायक निर्वाचि पदाधिकारी के साथ अतिरिक्त दो-दो पदाधिकारी भी टैग किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी SOP के अनुरूप EVM काउंटिंग का कार्य पूरा करवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक EVM को लाने के लिए एक पदाधिकारी नामित रहेंगे।

# राजगीर, नालंदा और हरनौत उपडाकघर में खुलेगा डाक निर्यात केंद्र

निज संवादाता। नालंदा

ज्ञान की धरती नालंदा अब धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के मामले में अपने कदम को आगे बढ़ाते जा रहा हैं। यहां के छोटे और मंझले वर्ग के व्यापारी अपने उत्पाद को विदेशों में निर्यात करने में लगे हुए हैं। पिछले 10 दिनों में नालंदा डाक प्रमंडल में लगभग 20 नए डाक निर्यातक जुड़ गए है एवं अपने उत्पाद और उद्योगों के प्रचार के लिए विदेशी व्यापार से जुड़ते जा रहे हैं। डाक निर्यातक के रूप में जुड़े श्री काली साव अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सिलाव के द्वारा अमेरिका,ताइवान,जापान,हांगकांग आदि देशों में सिलाव का स्वादिष्ट खाजा लगातार भेजा जा रहा है। जिससे विदेशों में रहने वाले लोग यहाँ का जायका का लुफ्त घर बैठे ले पा



♦ व्यापारियों को अपने सामान विदेश भेजने में होगी सहूलियत, अब तक जुड़ चुके हैं 20 व्यापारी

रहे है। वहीँ सवेरा हेल्प राजगीर के द्वारा भी नीदरलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों में अपने उत्पाद भेजे जा रहे है। जिससे यहां के लोगो को काफी फायदा हो रहा है।

**क्या बोले डाक अधीक्षकः** नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल बिहार अनिल कुमार , पूर्वी प्रक्षेत्र भागलपुर पोस्टमास्टर जनरल मनोज कुमार एवं डाक निदेशक पवन कुमार के दिशा निर्देशन में नालंदा मंडल लगातार छोटे एवम मंझौले वर्ग के व्यापारीओ तक संपर्क कर डाक निर्यात केंद्र की सुविधाएं को पहुंचाने में निरंतर लगा हुआ है। इसके फायदे एवं घर बैठे बुकिंग होने से व्यापारियों को राहत मिली है एवं निर्यात के प्रति रुचि बढ़ी है। पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ट्रैकिंग की सुविधा भी व्यापारियों को हो जाती है। नालंदा डाक मंडल निरंतर व्यापारियों को डाक निर्यात केंद्र से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। फिलहाल यह सेवा प्रधान डाक घर बिहारशरीफ के माध्यम से यह दी जा रही है। आने वाले दिनों में यह सेवा राजगीर, नालंदा, एवं हरनौत जैसे उप डाक घरों में भी उपलब्ध होगी।। श्री कुमार ने जिले के सभी पंजीकृत व्यापारियों को डाक निर्यात केंद्र से जुड़ने की अपील के साथ ही 1 जून को नालंदा जिले के सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की है ताकि देश का लोकतंत्र मजबूत हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

- वेयर हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को बिजली की व्यवस्था शुव्यवस्थित करने का निर्देश दिये।



निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा एवं कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक नवादा ने आज संयुक्त रूप से ईवीएम वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा के व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा से संबंधित, सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने वेयर हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को बिजली की व्यवस्था शुव्यवस्थित करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर महेश कुमार पासवान उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रखंडस्तरीय बैठक का आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम हेतु हिसुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि के साथ हुई बैठक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में एक बैठक का आयोजन किया गया। नवादा में लिगल एवर्नेस प्रोग्राम ऑन टॉपिक ऑफ लोक अदालत एण्ड एडीआर सिस्टम मेडिएशन पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श हेतु हिसुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी की ओर से उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग करने का आश्वासन दिये तथा उन्होंने कहा कि ग्रामीणों एवं आम जनता को जागरूकता के लिए लोगों को एकत्रित कर उनको जागरूक किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 13.07.2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से की जाएगी एवं पक्षकारों को सुलह के आधार पर वादों के निष्पादन के लिए प्रेरित की जाएगी।

## अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त कर चार को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला व रजौली थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल 'शलगढ़' में उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापामारी में दो स्थानों पर घने जंगल वाले इलाके में संचालित अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त कर भारी मात्रा में जावा महुआ, शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण व भट्ठी को नष्ट कर दिया।. मौके पर टीम ने करीब 4000 किलो जावा महुआ, मीठा का घोल व करीब 120 लीटर, अवैध महुआ शराब व शराब के उपकरण को आग के हवाले करते हुए महुआ मीठा के घोल को विनिष्ट कर दिया। इस दौरान दो शराब माफिया मौके पर से फरार हो गये जबकि चार को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल का नेतृत्व रूपेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद कर रहे थे। बताया कि गुप्त सूचना मिली की शैलगढ के जंगल में अवैध शराब निर्माण किया जा रहा है, जिसके सत्यापन के बाद अवैध शराब कारोबार करने व करवाने वाले तीन धंधेबाजों को चिह्नित कर चार को गिरफतार कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। शैलगढ़ के घने जंगल में शराब निर्माण कर रहे दो शराब भट्ठियों से चार लोगों को घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया। बताया की सिरदला थाना क्षेत्र के हेमजा भारत गांव के स्व.बिनोद यादव के पुत्र अरविंद कुमार उर्फ मोहन,बसेरिया गांव के कमलेश कुमार,बिपिन कुमार तथा शेरपुर गांव के संजय पासवान, के द्वारा भट्ठी का संचालन किया जा रहा था। इनके द्वारा झारखंड क्षेत्र से मजदूरों को ला कर शराब बनाने के काम में लगाया गया था, जिसमे झारखंड राज्य के गोरदाय, थाना मरगहादा जिला खूंटी के शोभा मुंडा, पिता हरी मुंडा, डाडु मुंडा, पिता गंजू मुंडा, सिगराय मुंडा, पिता दामों मुंडा, कलदडीह, थाना अड़की, जिला खूंटी, झारखंड, वर्तमान पता शेलगढ़, झारखंड राज्य के पकड़ाए वक्तियों के द्वारा बताया गया कि अरविंद उर्फ मोहन,संजय ,कमलेश के द्वारा भट्ठी का संचालन किया जा रहा था जो मौके से भागने में सफल रहा है। इन लोगों पर उत्पाद अधिनियम के धारा 30 ए व 30 सी के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का मुखबिर ही स्थानीय लोगों की मानें तो पुलिस मुखबिर जो शैलगढ के घने जंगल में शराब का मिनी फैक्ट्री लगा रखा था, जिसे उत्पाद पुलिस ने कड़ी मशक्क़त के बाद ढूंढ तो निकाला पर मौके से भागने में सफल रहा।

## जिला जज ने मंडल कारा, का किया निरीक्षण

निज संवाददाता

**नवादा।** सर्वोच्च न्यायालय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर एवं विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा, प्रभारी सी.जे.एम., धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी सरोज कीर्ति ने दिनांक 25.05.2024 को मंडल कारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जेल वार्डो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि बंदियों को नियमित रूप से यह बताना सुनिश्चित करें कि किसी भी बंदी को व्यवहार न्यायालय में विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। जेल अधीक्षक मंडल कारा द्वारा यह भी बताया गया कि मंडल कारा में साफ-सफाई कर फिनाईल, चूना एवं ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया है साथ ही कारा के अन्दर एवं बाहर मच्छरों से बचाव हेतु छिड़काव कराया गया है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जेल प्रशासन को यह निर्देशित किया गया कि बंदियों के रसोईघर के साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें तथा कारा परिसर एवं बंदियों के जगह को नियमित तौर पर सेनेटाईज कराते रहें साथ ही कारा अस्पताल परिसर की साफ सफाई भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि जो बंदी 60 वर्ष या उससे अधिक के हैं, ऐसे बंदियों पर विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर आशुतोष कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कुमारी सरोज कीर्ति, जेल प्रशासन, डिफेंस लॉयर अमन जैन, लिपिक राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## 78 हजार 448 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के छह बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 34 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने बताया आयोजित शिविर में छह उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे, जिसमे सभी छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया।

## 25 लीटर चुलाई शराब के साथ एक बाइक जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग एवं धमनी गांव से उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कुल 25 लीटर देशी महुआ शराब एवं एक बाइक को जब्त किया गया। वहीं मौके से तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार समेकित जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक बड़ी एवं छोटी वाहनों की सघन जांच की जाती है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बीते शुक्रवार को गश्त के क्रम में होंडा एसपी शाइन संख्या बीआर27एन3962 पर लदे 20 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्राहलय दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



निज संवाददाता

**नवादा।** नगर के नारद संग्रहालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर आयोजित संग्रहालय सप्ताह के समापण पर बच्चों के बीच पारितोषिक वितरण समारोह में बी पी एस पब्लिक स्कूल, राम नगर, नवादा का दबदबा क़ायम रहा। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के बीच संभाषण, निबंध, संग्रहालय घूमो और जवाब दो, विरासत पर आधारित क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में बी पी एस स्कुल के बच्चो में प्राची राज, श्रुति कुमारी, श्रेया कुमारी, माही कुमारी, रुक्मणि कुमारी ने पूरे नवादा जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने बताया की ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों के बीच एतेहासिक धरोहरों के बारे में जानने एवं समझने का मौका मिलता है बच्चे सरल और सहज रूप से खेल खेल में बहुत जानकारी प्राप्त कर लेते है जिससे भविष्य में उन्हें इसका लाभ भी मिलता है उन्होंने सभी प्रतिभगियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजक के प्रति आभार प्रकट भी किया। मौके पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

## चोरी की बढ़ती घटना से दुकानदार परेशान

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में बढ़ती चोरी की घटना से लोग दहशत में है। बेखौफ चोर एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केंदुआ की है। रात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर 10 हजार नकदी सहित हजारों के सामानों की चोरी कर इत्मिनान से चलते रहे। केंदुआ निवासी नीतीश कुमार की पान की दुकान है। प्रतिदिन की भांति रात में दुकान बंद कर घर गये थे। रात में चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर सामानों की चोरी कर ली। शनिवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो गुमटी का ताला टूटा देख स्तब्ध रह गया। सूचना तत्काल पुलिस को दी।

## भीषण गर्मियों में बच्चों का स्कूल आना बन रहा खतरनाक, शिक्षकों की बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में गर्मी चरम सीमा पर है,ऐसी स्थिति में स्कूली बच्चों का बेहोश होना आम बात हो गया है। वहीं शिक्षकों को पढ़ाने से ज्यादा चिंता बच्चों की सेहत का सताता रहता है। ताजा मामला सिरोडावर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहदा का है, जहां पढ़ाई करते हुए भीषण गर्मी एवं लू से परेशान तीसरी कक्षा की एक छात्रा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। छात्रा अंशु कुमारी के बेहोश होकर गिरते ही पढ़ा रहे शिक्षक तुरंत पढ़ाना छोड़कर बेहोश बच्ची को जमीन से उठाकर बेंच पर लिटाकर होश में लाने का प्रयास करने लगे।साथ ही छात्रा के बेहोश के होने की सूचना प्रधानध्यापक लालजीत प्रसाद एवं महिला शिक्षिकाओं को मिलते ही वे लोग कक्षा में पहुंच कर बेहोश के चेहरे पर पानी आदि छींटकर होश में लाने का अथक प्रयास किया गया। जब छात्रा थोड़ी होश में आई तो उसे तुरंत रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बीमार बच्चे का प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां आदि देकर घर भेज दिया। वहीं सोहदा के ग्रामीण राकेश यादव, संजय प्रसाद आदि लोगों ने कहा कि पहले गर्मी की छुट्टियां पड़ती थी, तो बच्चे अपनी मां के साथ अपने नानी-घर जाया करते थे।जबकि इस बार भीषण गर्मी एवं बेहताशा लू में भी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आना-जाना पड़ रहा है। इसके कारण आये दिन बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। कभी लू आदि लगने के कारण उल्टी व दस्त का शिकार हो जा रहे हैं, तो कभी गर्मी के कारण बेहोश हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी में स्कूल को कुछ दिनों के लिए बन्द रखना चाहिए। साथ ही कहा कि सरकार को इस विषय में पुनः निर्णय लेने की आवश्यकता है।

## केला, पपीता की खेती के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** किसानों को आय दुगनी हो इसके लिए कृषि विभाग लगातार प्रयासरत है। किसानों को गेहूं, धान के फसल अलावा अधिक मुनाफा वाले फसल लगाने के लिए बीच बीच में प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में खरीफ महा अभियान 2024- 25 के अंतर्गत उद्यान निदेशालय के द्वारा केला, पपीता, आम, नींबू, एप्पल बेर, अमरूद और मशरूम किट लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे किसानों को आय को बढ़ाया जा सके। इस सम्बंध में प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी गोपाल प्रसाद ने बताया कि कृषको के लिए खरीफ महा अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन की प्रक्रिया शुरू है। उन्होंने बताया कि फिलहाल केला, पपीता, आम, मशरूम और मधुमक्खी पालन के लिए ऑनलाइन किया जा रहा है। पपीता और केला के लिए आधा, आधा एकड़ जमीन की आवश्यकता है। मधुमक्खी और मशरूम के लिए ऑनलाइन करने वाले किसानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी ने इच्छुक किसानों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल पर जमा कर योजना का लाभ लेने की सलाह दिया। उन्होंने बताया कि योजना की विशेष जानकारी के लिए ई किसान भवन में प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## 24 घंटे के अंदर 25 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 24 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजति में 01, लूट में 01, पोक्सो में 01, मद्य निषेध में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 21 कुल 25 गिरफ्तारियां हुई। वारंट के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 521 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 63 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## नवादा में सकरी नदी हुई गुम, नीचे चला गया जलस्तर, बालू निकासी ने बढ़ाई परेशानी



निज संवाददाता

**नवादा।** के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को चार चांद लगाने वाली झारखंड से निकलकर गोविंदपुर के रास्ते जिले के बीचो बीच गुजरने वाली सकरी नदी जिले के कतरीसराय-अस्थावां प्रखण्ड होते हुए पटना जिले के टाल क्षेत्र में गुम हो गई है। वारिसलीगंज प्रखण्ड के किसानों के लिए जीवनदायिनी नदी के रूप में पहचान बनाने वाली प्रखंड की एकमात्र सकरी नदी में सिर्फ बरसात में ही पानी रहता है। सरकारी मानक के विपरीत ज्यादा गहराई तक बालू का उत्खनन से नदी को काफी नुकसान पहुंचा है। इस कारण नदी के तल में बची मिट्टी में बड़े- बड़े झाड़ उग गए हैं। इसके सहारे गाद जमा होकर बीच-बीच में टीला हो गया है। फलस्वरूप, नदी ने जंगल का स्वरूप धारण कर लिया है। नदी में नवादा सदर प्रखंड के पौरा के बाद सिर्फ झाड़ ही नजर आता है। बालू की कमी से जल संचय नहीं हो पाता है। इस कारण नदी किनारे वाले ग्रामीण इलाके में भूमिगत जलस्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली को भी सही पोषण नहीं मिल रहा है। सकरी नदी से सरकारी मानक के विपरीत अंधाधुंध बालू उत्खनन से नदी की प्राकृतिक छटा को काफी नुकसान पहुंच रहा है। बरसात में पानी आने पर नदी एक किनारे से होकर छोटी नहर की तरह बहती है। काफी गहराई तक बालू निकासी से नदी क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में जलस्तर में तेजी से कमी हो रही है। जबकि, पौरा से निकली नदी की शाखा नहर के कांश एवं गाद की उड़ाही हो रही है। क्षेत्र के किसानों ने इस मामले में जानकारी दी है। बताया जाता है कि सालों पहले वारिसलीगंज के तत्कालीन विधायक सह बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री बंदी शंकर सिंह की ओर से अपर सकरी जलाशय योजना निर्माण की घोषणा की गई थी। इसका, मकसद था कि नदी में पूरे साल पानी की धारा बहती रहे, लेकिन यह योजना अभी तक अधूरी पड़ी है। पंचायत समिति सदस्य, चकवाय पूर्वी राहुल कुमार कहते है कि वारिसलीगंज का धरोहर सकरी नदी के संरक्षण की जरूरत है, नदी की सुरक्षा और संरक्षा के लिए जमे गाद की निकासी करवाने से यह परेशानी खुद ही खत्म हो जाएगी। अपर सकरी योजना के मूर्त रूप में आने से नदी में पूरे साल पानी रहेगा। अंजनी कुमार, जिला पार्षद, वारिसलीगंज पश्चिमी बताते है कि नदी सरोबर से क्षेत्र को सुंदरता मिलती है। जबकि, पर्यावरण को पोषण मिलता है। नदी को बचाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। बालू की जगह नदी में कांश और गाद भरे पड़े है। जरूरत है कि नदी का जीर्णोद्धार करवाकर किनारों पर वृक्षारोपण करवा जाए। नदी बचेगा तब ही जल स्तर भी बचेगा।

## शिक्षक ने बारह वर्षीय छात्रा से की छेड़छाड़, हुआ अरेस्ट



निज संवाददाता

**नवादा।** नगर परिषद क्षेत्र के बलियारी गांव में एक प्रधानाध्यापक ने अपने ही स्कूल में पढ़नेवाली बारह वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद आरोपी शिक्षक को पकड़कर पहले पूछताछ किया गया और उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीड़िता के पिता रजौली थाना क्षेत्र निवासी ने हिसुआ थाने में लिखित शिकायत में कहा है कि उनकी पुत्री अपने मौसी-मौसी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी। 22 मई को वह जब अपने घर से सुबह 7:00 बजे उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियारी पढ़ने के लिए गई थी तब पानी लाने के बहाने विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवादा थाना क्षेत्र के गोंदापुर निवासी कृष्ण कुमार चौधरी ने उसे अपने ऑफिस में बुलाया और मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसके बाद आरोपित प्रधानाध्यापक ने बच्ची को अपना कपड़ा उतारने की बात कही जिसे पीडित बच्ची ने नकार दिया। अपनी बात ना मानते देख आरोपित शिक्षक ने उसे पैसे की प्रलोभन देने लगा। तभी जब छात्रा नहीं मानी तो वह उसके साथ जबरदस्ती करना चाहा। किसी प्रकार से पीड़िता छात्रा उसके चंगुल से भाग पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताया। बता दें कि यह घटना 22 मई की है। उसके बाद विद्यालय में छुट्टी हो जाने के कारण आरोपित शिक्षक से पूछताछ नहीं हो पाया और जब शुक्रवार को विद्यालय खुला तब पीड़िता के परिजन एवं एवं ग्रामीण शिक्षकों से इस संबंध में पूछताछ की। शिक्षक के द्वारा मामले का खंडन किए जाने पर ग्रामीणों ने डायल 112 को पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हिसुआ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच आरोपी शिक्षक को अपने हिरासत में ले लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष रूपा कुमारी ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। जिसमें आरोपी शिक्षक को हिरासत में लिया गया है। एवं नाबालिक छात्रा के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित के ऊपर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई एवं खबर सुनते ही क्षेत्र के शिक्षक नेताओं का जमावड़ा हिसुआ थाने मे होने लगा। पीड़ित परिजनों को मामले में समझौता करने को लेकर दवाब बनाया जा रहा है।

## हाइवा अनियंत्रित हो पलटा, कोई हताहत नहीं

**गोविंदपुर/ पकरीबरावां (नि.सं.)।** थाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर-बरेव मुख्य मार्ग के बकसोती अबनैया पहाड़ पर शुक्रवार को गिट्टी भरे हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया। यद्यपि हाइवा के पलटने से किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई। घटना में ड्राइवर बाल- बाल बच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाने को दी। अपर थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई क कि अबनैया पहाड़ पर एक हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया है। वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया गया है। उस स्थान पर एक चौकीदार को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। बतादें कि नवादा-जमुई पथ पर अबाध गति से चलने वाले वाहनों से हादसे की प्रबल संभावना बनी रहती है। हाइवा एवं ट्रैक्टर के काफी तेज गति से चलने के कारण हर हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है।

## विधिक मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवादा (नि.सं.)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पुरूषोत्तम मिश्र के निर्देश के आलोक में कौवाकोल प्रखंड परिसर में लिगल एवर्नेस प्रोग्राम ऑन देश टॉपिक ''प्री इंस्टीच्यूशन मेडिएशन एण्ड सेटलमेंट इन कॉमर्सियल डिस्पूट्स'' मेडिटेशन एवर्नेस प्रोग्राम ऑन द प्र श्री राम मेडिएशन ऐज एडीआर मेकैनिज्म का आयोजन किया गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए श्रीराम उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिफेंस अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल ने बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष आधुनिक प्रक्रिया है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटाया करते हैं। सभी पक्ष अपनी इच्छा से सद्भावना पूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं तथा उसे सभी पक्ष अपने विवाद को सही दृष्टिकोण से मापते हैं और वह समझौता सभी पक्षों को मान्य होता है, उसे अपनाते हैं। इस पद्धति के द्वारा विवादों का जल्द से जल्द निपटारा होता है। जो बिना खर्च होता है। यह मुकदमों के झंझट से मुक्त है। साथ ही साथ न्यायालय पर बढ़ते मुकदमें का बोझ भी कम होता है। मध्यस्थता अधिकारीयों निष्पक्ष मध्यस्थता के लिए पूर्णतः प्रशिक्षित होता है। सभी पक्षों को उनके विवादों का हल निकालने में मदद करते हैं। मध्यस्थता एक ढॉंचागत प्रक्रिया है। इसकी अपनी कार्यप्रणाली है। इसके अनुसार मध्यस्थ अधिकारी मध्यस्थता की प्रक्रिया को सभी पक्ष को अवगत कराता है।

## चापाकल से संबंधित समस्याओं के लिये पीएचईडी में करें शिकायत

निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा के आदेश के आलोक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि आपदा/ सुखाड़ के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-210036 है, जिसपर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है, जो निम्नवत हैः- सहायक अभियंता सुश्री ज्योतिस्ना सिंह मोबाइल नंबर 7992280893, कनीय अभियंता प्रखंड नवादा के लिए - श्री प्यारेलाल मंडल मोबाइल नंबर 9199636016, नरहट के लिए- शिव कुमार मोबाइल नंबर 8989163374, हिसुआ के लिए - श्री प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 एवम नारदीगंज के लिए-प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 है। सहायक अभियंताी आशुतोष कुमार मोबाइल नंबर 8544428800, वारिसलीगंज और काशीचक के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार, मोबाइल नंबर 8989163374, कौआकोल एवं पकरीबरामा के लिए कनीय अभियंता प्यारेलाल मंडल, गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर के लिए कनीय अभियंता श्री प्रिंस कुमार जिनका मोबाइल नंबर- 8544428871 है। हिसुआ- दर्ज शिकायत की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 03, अकबरपुर- दर्ज शिकायत की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 04, गोविंदपुर- दर्ज शिकायत की संख्या शून्य एवं मरम्मति की संख्या 02, रोह- दर्ज शिकायत की संख्या शून्य एवं मरम्मति की संख्या 04, कौआकोल- दर्ज शिकायत की संख्या 05 एवं मरम्मति की संख्या 02, काशीचक- दर्ज शिकायत की संख्या शून्य एवं मरम्मति की संख्या।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



सामान उतारने के लिए चढ़े हुए थे घर के रेक पर

# सांप काटने से वृद्ध की हुई मौत



निज संवाददाता

कुदरा (कैमूर)। कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के केवढ़ी गांव में घर के रेक पर एक व्यक्ति जयप्रकाश शर्मा सामान उतारने के लिए चढ़े हुए थे, तभी किसी सांप ने उनके हाथ में काट लिया। उनके घर वालों की ओर से यह जानकारी दी गई है। घर वाले उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लेकर आ रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वह जब अस्पताल पहुंचे, तो इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित किया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सदर अस्पताल भभुआ पहुंचकर शव का कागजी कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल भभुआ में ही पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान कुदरा थाना क्षेत्र के केवढी गांव के स्वर्गीय लाल मुनी शर्मा के 55 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश शर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार तिवारी ने इस मामले में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि कुदरा थाना क्षेत्र के केवढी गांव के जयप्रकाश शर्मा अपने घर के रेक पर किसी सामान को उतारने के लिए चढ़े थे। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उनके उंगली में काट लिया। इसकी जानकारी उनकी ओर से परिजनों को दी गई। इसके बाद हम लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा में अपने रिश्तेदार को भेज कर पता किए कि सांप काटने का इंजेक्शन है या नहीं है। साथ ही घायल को गांव से निजी वाहन के माध्यम से लेकर कुदरा के लिए निकल पड़े। बीच रास्ते में पहुंचे तो पता चला कि वहां पर एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं है। फिर हम लोग सदर अस्पताल भभुआ के लिए निकल पड़े। जैसे ही बस स्टैंड भभुआ के पास पहुंचे तब तक इनका आवाज निकालना बंद हो गया। सदर अस्पताल भभुआ लेकर गए तो चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## संदिग्ध स्थिति में विवाहिता का शव बरामद

निज संवाददाता



भभुआ (कैमूर)। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के सरेवां गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। जब घटना की जानकारी मायके पक्ष को हुआ तो वह ससुराल पहुंचे और भभुआ पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस मृतका के ससुराल पहुंची तो शव को घर में लिटाया गया था और सभी फरार थे। मृतका की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के सरेवां गांव निवासी सुनील बिंद की पत्नी काजल देवी(28) के रूप में हुई है। मृतका के पिता दुर्गावती थाना क्षेत्र के धनेक्षा गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद ने बताया कि 2014 में अपनी बेटी का शादी सुनील बिंद से किया था तब से मेरी बेटी के साथ प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरा करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। मृत विवाहिता के गले में निशान देखे गए हैं। मायके पक्ष के द्वारा शरीर पर कई जगह जख्म होने के भी निशान बताया जा रहा है। अभी मैके पक्ष ने किसी प्रकार का आवेदन थाने को नहीं दिया गया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतका के चाचा जय प्रकाश बिंद उर्फ पंजाबी ने बताया कि मेरी बच्ची के पति का किसी से अवैध संबंध था। जिसे बच्ची विरोध कर रही थी। इस मामले में पुलिस भी घर पर जा चुकी है और पति घर का खर्च चलाने के लिए अपने मायके से पैसा मांगने के लिए बार-बार टॉर्चर कर रहा था। उसके बाद फांसी लगाकर मेरी बच्ची को मार डाला है। उसके शरीर पर भी कई जगह गहरे जख्म के निशान है। हम चाहते हैं कि घटना में शामिल सभी लोगों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। पांच लोगों द्वारा मिलकर हमारी बेटी का हत्या किया गया है। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची थी तो शव को घर में लिटा के रखा गया था। ससुराल वाले फरार थे कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेजा गया है। अभी तक परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सही वोट नहीं करेंगे तो गलत लोग पहुंच जाएंगे संसद : जीतनराम मांझी

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने विपक्ष की हालत को बिना बारात के दूल्हे जैसी बताया है। जहानाबाद में एनडीए की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मांझी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पास ना तो कोई मुद्दा है और ना ही कोई नेता है। जिसके पास कोई नेतृत्व नहीं है, उसे वोट देने से कोई लाभ नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा कि इस चुनाव में अगर वे सही वोट नहीं करेंगे तो गलत लोग संसद पहुंच जाएंगे। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के मखदुमपुर में एनडीए प्रत्याशी चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के समर्थन में शनिवार को चुनावी जनसभा की। अपने संबोधन में मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के हर तबके के लिए काम किया है। उन्होंने गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ उठाकर गरीब आगे बढ़ रहे हैं। मोदी के आने से देश का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी से देश का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा हुआ है। प्रधानमंत्री के नारे अबकी बार 400 पर बोलते हुए कहा कि बहुमत की सरकार सही निर्णय दे सकती है। अच्छा बहुमत मिलने पर सरकार कठोर से कठोर कदम उठा सकती है। अगर आप प्रधानमंत्री को शक्ति देंगे तो कश्मीर का विभाजित हिस्सा भारत का अंग होगा। मांझी ने जहानाबाद से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रत्याशी सुरेंद्र यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आप जेडीयू के चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को नहीं जिताएंगे तो उनके सामने वाला उम्मीदवार जीत जाएगा, जिसका चरित्र आप लोग जानते हैं। गलत लोग संसद में न पहुंचें, इसलिए आप लोग सोच समझकर मतदान करें। मखदुमपुर में एनडीए की चुनावी रैली की अध्यक्षता वार्ड संघ के अध्यक्ष और हम नेता चुन्नू शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया अवधेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम को पूर्व जिला परिषद राजू शर्मा, जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रिंस कुमार केशव, पूर्व जिला पार्षद सुनीता कुमारी, गया जिला के पूर्व जिला परिषद मुकेश शर्मा, वृद्ध समाज सेवी विमल शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं चार चिकित्सकों का वेतन बंद

**अरवल (नि. सं.)**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनभद्रवंशी सूर्यपुर में समय से चिकित्सक नहीं आने और चिकित्सा सेवा बाधित रहने के मामले को सिविल सर्जन डॉक्टर राय कमलेश्वर नाथ सहाय ने गंभीरता से लिया है। शिकायत मिलने के बाद सिविल सर्जन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं चार चिकित्सकों पर कार्रवाई की गयी है। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं चार चिकित्सकों का वेतन बंद करते स्पष्टीकरण मांगा है।

# पांच चरण के चुनाव में हम भारी बहुमत से जीत रहे हैं : मदन मोहन झा

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)**। कैमूर के मोहनिया शहर के दि वैध होटल में कांग्रेस के मदन मोहन झा पहुंचे। इस दौरान मदन मोहन झा ने कहा कि 5 चरण के चुनाव में हम भारी बहुमत से जीत रहे हैं। यह बात बीजेपी भी जानती है। तभी प्रधानमंत्री बार-बार बिहार का दौरा कर रहे हैं। इतना ही नहीं हुआ बिहार में अब तक 9 बार का दौरा कर चुके हैं। आकर छोटे-छोटे बात को बोलते रहते हैं। उनका बयान आया है कि हेलिकॉप्टर से उतरेंगे और लोग जेल जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस तरह का बात बोलना कहीं से भी देश या पार्टी के मर्यादा के दृष्टिकोण से सही नहीं है। केंद्र में सरकार हमारी बनेगी और प्रधानमंत्री अपने आप को मजबूत कह रहे हैं तो वह प्रतिपक्ष में रहेंगे। हम लोग चाहते हैं कि वह मजबूती के साथ हम लोग का विरोध करें। यह उन्हीं द्वारा इंडिकेशन दिया गया है। देश बदलाव की ओर है। हमारे इस जिला से संबंधित तीन लोकसभा क्षेत्र रोहतास, बक्सर और काराकाट की जनता से अपील करते हैं कि तीनों उम्मीदवार को भारी मतों से जीताएं। कार्यकर्ताओं को मैसेज दिया गया है कि इस चुनाव में किसी प्रकार के भूल हो गई हो चाहे कैंडिडेट चूनने में ही क्यों न, उसको भूलकर जो अंग्रेजों के जमाने में गुलाम थे। इस गुलामी की तरफ एक बार फिर हम लोग बढ़ रहे हैं। उसे मुक्ति दिलाने के लिए वोटिंग करें। अगर आप लोग भी कोई न्यूज चला देंगे तो उसके खिलाफ सीबीआई ईडी तुरंत आपके दफ्तर पहुंच जाएंगे। इसलिए इंडिया गठबंधन का सरकार बनना आवश्यक है।

## पुलिस ने हेरोइन के साथ दो तस्करों को दबोचा

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)**। नगर थाने की पुलिस ने सिकठी गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास से दो हेरोइन तस्करों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से 7.560 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। गुप्त सूचना पर नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में गयी पुलिस टीम ने हेरोइन के साथ अखलासपुर के आकाश कुमार व सिकठी निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया। जब पुलिस अफसर सिकठी स्कूल के पास पहुंचे तो तस्कर उन्हें देखकर भागने लगे। पुलिस अफसर व जवानों ने उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने सदर अस्पताल में शनिवार को तस्करों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराते हुए जेल भेज दिया।

# जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी राजेश कुमार की 30 वर्षीया पत्नी चंदा देवी, मोहनिया थाना क्षेत्र के बेलौड़ी गांव निवासी गुदरी राम के 40 वर्षीय पुत्र मुन्ना राम, सबार थाना क्षेत्र के माझियांव गांव निवासी नंदू राम के 32 वर्षीय पुत्र संजय राम, लेवाबांध के विंध्याचल राम शामिल हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया। माझियांव गांव के पास दो बाइक की टक्कर में मझियांव संजय राम व बेलौड़ी के मुन्ना राम घायल हो गए। संजय सबार बाजार से सामान की खरीदारी कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। जबकि मुन्ना राम अपने गांव से बारात करने बाइक से जलालपुर गांव जा रहा था। इसी दौरान दोनों दुर्घटना के शिकार हो गए। सदर अस्पताल से उन्हें रेफर कर दिया गया। दुल्लहपुर गांव के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर चंदा देवी घायल हो गई। वह अपने पति के साथ बाइक पर बैठ रिश्तेदार के गांव घोसिया से शादी समारोह से भाग लेकर अपने घर लौट रही थी।

## सड़क हादसे में किन्नर सहित दो घायल

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। सदर व मोहनियां थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में झारखंड के किन्नर सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में झारखंड के गढ़वा जिला के रमुना थाना क्षेत्र स्थित झुरहा गांव निवासी 28 वर्षीय पूजा किन्नर व रामगढ़ थाना क्षेत्र के भटौनी गांव निवासी विजेंद्र सिंह की 35 वर्षीया पत्नी गीता देवी शामिल हैं। गीता का स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के बाद तथा पूजा को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा दोनों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सिकठी मोड़ के पास बाइक और ई रिक्शा के बीच हुई टक्कर में ई रिक्शा सवार पूजा घायल हो गई।

# काराकाट में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने जनसभा को किया संबोधित

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर के तरार खेल मैदान पर शनिवार को भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने जनसभा को संबोधित किया। भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान से लोकतंत्र है। वोट का अधिकार है, नागरिकों को बराबरी का हक है। RSS संविधान को हटाकर मनुस्मृति लागू करने का प्रयास करता है। यह गुलामी स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि 500 रुपए महीने का किसान सम्मान निधि नहीं बल्कि फसलों पर MSP की गारंटी चाहिए। उन्होंने कहा कि INDIA की सरकार बनेगी तो 500 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। केंद्र सरकार के अधीन आने वाले 30 लाख पदों को भरा जाएगा। एक करोड़ नौकरी देने की व्यवस्था की जाएगी। अग्निवीर खत्म किया जाएगा। स्थायी नौकरियों का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 किलो अनाज हमारी सरकार देगी। महंगाई से गरीबों को राहत मिलनी चाहिए। सालाना आर्थिक मदद प्रत्येक महिला को एक लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि MSP लागू करो। महीने के 500 रुपए का किसान सम्मान निधि योजना का राशि नहीं कानूनी गारंटी दो एमएसपी की। रोजगार का सवाल है। 30 लाख रिक्त पद भरा जाएगा। 1 करोड़ नौकरी की व्यवस्था की जाएगी। केंद्र की सरकार निजी करण कर रही है। यह चलेगा तो न नौकरी मिलेगी न आरक्षण का मतलब रह जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी आरक्षण पर झूठी बहस कर रहे हैं। देश को पता है कि कर्पूरी ठाकुर के जमाने से आरक्षण मुस्लिम को धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सामाजिक आर्थिक पिछड़ेपन की वजह से मिलती है। काराकाट से प्रत्याशी राजाराम सिंह, विधायक फते बहादुर और ऋषि कुमार और उपस्थित रहे।

# लोजपा के रास्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा : जब तक मैं जिंदा हूं तब तक आरक्षण और लोकतंत्र को खतरा नहीं

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि नजदीक आते ही नेताओं का इलाके में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी कड़ी में सदर प्रखंड के भवानीचक-सुरंगापुर हाई स्कूल के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने लोजपा(रा०) राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पहुंचे। जहां सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं तब तक आरक्षण और लोकतंत्र को खतरा नहीं है। चिराग पासवान ने आगे कहा कि महागठबंधन के लोग आप लोगों के बीच भाई बनाकर आपका वोट लेने के लिए आरक्षण खत्म करने का नारा दे रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि गलती से आपलोग अगर महागठबंधन के लोगों को विजय बनाते हैं तो आपका महीने में मिलने वाला 5 किलोग्राम अनाज के साथ-साथ तमाम सरकारी योजनाओं को यह लोग बंद कर देंगे। इतना ही नहीं आपके जमीन और गहने पर भी उनकी नजर है। उसे भी महागठबंधन के लोग ऐसा कानून बना रहे हैं कि टैक्स के माध्यम से हड़प लेंगे। चिराग पासवान ने कहा कि महागठबंधन के लोग किसे प्रधानमंत्री बनाएंगे अब तक घोषणा नहीं किए हैं। लोगों से अपील करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए आप लोग 1 जून को एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के चुनाव चिन्ह तीर छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा राज्यसभा सांसद और जदयू नेता रामनाथ ठाकुर समेत कई एनडीए नेता उपस्थित थे।

## स्कूल में टेस्ट परीक्षा देने गई छात्रा लापता

**जहानाबाद (नि.सं.)**। शकूराबाद थाना क्षेत्र के अईरा गांव की एक छात्रा 12वीं की टेस्ट परीक्षा देने के लिए राम रतन उच्च विद्यालय सच्चई (कुर्था) गई थी जो लापता हो गई है। इस संबंध में छात्रा के भाई विक्की कुमार ने थाने में आवेदन दिया है। अपने आवेदन में उसने उल्लेख किया है कि मेरी बहन 12वीं की टेस्ट परीक्षा देने के लिए 22 मई को राम रतन उच्च विद्यालय सच्चई (कुर्था) गई थीं। जब देर शाम तक नहीं लौटी तो हम लोग खोजबीन करने लगे, काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला।

चिकित्सकों की टीम द्वारा सिविल सर्जन को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत मामले की मेडिकल टीम ने की जांच

निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत मामले की तीन सदस्यीय मेडिकल टीम ने जांच की। सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी के निर्देश पर गठित मेडिकल टीम में डॉ. राम स्वरूप, डॉ. राज नारायण, डॉ. रविंद्र पांडेय शामिल हैं। पूछने पर चिकित्सकों के दल ने गोपनीयता का हवाला देते हुए कुछ भी बताने से परहेज किया और कहा कि जांच रिपोर्ट सिविल सर्जन को सौंपी जाएगी। मालूम हो कि पेट दर्द से पीड़ित भगवानपुर निवासी ललन मल्लाह को उसके परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन, इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। मौत से गुस्साए परिजनों व अन्य ने निजी अस्पताल में जमकर बवाल काटा। इस दौरान झोला छाप डॉक्टर व उसके स्टॉफ की पिटाई भी की। बवाल के दौरान अस्पताल व भगवानपुर में अफरातफरी मची रही। बाद में परिजनों और डॉक्टर के बीच भगवानपुर मुखिया उपेंद्र पांडेय और सरैयां मुखिया उमेश दुबे के माध्यम से डीएसपी शिवशंकर कुमार, चैनपुर थानाध्यक्ष विजय कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर की उपस्थिति में वार्ता हुई, जिसके बाद मामला शांत हुआ था।

## शराब मामले के आरोपितों समेत चार गिरफ्तार

**जहानाबाद (नि.सं.)**। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में पुलिस की चौकसी तेज है। फरार अभियुक्तों और शराब के कारोबारियों को पकड़ने के साथ-साथ सड़क मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिसकर्मियों ने चार लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें शराब मामले के दो और कांडों में वांछित दो आरोपित शामिल हैं।

## चोरी के 10 क्विंटल बिजली के अल्युमीनियम तार बरामद

निज संवाददाता

जहानाबाद। टेहटा थाने की पुलिस ने लोदीपुर गांव स्थित गजेंद्र यादव के घर में छापेमारी कर बिजली के 10 क्विंटल अल्युमीनियम का केबल बरामद किया। छापेमारी का नेतृत्व टेहटा के थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने किया। मौका पाकर आरोपित ऊक्त व्यक्ति भागने में सफल हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन - चार दिन पूर्व चोरों के गिरोह ने टेहटा के ग्रामीण इलाके से बिजली के कई पोल से 11 हजार केवीए का केबल काट लिया था। बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस सक्रिय थी। गुरुवार की शाम गुप्त सूचना मिली कि काटा गया कीमती केबल लोदीपुर गांव के निवासी गजेंद्र यादव के घर में रखा हुआ है। त्वरित कार्रबाई कर जब उसके घर में छापेमारी की गई तो बड़े पैमाने पर बिजली विभाग की चोरी की गई तार बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद केबल करीब 10 क्विंटल है। इस संबंध में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# वन विभाग के गार्ड को लाठी से मार सिर फोड़ा

- जंगल की जमीन में पोखरा खुदाई करने की सूचना विभाग को देने पर पीटा
- अधौरा थाने में दर्ज कराई एफआईआर, पीएचसी में घायल का हुआ इलाज

निज संवाददाता

**अधौरा (कैमूर)**। वन विभाग के कैटल गार्ड पर लाठी से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया। खून से लथपथ अधौरा थाना क्षेत्र के रौता गांव निवासी रामअशीष राम थाना पहुंचा। पुलिस ने उसका इंज्यूरी काट इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया। उसके द्वारा दर्ज कराई गई एफआआर में अपने ही गांव रौता के परमा खरवार पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके गांव की ओर रवाना हुई है। कैटल गार्ड ने थाने में दिए गए आवेदन में कहा है कि रौता गांव का परमा खरवार जंगल की भूमि में पोखरा की खुदाई करा रहा था। यह देख उसने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जब वन विभाग ने जमीन की मापी कराई तो वह भूमि वन विभाग की निकली। तब रेंजर ने पोखरे की खुदाई पर रोक लगाते हुए परमा खरवार को चेतावनी देकर व फटकार लगाकर वहां से भगा दिया। इससे नाराज होकर परमा ने उसपर लाठी से हमला किया। थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

## चार लीटर शराब बरामद

**जहानाबाद (नि.सं.)**। मेहंदिया थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सोहसा मैनपुरा पथ से एक बाइक से चार लीटर देशी शराब बरामद किया गया, जिसके बाद बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मेहंदिया थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि गुरुवार को संध्या गश्ती के दरमयान सोहसा मैनपुरा पथ में संदेह के आधार पर एक बाइक को रुकवाया गया। इसके बाद जब बाइक की जांच की गई तो बाइक से चार लीटर देसी महुआ शराब निकाली। बाइक सवार की पहचान चंदा निवासी मनीष कुमार के रूप में की गई है।

# भभुआ में 45 एवं चैनपुर में 30 वाहनों को लिया गया कब्जे में

- लोकसभा चुनाव कराने के लिए छोटे-बड़े 2323 वाहनों की है जरूरत
- पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस, सीपीएफ, प्रेक्षक को चाहिए वाहन

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा अब वाहनों को जमा कराया जाने लगा है। इससे यात्रियों को गंतव्य स्थानों पर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि चुनाव के लिए यह जरूरी भी है। भभुआ में 45 व चैनपुर में 30 वाहन अब तक अपने कब्जे में लिए गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव में कुल छोटे-बड़े 2323 वाहनों की जरूरत है। चुनाव ड्यूटी करनेवाले सेक्टर मजिस्ट्रेट, पोलिंग पार्टी, पुलिस, सीपीएफ, प्रेक्षक एवं अन्य सभी को वाहन चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी चंदन चौहान चुनाव कार्य के लिए वाहनों को जमा कराने में जुटे हैं। परिवहन विभाग द्वारा शहर के एसवीपी कॉलेज परिसर में वाहनों को जमा कराया जा रहा है, जहां कर्मियों की तैनाती की गई है। जो वाहन ऑपरेटर अपनी गाड़ी खड़ी कर रहे हैं, विभाग द्वारा उनके नाम से लॉक बुक तैयार किया जा रहा। अब तक 45 वाहन जमा कराए गए हैं। लोकसभा चुनाव में प्रशासन द्वारा वाहनों को जमा कराए जाने की प्रक्रिया को देखकर कुछ लोग आवश्यक घरेलू सामानों की खरीदारी अभी से ही करके घरों में रख रहे हैं। रामपुर के विनोद सिंह बताते हैं कि पहले से जरूरी सामान खरीदकर रख लेंगे, तो चिंता नहीं रहेगी। मौसमी बीमारी की दवा, ग्लूकोज पाउडर, किराना सामग्री की खरीदारी कर घरों में रख रहे हैं। व्यवसाई भी बाहर के शहरों से समान मंगा रहे हैं।

## किसे कितने वाहन की जरूरत

जिला परिवहन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, लोकसभा चुनाव में करीब 2323 छोटी-बड़ी गाड़ियों की आवश्यकता है। पोलिंग पार्टी के लिए 1473, सेक्टर के लिए 146, एफएल स्क्वायड के लिए 25, पुलिस के लिए 260, सीएपीएफ के लिए 305, ऑब्जर्वर के लिए आठ, कंट्रोल रूम के लिए 70 तथा अन्य चुनावी कार्य के उपयोग लिए करीब 36 वाहनों की आवश्यकता है। इन जरूरतों को पूरी करने के लिए कोषांग जुटा हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली बिल सुधार कैम्प में 21 उपभोक्ताओं का आया आवेदन

**गड़हनी।** स्थानीय बिजली विभाग कैम्प में आज 21 उपभोक्ताओं का आवेदन बिजली बिल सुधार को ले आया। जिसमे 6 उपभोक्ताओं का ऑन द स्पॉट बिल सुधार की गई व बाकी उपभोक्ताओं का एक से दो दिन में सुधार कर दिया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता पी के राय ने बताया कि जिनका थोड़ा बहुत गलती थी उनका सुधार ऑन द स्पॉट कर दिया गया और जिनका थोड़ा कठिन है उनमें समय लगेगा। उनका भी डिटेल्स निकालकर जल्द ही एक दो दिनों में कर दिया जाएगा। वही कार्यपालक सहायक मधुवेंद्र डूबे ने बताया कि अभी 27 व 30 मई को भी कैम्प लगेगा उसमे भी जिनका बिल गड़बड़ है आकर सुधार करवा सकते है। वही कनीय अभियंता निर्मल राम ने बताया की ये कैम्प बार बार नही लगता है साल में एक बार ही लगता है इसका फायदा उपभोक्ताओं को उठाना चाहिए।

## इंडिया गठबंधन ने गड़हनी में निकाला कैंडिल मार्च

**गड़हनी।** चुनाव को ले छपरा में राजद कार्यकर्ता चंदन यादव व अन्य की आज शाम इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गड़हनी में कैंडिल मार्च निकाला। कैंडिल मार्च राजद राज्य परिसद सदस्य श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में निकाली गई। कैंडिल मार्च के पहले सभी लोगो ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को याद कर श्रद्धांजलि दी। कैंडिल मार्च गड़हनी बागर मोड़ से गोला बाज़ार होते हुए स्टेट बैंक तक निकाली गई। कैंडिल मार्च में मोदी सरकार मुर्दा बाद, माफियाओं को संरक्षण देने बन्द करो, गुंडा शाही नही चलेगी जैसे कई नारे लगा रहे थे। वही राजद नेता श्रीनिवास यादव ने कहा कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर फाँसी दो तभी मृतकों की असली श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, पूर्व जिला परिसद सदस्य शैलेन्द्र राम, मो रमीज़ , मो निक्कू, शाहीन राजा सहित दर्जनों इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

## सोए युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर, रेफर

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के छठिया पोखरा के पास छोटी सी बात पर एक युवक ने दूसरे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में उक्त युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा गया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक पहचान नगर के वार्ड 30 अंतर्गत महादेवदत्त की गली निवासी शिवशंकर गोंड का पुत्र आरसी साह है। बताया जा रहा है कि छठिया पोखरा की बंदोबस्ती करने वाले हरेन्द्र सिंह उसे पोखरा की देख रेख के लिए रखे थे। वह पोखरा के पास बने टीन शेड में रहता था। देर शाम वह उसी टीन शेड में सो रहा था कि पति कुर्मी की गली निवासी भिखारी प्रसाद अचानक उसके उपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को कोई ठोस कारण अबतक सामने नहीं आया है। इस संबंध में जख्मी युवक की मां कुसुम देवी की शिकायत पर डुमरांव थाने में भिखारी प्रसाद के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर कुशवाहा महासंघ करेगा रक्तदान

**बक्सर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कुशवाहा महासंघ की ओर से स्थानीय बाजार समिति रोड स्थित बक्सर पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। स्कूल के निदेशक निर्मल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को सुबह 9 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में कुशवाहा महासंघ के लगभग 150 रक्तदाता स्वैच्छिक और सहर्ष रूप से रक्तदान करेंगे। संघ और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## चौसा नगर पंचायत में निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**चौसा।** आगामी एक जून को बक्सर लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव कराया जाना है। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत चौसा नपं द्वारा स्वच्छता पदाधिकारी मो. अरसद अख्तर व चेयरमैन किरण देवी के नेतृत्व में नपं कर्मियों व वार्ड पार्षदों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। यह रैली विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से नगर पंचायत चौसा कार्यालय से कृष्णापुरी, चौसा स्टेशन, न्यायीपुर, होते हुए रेलवे क्रॉसिंग से वापस नगर पंचायत चौसा कार्यालय पहुंची। इस रैली में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से बताया गया कि आगामी एक जून को लोकसभा का चुनाव है, जिसमे हर लोग अपने बूथ पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करें।इस मौके पर सहायक लोक स्वच्छता एवम अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, पर्यवेक्षक श्रीमन नारायण पाण्डेय, वार्ड पार्षद अंजू कुमारी, प्रभारी प्रधान सहायक सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, विजय राम ,जितेंद्र यादव, तेजू खरवार के साथ अन्य सफाई मित्र शामिल थे।

## सिमुलतला में नामांकन के लिए करें 26 तक आवेदन

**बक्सर।** राज्य का एक एकमात्र सिमुलतला आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर 26 मई तक ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। बता दें कि 10वीं पास छात्र 11वीं कक्षा में नामांकन कराने को लेकर ऑनलाइन आवेदन करेंगे। इस सबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने डीईओ को पत्र भेजा है। जिसके अनुसार सिमुलतला आवासीय विद्यालय में सत्र 2024-26 में 11वीं कक्षा की पढ़ाई के लिए 120 सीटों के विरुद्ध नामांकन के लिए 108 सीट रिक्त हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। काउंसिलिंग के माध्यम से मेधा अंक, आरक्षण कोटिवार व रिक्ति के आधार पर नामांकन होगा। सामान्य वर्ग, ओबीसी व अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए 960 तो अनुसूचित जाति व जनजाति और दिव्यांग के लिए 760 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रवेश परीक्षा 120 अंकों ली जाएगी। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी व बौद्धिक क्षमता 30-30 अंकों की परीक्षा ली जाएगी। सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव पूछे जाएंगे। परीक्षा का जवाब देने के लिए 2 घंटे का समय निर्धारित है। आवेदक की आयु 1 मार्च 2024 को 14 वर्ष होनी चाहिए। बिहार का निवासी होना चाहिए। बिहार में अवस्थित मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

## अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे प्रभु श्रीरामः चौबे

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने भाजपा प्रत्याशी मिथलेश तिवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को कांग्रेस का युवराज कहकर उन्होंने कटाक्ष किया जो अशोभनीय है। बक्सर में चुनाव लड़ रहे हैं मगर उन्हें पूरब और पश्चिम में कौन-कौन गांव है इसकी जानकारी नहीं होगी। भाजपा बाहरी को उम्मीदवार बनाकर बक्सर को गिरवी रखने का काम करते आ रही है। बक्सर के मतदाता भली भांति जान गए हैं कि केन्द्र में एनडीए की सरकार नहीं बनने जा रही है।

## वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 1 लाख रुपए किया जब्त

**सिमरी।** बक्सर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को तिलक राय के हाता ओपी पुलिस द्वारा सिमरी बडका राजपुर पथ पर वाहन जांच में पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से एक लाख रुपये बरामद किया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह द्वारा बताया गया कि बडका राजपुर गांव निवासी राम अवधेश चौधरी अपने बैग में एक लाख रुपये लेकर कही से अपने गांव आ रहे थे। पूछताछ में कोई संतोषजनक जवाब उनके द्वारा नहीं दिया गया। आपको बताते चले की चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति अगर पचास हजार से अधिक रकम लेकर यात्रा करता है तो उसको उचित दस्तावेज संबंधित पदाधिकारी को दिखाना होगा।

# ट्रैक्टर और ऑटो के बीच टक्कर में 6 लोग घायल

### सभी ऑटो से पीरो की ओर जा रहे थे, रास्ते में ट्रैक्टर की वजह से ऑटो अनियंत्रित

निज संवाददाता। आरा



आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर और मिश्रवलिया गांव के बीच शुक्रवार को अनियंत्रित सवारी से भरा ऑटो ट्रैक्टर से टकरा गया। हादसे में ऑटो पर सवार मां-बेटी समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में चार लोगों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी श्री सिंह के 42 वर्षीय पुत्र उमा सिंह, सिकरहटा थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी संतोष यादव की 36 वर्षीया पत्नी मीना देवी, 20 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी और रोहतास जिला के कच्छवां थाना क्षेत्र के समौता गांव निवासी विश्वनाथ साह का 32 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र साह और ऑटो सवार दो अन्य लोग शामिल हैं।

**घायलों का चल रहा इलाजः** उमा सिंह ने बताया कि सभी लोग ऑटो पर सवार होकर पीरो की ओर जा रहे थे। ऑटो के आगे एक ट्रैक्टर था। तभी मलौर और मिश्रवलिया गांव के बीच स्थित मुर्गी फार्म के समीप ट्रैक्टर अचानक घूम गया। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में टकरा गया। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद धर्मेंद्र साह, मीना देवी, पूजा कुमारी और मुझे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जबकि जख्मी दो लोगों का इलाज चरपोखरी पीएचसी में कराया जा रहा है।

# सड़क हादसे में फल व्यवसायी की मौत, शिरडी में फल की करता था सप्लाई

### बेलगाम ट्रैक्टर ने बुलेट सवार को मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा



आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा स्थित होटल के समीप शुक्रवार की रात ट्रैक्टर ने एक बुलेट सवार की युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के मरचैया के डेरा गांव निवासी नंद कुमार यादव का पुत्र नेमधारी यादव है। वह पेशे से फल सप्लायर था। महाराष्ट्र के शिरडी में रहकर अपने छोटे भाई चंद्रमा के साथ फल सप्लाई करने का काम करता था। मृतक के छोटे भाई चंद्रमा ने बताया कि वह 26 अप्रैल को अपने भाई चंदन के साथ वापस गांव लौटा था। गांव आने के कुछ दिन बाद उसका छोटा भाई चंदन वापस शिरडी चला गया। शुक्रवार की देर शाम वह बुलेट से बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव फल सप्लाई के काम से गया था। जब वापस फल के काम के सिलसिले से आरा आ रहा था। उसी दौरान अमराई नवादा स्थित होटल के समीप ट्रैक्टर ने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि वहां से गुजर रही गश्ती पुलिस ने उसे आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

**शव का पोस्टमॉर्टम कराया:** परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक अपने 6 भाई और 4 बहनों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां राजकुमारी देवी, पत्नी प्रतिमा देवी और एक पुत्र आदर्श एवं एक पुत्री खुशी है।

# सोए युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर, रेफर

निज संवाददाता। डुमरांव

♦ आनन फानन में उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा गया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

डुमरांव थाना क्षेत्र के छठिया पोखरा के पास छोटी सी बात पर एक युवक ने दूसरे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में उक्त युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा गया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक पहचान नगर के वार्ड 30 अंतर्गत महादेवदत्त की गली निवासी शिवशंकर गोंड का पुत्र आरसी साह है। बताया जा रहा है कि छठिया पोखरा की बंदोबस्ती करने वाले हरेन्द्र सिंह उसे पोखरा की देख रेख के लिए रखे थे। वह पोखरा के पास बने टीन शेड में रहता था। देर शाम वह उसी टीन शेड में सो रहा था कि पति कुर्मी की गली निवासी भिखारी प्रसाद अचानक उसके उपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को कोई ठोस कारण अबतक सामने नहीं आया है। इस संबंध में जख्मी युवक की मां कुसुम देवी की शिकायत पर डुमरांव थाने में भिखारी प्रसाद के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रधानमंत्री आज बक्सर में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, ट्रैफिक में भी किया गया बदलाव

निज संवाददाता। बक्सर



♦ NH-922 पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

बक्सर में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। NDA प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के लिए प्रचार करेंगे। जिसको लेकर बक्सर के अहिरौली स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर परिसर के पास उनका सभा स्थल तैयार किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा लगातार सभा स्थल का निरीक्षण कर इसको अंतिम रूप देने की कवायदा जारी है। सभा में उमड़ने वाली भिड़ को देखते हुए ट्रैफिक नियम में भी बदलाव किया गया है। ट्रैफिक नियम की जानकारी देते हुए बक्सर के एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा द्वारा बताया गया प्रधानमंत्री के आगमन पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात सुगमता एवं आमजन की सुरक्षा हेतु ट्रैफिक नियम में बदलाव किया गया है। शनिवार को दोपहर 1 बजे से NH-922 पर बलिया बक्सर सीमा एवं प्रतापसागर के पास बड़े एवं भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया जाएगा। 1 बजे से इटाढी तथा चौसा की तरफ से आने वाले वाहनों को ज्योति चौक से आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। ऐसे वाहन होमगार्ड मैदान या आई०टी०आई मैदान या किला मैदान में अपने वाहन खड़े कर सकते हैं। दोपहर 1 बजे के बाद से सभा स्थल के सामने वाले NH-922 के 500 मीटर लंबे हिस्से पर प्रशासनिक एवं आपात सेवा से जुड़े वाहनों के अलावा किसी भी वाहन को रूकने की अनुमति नहीं होगी। शेष वाहन NH-922 पर सभा स्थल से आगे बने पार्किंग स्थलों पर ही खड़े होंगे। इस व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले वाहनों को टोईंग वाहनों से हटवाकर उनसे जुर्माना वसूल किया जाएगा। बता दें कि बक्सर लोक सभा का चुनाव अंतिम सातवें चरण में है। 1 जून को बक्सर लोक सभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसके कारण 29 तारीख के बाद पार्टियों का प्रचार थम जाएगा। इसलिए सभी पार्टी पूरे जोर शोर से अपने चुनाव प्रचार में लगे हैं। बड़े बड़े नेता भी मतदाताओं को गोलबंद करने के लिए पहुंच रहे हैं।

# संपत्ति के लिए छोटे भाई को पीटकर किया जख्मी, बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में चल रहा विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर भाई ने अपने ही छोटे भाई की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी निवासी ब्रह्मदेव यादव का 35 वर्षीय पुत्र चंदेश्वर यादव है।

**पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही हैः** जख्मी युवक की पत्नी किरण देवी ने बताया कि उनके बड़े भाई से संपत्ति बंटवारे को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है और उनका बड़ा भाई जबरन ससुर से हिस्सा ना मांग कर पति से मांग रहा है। जिसको लेकर उनके बीच कई बार कहासुनी भी हुई है। इस विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच फिर कहासुनी हुई। जिसके बाद बड़े भाई ने पिटाई कर दी। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी युवक चंदेश्वर यादव की पत्नी किरण देवी ने अपने भैंसूर विनोद यादव पर मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट की घटना के बाद जख्मी युवक ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# बारात की गाड़ी के नीचे आने से व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता। नावानगर

♦ शादी के दिन दरवाजा बारात लगने के दौरान यह घटना घटित हुई

सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के कड़सर गांव में मंगलवार की रात आई बारात में डीजे की गाड़ी के नीचे दबने से एक बाराती गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार डिहरी गांव निवासी ध्रुप महतो के बेटे की बारात कड़सर गांव निवासी बिहारी महतो के घर आई थी।बताया जा रहा है कि शादी के दिन दरवाजा बारात लगने के दौरान यह घटना घटित हुई। आगे ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि देर शाम बारात द्वारपूजा के लिए जा रही थी। उस दौरान यह घटना घटी।इसकी जानकारी देते ओपी प्रभारी निशा रानी ने बताया की घटना के संबंध में चौकीदार द्वारा बताया गया था।जहां चौकीदार द्वारा जख्मी के मौत की भी सूचना मिली है लेकिन परिजनों द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। जिसके चलते मृतक का नाम और पता नही चल पाया है।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले किसानों का प्रतिरोध मार्च

### बक्सर में मौन होकर दर्ज किया गुस्सा, कहा-मंच से पीएम ने कार्रवाई की घोषणा नहीं की

निज संवाददाता। बक्सर




नरेंद्र मोदी के बक्सर आगमन से एक दिन पहले किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में काली पट्टी बांध अपना मौन प्रतिरोध मार्च निकालकर आक्रोश व्यक्त किया है। चौसा कांड किसानों के घरों में घुसकर लूटपाट करने, बच्चे, बूढ़े और महिलाओं को बेरहमी से पीटने वाले बक्सर जिला के पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों पर अभिलंब मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। न्याय की मांग को लेकर यह मार्च चिलचिलाती धूप में बक्सर के डॉक्टर अंबेडकर चौक से ज्योति प्रकाश चौक होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंचा। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के बैनर के साथ चल रहे सैकड़ों महिला पुरुष किसान अपने गुस्से का इजहार मौन रहकर हाथ में लिए तख्तियों के जरिए अभिव्यक्त किया । तख्ती पर लिखा था 'दम कितना दमन में तेरे देख लिया है देखेंगे' कितनी लंबी जेल तुम्हारी देख लिया है देखेंगे। चौसा थर्मल पावर जमीन अधिग्रहण में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो, चौसा कांड की न्यायिक जांच हो, चौसा के बनारपुर, कोचाढी और मोहनपुरवा के वृद्ध महिलाएं और दूध मुह बच्चे पर जान लेवा लाठी बरसाने वाले को अविलंब गिरफ्तार करो, जिला प्रशासन द्वारा चौसा में दर्दनाक पुलिसिया तांडव पर मोदी नीतीश सरकार मौन क्यों? बक्सर आने पर मोदी जी हमें जवाब दो वरना बक्सर से तुम्हारा जमानत जप्त कर बक्सर का किसान अपना जवाब देंगे। वीर कुंवर सिंह चौक पर मौन मार्च के समापन की घोषणा के साथ किसान नेता दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि चौसा कांड में शामिल सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गिरफ्तारी होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बक्सर पहुंच रहे कल पीएम इस घटना की न्यायिक जांच की कल घोषणा नहीं करते हैं तो बक्सर के भाजपा प्रत्याशी को इस बार यहां के किसान जमानत जब्त करवा कर बदला लेंगे। किसान नेता अशोक सिंह ने कहा कि चौसा जमीन अधिग्रहण में जिला प्रशासन और सत्ता के दलालों द्वारा की गई लूट को दबाने के लिए जिला प्रशासन ने पांच पांच सौ जवानों के साथ हमला कर किसानों को रौंदा ताकि दहशत का ऐसा माहौल बने कि लोग अपना मुंह नहीं खोल सके। श्री सिंह ने यह भी कहा कि मोदी और नीतीश ने कार्रवाई की घोषणा नहीं की तो संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली की तरह बक्सर में लड़ाई का दूसरा केंद्र बनाएगी।

# रेमल तूफान को लेकर बिहार में भी अलर्ट बारिश और तेज हवा चलने की संभावना

- 26 मई को उत्तर बिहार के सभी जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है।



निज संवाददाता

**पटना**। राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिले इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज शाम तक तेज बारिश की संभावना जताई है। इनमें भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया के अलावा सीमांचल का इलाका शामिल है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में उठा साइक्लोन रेमल 26 मई को बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा। इसका असर बिहार में भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवा और बिजली चमकने के साथ-साथ तेज बारिश के आसार है। 26 मई को उत्तर बिहार के सभी जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है। इसमें किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल, अररिया, कटिहार और मधेपुरा समेत कई जिले शामिल हैं। वहीं, दक्षिण बिहार के भी कुछ जिलों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, रेमल एक कमजोर साइक्लोन है। इससे ज्यादा नुकसान होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि 28 मई से हवा का रुख बदलेगा और पछुआ हवा चलेगी। इस वजह से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। प्रदेश के कई जिलों में पिछले तीन दिनों से बारिश के बाद अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे ही दर्ज गई थी। शुक्रवार को बिहार के 9 जिलों का अधिकतम तापमान एक बार फिर से 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। इधर, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवा की वजह से बिहार में शुक्रवार को भी कहीं लू नहीं चली। पुरवैया हवा की रफ्तार कम होने और तेज धूप निकलने की वजह से बक्सर समेत 9 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 42.1 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर रहा। वहीं, पिछले 24 घंटे में मधुबनी, बेगूसराय, शेखपुरा समेत 9 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा मधुबनी के झंझारपुर में 16 एमएम हुई। पटना बिहार में प्री-मानसून सीजन में अबतक 14 फीसदी अधिक बारिश हुई है। शुक्रवार को पटना का अधिकतम तापमान करीब 5 डिग्री बढ़कर 39.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य अधिकतम तापमान है। 25 मई को राज्य के 8 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। लिहाजा यहां का अधिकतम तापमान सामान्य रहेगा। इन जिलों का तापमान 38 से 40 के बीच रहने की संभावना है। बिहार में 13 से 18 जून के बीच मानसून पूर्णिया के रास्ते प्रवेश करेगा। इस बार सामान्य से अधिक वर्षा होने के आसार हैं। वहीं, इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले यानी 19 मई को अंडमान और निकोबार पहुंचा था। इसके बाद अपने नियमित रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। अगर तूफान का असर नहीं पड़ता है तो तय समय यानी 31 मई को मानसून केरल पहुंचेगा और समय से बिहार में भी दस्तक दे सकता है।

## 3 जून को घोषित होगी एडमिशन की तारीख

**पटना (नि.सं.)**। विमेंस कॉलेज (पीडब्ल्यूसी) में नए सत्र 2024-2025 में एडमिशन की प्रक्रिया चालू है। इच्छुक छात्राएं कॉलेज में यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा में एडमिशन के लिए फॉर्म भर चुकी हैं। कॉलेज ने एडमिशन लेने वाली छात्राओं को अपने आखिरी परीक्षा के अंकों को कॉलेज की पोर्टल पर अपडेट करने को कहा है। कॉलेज ने नोटिस जारी करते हुए कहा था कि वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने यूजी/पीजी/पीजी डिप्लोमा/एमसीए के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पटना विमेंस कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कॉलेज की वेबसाइट/पोर्टल पर अंतिम योग्यता परीक्षा के अपने अंक अपडेट करें।

# घर से बाहर बुलाकर छात्र पर चलाई गोली



निज संवाददाता

**पटना**। शुक्रवार की रात करीब 1 बजे एक छात्र पर फायरिंग हुई थी। छात्र को पहले घर से बाहर बुलाया फिर वारदात को अंजाम दिया गया। गनीमत रही कि छात्र को बुलेट छूती हुई निकल गई। पीड़ित की पहचान विपिन भारद्वाज के रूप में हुई है। मामले की सूचना शास्त्री नगर थाने की पुलिस को दी गई। जिसके बाद बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। मामला शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के शिवपुरी की है। पीड़ित छात्र मूल रूप से जहानाबाद का रहने वाला है। शिवपुरी में रहकर पढ़ाई करता है। बताया जाता है कि वह अपने घर से किसी के बुलाने पर बाहर निकला। जिसके बाद तीन की संख्या में आए बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। छात्र ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के डीएसपी साकेत कुमार ने बताया कि यह घटना आपसी विवाद में हुई है। छात्र विपिन के आवेदन पर शास्त्री नगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# गंगा में डूबने से युवक की मौत, लोहरवा घाट पर गंगाजल के लिए पहुंचा था युवक

निज संवाददाता



**पटना**। सिटी में आलमगंज थाना क्षेत्र के लोहरवा घाट पर डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक अभिमन्यु कुमार उर्फ चीनू(14) आठवीं क्लास का छात्र था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अभिमन्यु शनिवार को अपने घर से लोहरवा घाट पर गंगाजल लाने के लिए पहुंचा था। इस दौरान पैर फिसलने से वो गहरे पानी चला गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने की काफी की, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण उसका कुछ पता नहीं चला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आलमगंज थाना प्रभारी ने बच्चे की मौत की पुष्टि की है।

# दानापुर में बिजली पोल के डीपी बॉक्स में लगी आग, कोर्ट परिसर में मचा अफरा-तफरी

निज संवाददाता



**पटना**। दानापुर के सिविल कोर्ट परिसर में तेज धमाके के बाद बिजली के पोल पर लगे डीपी बॉक्स में आग लग गई। आग लगते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। डीपी बॉक्स में लगे तार धू-धूकर जलने लगे। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने बताया कि आग लगने के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। फायर ब्रिगेड की टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यदि जल्द कंट्रोल नहीं होता बहुत बड़ी क्षति होती। प्रत्यक्षदर्शी चाय दुकानदार अजय कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से पहले तेज धमाका हुआ। उसके कुछ देर बाद एक बार फिर तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिसके बाद हमलोगों ने पोल पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। जिससे कुछ हद तक आग पर काबू पा लिया गया था। वहीं, पूर्व अधिवक्ता महासचिव अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पटना सिविल कोर्ट में हुए हादसे के बाद भी बिजली विभाग नहीं जागी है। हादसे के दूसरे दिन बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिया था। ट्रांसफॉर्मर को हटाकर परिसर के खाली पड़े जमीन पर लगाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक बिजली विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया है। कोर्ट परिसर में आए दिन पोल और ट्रांसफॉर्मर से तेज धमाके की आवाज सुनाई देता रहता है। आज तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिसमें दो बाइक और एक साइकिल मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली विभाग ना परिसर में लगे पेड़ कटवा रही है और ना ही खाली पड़े जमीन में ट्रांसफॉर्मर लगा रही है। ऐसा लगता है कि विभाग पटना सिविल कोर्ट जैसी हादसे का इंतजार कर रही है।

## बीसीए जून में करेगा महिला घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन

**पटना (नि.सं.)**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से जून 2024 में सभी श्रेणियों (सीनियर, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-15) में महिलाओं के लिए घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर देने के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। 26 मई से पटना में महिला खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल होगा। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ सभी आयु समूहों के लिए चयन ट्रायल में बीसीए से संबद्ध 38 जिला इकाइयों द्वारा अनुशंसित खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट का मुख्य लक्ष्य महिला खिलाड़ियों को आगामी बीसीसीआई घरेलू सत्र (2024-2025) के लिए फिट बनाना है। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हम इस घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा।

# वोटिंग वाले क्षेत्रों में मौसम देगा साथ, आंधी-पानी को लेकर अलर्ट

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार के आठ लोकसभा क्षेत्रों में शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस दौरान मौसम शिवहर, वैशाली, महाराजगंज, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज एवं सिवान के मतदाताओं का साथ देगा। अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नहीं नमी युक्त पुरवा हवा के कारण बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। आर्द्रता में बढ़ोतरी होने के साथ उमस बनी रहेगी। वैशाली, शिवहर के एक या दो स्थानों पर गरज-तड़क के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। जबकि अन्य मतदान वाले क्षेत्रों का मौसम शुष्क बना रहेगा। दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहने से मौसम सामान्य बना रहेगा। पूर्वी व पश्चिम चंपारण, गोपालगंज में अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। वैशाली, शिवहर, महाराजगंज 40-42 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान रहने की संभावना है। राजधानी समेत प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आने वाली पुरवा हवा के कारण मौसम सामान्य बना हुआ है। बादलों की आवाजाही बने होने के साथ आर्द्रता में वृद्धि होने से दिन में लोगों को उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार शनिवार को राजधानी समेत प्रदेश में आंशिक बादल छाए रहेंगे। उत्तर-मध्य भाग के सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर व उत्तर पूर्व भागों के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया एवं कटिहार के एक या दो स्थानों पर छिटपुट वर्षा की संभावना है। प्रदेश में तेज हवा के प्रवाह के साथ गरज-तड़क को लेकर चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार को राजधानी के अधिकतम तापमान में सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, 42.1 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। पटना सहित प्रदेश के सभी जिलों के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा दर्ज की गई। मधुबनी के झंझारपुर में 16.0 मिमी वर्षा, बेगूसराय के मटियानी में 14.2 मिमी, शेखपुरा के बरबिगहा में 11.2 मिमी, सासाराम में 11.0 मिमी, नवादा के कौआकोल में 8.2 मिमी, बक्सर के राजपुर में 5.4 मिमी, भभुआ में 3.8 मिमी, नवादा में 3.0 मिमी, बांका में 1.5 मिमी, भभुआ के रामपुर में 1.4 मिमी, भभुआ के चांद व कुदरा में 1.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। तूफान का उत्तरी भागों में पड़ेगा प्रभाव मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे तूफान के भीषण चक्रवात में तब्दील होने और 26 मई को पश्विम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट पर पहुंचने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में मानसून से पहले इस सीजन का यह पहला चक्रवाती तूफान होगा। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार इसका नाम रेमल रखा गया है। इस नाम का सुझाव ओमान ने दिया है। मौसम विभाग ने मछुओं को रविवार तक उत्तर बंगाल की खाड़ी में नहीं जाने की चेतावनी दी है। इसके प्रभाव से 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी एसके पटेल के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने तूफान का प्रभाव प्रदेश के उत्तरी भागों में विशेषकर होगा। उत्तरी भागों के अधिसंख्य भागों में गरज-तड़क के साथ तेज हवा के प्रवाह होने के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

## हादसे को न्योता दे रहा 11 हजार वोल्ट का झूलता तार

**पटना (नि.सं.)**। पटना के पुनपुन में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। डुमरी पंचायत स्थित रेलवे लाइन के पश्चिम अंडरपास के नजदीक 11 हजार वोल्ट के झुके तार हादसे को न्योता दे रहे हैं। डर से पंचायत के सैकड़ों लोगों ने इस रास्ता से आना-जाना छोड़ दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। किसान सुरेश सिंह का कहना है कि एक ओर सरकार किसानों के लिए योजना ला रही है। दूसरी ओर बिजली विभाग करंट से झुलसाकर मारने को तैयार है। इसकी शिकायत जेई से लेकर विभाग के कई अधिकारियों को किया गया। एक साल के बाद भी कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं है। समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां तक कि अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। वहीं, जब भास्कर की टीम ने ग्रामीणों की समस्या को लेकर जेई को कॉल किया, तो कोई रिस्पांस नहीं मिला। एक घंटे बाद दोबारा कॉल करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया। अब सवाल यह है कि विभाग की ओर से लोगों को सुविधा क्यों नहीं मुहैया कराई जा रही है। इस तरह की लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदावर है। अगर कल के दिन कोई घटना होती है तो इसका जवाब कौन देगा।

# सुलेशन सूंघ-सूंघ कर क्राइम से नाता जोड़ रहे बच्चे, पटना में ऐसे पनप रहा नशे का कारोबार

निज संवाददाता



**पटना**। 10-12 वर्ष के बच्चे। सात-आठ वर्ष की उम्र वाले भी हैं। नशे के आदी हो चुके हैं। इन्हें इसकी लत लगाई भी जाती है। नशे के रूप में पंचर साटने वाले केमिकल का प्रयोग करते हैं। आम बोलचाल में इसे सुलेशन कहते हैं। इसकी आसानी से उपलब्धता है और सस्ता भी। बचपन इसकी चपेट में आ रहा है। नशे की शुरुआत यहां से होती है और फिर धीरे-धीरे ब्राउन शुगर और दूसरे नशीले पदार्थों तक पहुंच जाते हैं। एक दिन पहले गुरुवार को पटना जंक्शन के पास चार ऐसे बच्चों को प्रशासन ने अपने संरक्षण में लिया। इससे पहले भी बच्चे मुक्त कराए गए हैं। नशे के इस खेल के पीछे पूरा नेटवर्क है। इनसे चोरी-छिनतई जैसे अपराध भी कराए जाते हैं। बदले में नशा मिल जाता है। इसे रोकने की बड़ी चुनौती है, अन्यथा यही बच्चे आगे चलकर अपराध की दुनिया में कदम रखेंगे। इसका प्रशिक्षण अभी से मिल रहा है। पटना जंक्शन और महावीर मंदिर के आसपास नशे में धुत बच्चे मिल जाएंगे। इनमें नाबालिग लड़कियां भी होती हैं पिछले वर्ष दैनिक जागरण ने इस संबंध में रिपोर्ट भी प्रकाशित की थी, जिस पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने संज्ञान लिया था। उनकी पहल पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की तो कई बच्चों को मुक्त कराया गया। कुछ समय के लिए तो ठीक-ठाक रहा, पर हाल के दिनों में ऐसे बच्चे फिर देखे जा रहे हैं। केवल यहीं नहीं, नेहरू पथ, राजवंशी नगर, पटेल नगर, बोरिंग रोड, कदमकुआं, राजेंद्र नगर समेत कई अन्य क्षेत्रों में इस तरह के बच्चे सुलेशन सूंघते दिख जाएंगे। इससे समझा जा सकता है कि नशे का कैसा खेल चल रहा है। ई-रिक्शा चलाने वाले किशोरवय भी इसकी चपेट में हैं। एक तो नाबालिग के हाथ में ई-रिक्शा, उस पर नशा। सेवानिवृत्त शिक्षक तरुण सिन्हा कहते हैं कि जब तक ऐसी सामग्री बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, बच्चों को उसकी चपेट में आने से बचाना संभव नहीं है। ऐसा नहीं है कि केवल झुग्गियों में रहने वाले बच्चे ही इसकी चपेट में आ रहे हैं, कई अच्छे घरों के बच्चे भी इसका शिकार हैं। पटेल नगर में रहकर घरों में दाई का काम करने वाली एक महिला के दोनों बेटों की उम्र 12 और 15 साल है। दोनों बच्चे दिनभर सुलेशन सूंघते रहते हैं। महिला ने बताया कि शुरू में तो लगा कि ऐसे ही पालिथिन सूंघ रहे हैं, लेकिन बाद में पता चला कि दोनों सुलेशन सूंघते हैं। अब तो वे घर में चोरी करने लगे हैं। क्या करें, समझ नहीं आता। पिछले दिनों एजी कालोनी मोड़ के पास साइकिल चुराकर भागते एक किशोर को लोगों ने पकड़ा। वह नशे में धुत था। पिटाई का भी असर नहीं हो रहा था। पूछने पर उसने बताया कि सुलेशन खरीदने के लिए वह साइकिल, लोहे की जाली आदि चुराता है। ऐसी कहानी एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों बच्चों की है। जब भी ऐसे बच्चों को रेस्क्यू किया जाता है, उन्हें पुनर्वास गृह में रखा जाता है। अभिभावकों को सौंपा जाता है तो फिर से वे इस दलदल में फंस जाते हैं। अब सघन अभियान चलाया जाएगा। ऐसे बच्चों को रेस्क्यू करने के साथ ही उन्हें इस तरह के पदार्थ बेचने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# होटल से डेढ़ साल का बच्चा चोरी होने से हड़कंप फरार कर्मचारी की तलाश में जुटी पुलिस

निज संवाददाता



**पटना**। पटना जंक्शन के पास स्थित एक होटल से शुक्रवार की सुबह डेढ़ वर्षीय मासूम के चोरी का मामला सामने आया है। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद बच्चा नहीं मिला, तब उसकी मां कोतवाली पहुंची। उसने होटल के एक कर्मचारी पर संदेह जताया है, जो खोजबीन शुरू होते ही फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में होटल संचालक बिपिन महतो (सीतामढ़ी) और कर्मचारी अशोक कुमार (हजारीबाग, झारखंड) को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थानेदार राजन कुमार ने बताया कि महिला ने अब तक लिखित शिकायत नहीं दी है। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस छानबीन में जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक, महिला अपने मासूम बेटे के साथ दिल्ली से पटना आई थी। वह मूलरूप से पश्चिम बंगाल के वर्धमान की रहने वाली है। उसने दसवीं तक पढ़ाई की है। हालांकि, दिल्ली में रहकर घरों में झाड़ू-पोछा लगाने का काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि दिल्ली में एक युवक के साथ वह लिव इन रिलेशनशिप में थी। जब वह गर्भवती हो गई तो उसका साथी शादी से मुकर गया और उसे छोड़कर फरार हो गया। उसने बच्चे को जन्म दिया और तब से अकेले ही उसका भरण-पोषण कर रही है। महिला ने बताया कि वर्धमान जाने के लिए वह दिल्ली से पटना आई थी। यहां सुबह साढ़े पांच बजे ट्रेन से उतरी और पास के ही एक होटल में नाश्ता करने गई। तभी, होटल के एक कर्मचारी ने उससे बच्चा ले लिया और कहा कि तुम यहां नाश्ता करो, बच्चे को अंदर सुला देता हूं। उसकी बातों पर यकीन कर उसने बच्चे को सौंप दिया। जब नाश्ता कर उठी तो कर्मचारी वहां नहीं था। उसने जिस कमरे में बच्चे को रखा था, उस पर ताला लगा था। ताले को खुलवा कर देखा तो वहां बच्चा नहीं था। कोतवाली थाना क्षेत्र में बुद्ध मार्ग स्थित बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल के समीप 29 अप्रैल से लापता तीन महीने के बच्चे का अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इस मामले में चार लोगों को आरोपित किया गया था। सभी आरोपित समस्तीपुर के निवासी हैं। एक मई को बच्चे के पिता संतोष सिंह के बयान पर प्राथमिकी की गई थी। बच्चे के माता-पिता पुलिस के वरीय अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगाते थक गए, लेकिन बच्चा बरामद नहीं हो सका। करीब एक वर्ष पूर्व सिन्हा लाइब्रेरी रोड में फुटपाथ पर रहने वाले एक परिवार का एक वर्षीय बालक चोरी हो गया था। उसका भी पता नहीं चल पाया।

## पटना जू में मनाया गया बाघों का जन्मदिन

**पटना (नि.सं.)**। पटना जू यानी संजय गांधी जैविक उद्यान में आज तीन बाघों का जन्मदिन मनाया गया। बाघिन संगीता के तीन बच्चे विक्रम, रानी और केसरी 2 साल के हो गए हैं। 25 मई 2022 को इनका जन्म हुआ था। इस अवसर पर खास तैयारी की गई थी। बाघों के केज को फूलों से सजाया गया था। साथ ही केक भी काटा गया। खास ऑर्डर देकर केक को डिजाइन करवाया गया था। केक पर तीनों बाघों की चित्र थी। पटना जू के रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने कहा कि आज से 2 साल पहले इन बाघों का जन्म हुआ था। दो सालों में जू प्रशासन की ओर से उनकी काफी सेवा की गई है। अब यह बाघ शावक से वयस्क हो चुके हैं। इनसे हमारी भी भावना जुड़ चुकी है। इनके जन्मदिन मनाने का एक ही उपलक्ष्य है कि हमारे कर्मचारियों और पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन होता रहे।

# मोस्ट वांटेड नक्सली राजकुमार भोजपुर जिले से गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पटना**। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने भोजपुर से वांछित नक्सली राजकुमार सिंह उर्फ विजय सिंह उर्फ शुक्ला जी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर एसटीएफ और भोजपुर जिला बल ने भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली को गिरफ्तार किया। नक्सली राजकुमार सिंह के विरुद्ध भोजपुर और औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट सहित कई नक्सली कांड दर्ज हैं। वर्ष 2018 में औरंगाबाद जिले के देव थाना अंतर्गत ग्राम सुदी बिगहा में एमएलसी राजन सिंह के घर पर नक्सलियों ने हमला कर उनके चाचा की हत्या की थी। इस दौरान परिसर में खड़े वाहनों में भी आग लगा दिया गया था। नक्सली राजकुमार उक्त नक्सली हमले का भी आरोपित है। इसके एक दिन पूर्व एसटीएफ ने औरंगाबाद से नक्सली संगठन से जुड़े फरार अभियुक्त राजेश सिंह उर्फ राजू सिंह को भी गिरफ्तार किया था। उसके पास से नक्सली पर्चा, लेवी रसीद और अर्द्धनिर्मित हथियार भी बरामद किए गए थे। उसके विरुद्ध औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के कई कांड दर्ज हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भाषण पर सवाल क्यों

कलकत्ता हाईकोर्ट के तीसरे सबसे सीनियर जज रहे जस्टिस चितरंजन दास ने सोमवार को अपने कार्यकाल के आखिरी दिन विदाई भाषण में जिस तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अपनी सदस्यता का जिक्र किया, वह न्यायाधीश पद के साथ जुड़ी गरिमा और संवेदनशीलता से वाकिफ किसी भी शख्स को हैरान कर सकता है। उन्होंने बताया कि वह न केवल अतीत में इस संगठन के सदस्य रहे हैं बल्कि अब रिटायरमेंट के बाद अगर संगठन उन्हें कोई उपयुक्त काम सौंपता है तो उसे खुशी-खुशी अंजाम देंगे। हालांकि यह दलील दी जा सकती है कि आरएसएस कोई प्रतिबंधित संगठन नहीं है। यह भी कि देश के हर नागरिक को वैचारिक स्वतंत्रता हासिल है और न्यायाधीश भी एक व्यक्ति के रूप में किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद कर सकते हैं। मगर गौर करने की बात यह है कि जस्टिस दास ने यह खुलासा घर-परिवार या मित्रों-रिश्तेदारों के बीच व्यक्तिगत हैसियत से नहीं बल्कि कार्यकाल के आखिरी दिन बाकायदा कलकत्ता हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ के सामने किया। देश के एक हाईकोर्ट में बतौर जज 15 साल बिता चुके किसी शख्स से यह उम्मीद तो होती ही है कि वह न केवल अपने कार्य की गंभीरता को समझेगा बल्कि उसके लिए जिस वैचारिक गहराई और परिपक्वता की जरूरत होती है, उसे भी महसूस करेगा। अफसोस की बात है कि जस्टिस दास के इस भाषण ने इन दोनों मोर्चों पर देश के नागरिकों को ही नहीं दुनिया भर में फैली न्यायिक बिरादरी को भी निराश किया है। यह भाषण कितना कमजोर था, इसका अहसास इसके कुछ अंशों पर एक नजर डालने से ही हो जाता है। मिसाल के तौर पर, इस भाषण में जस्टिस दास खुद अपनी तारीफ करते हुए कहते हैं कि उन्होंने कभी किसी के लिए किसी तरह का पूर्वाग्रह नहीं रखा। अब देश के एक प्रतिष्ठित हाईकोर्ट के इतने वरिष्ठ जज से यह जानने की अपेक्षा गलत नहीं कही जाएगी कि पूर्वाग्रह कोई ऐसी चीज नहीं है, जो जानबूझकर रखी या न रखी जाए। पूर्वाग्रहों से मुक्ति अपनी चेतना का स्तर ऊपर उठाने के हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम होता है, लेकिन किसी भी खास बिंदु पर कोई व्यक्ति अपने पूर्वाग्रहों को लेकर सौ फीसदी आश्वस्त नहीं हो सकता। इसका पता तब चलता है जब दूसरे लोग इस ओर हमारा ध्यान खींचते हैं। यह अकारण नहीं कि जस्टिस दास के फैसले में निहित पूर्वाग्रह को लेकर अतीत में विवाद हो चुके हैं। उदाहरण के लिए, उनकी अगुआई वाली एक खंड पीठ के इसी साल दिए एक फैसले को गलत करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'जजों का काम कानून और तथ्यों के आधार पर फैसला देना है, उपदेश देना नहीं।

### फिजूल की अटकलें

पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब दो ही चरण की वोटिंग रह जाएगी। स्वाभाविक ही अब बहस इन सभी चरणों के वोटिंग पैटर्न और 4 जून को इसके संभावित नतीजों की ओर मुड़ती दिख रही है। इन बहसों में सबसे ज्यादा चर्चा पहले तीन चरणों में वोटिंग परसेंटेज में आई कमी और शेयर बाजारों में आई गिरावट की हुई। हालांकि, चौथे चरण में वोटिंग बढ़ने के बाद मार्केट अपने रेकॉर्ड लेवल के करीब पहुंच गया। खैर, विश्लेषकों का एक तबका कह रहा है कि मार्केट में गिरावट इस वजह से आई क्योंकि उसे लगा कि नतीजे अप्रत्याशित होने वाले हैं। दिक्कत यह है कि इस तरह के विश्लेषण और उनके निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक यूपी की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। इस बार भी यह ट्रेंड दिखा। कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट परसेंटेज का अंतर काफी कम रह गया है।

## स्वाति मालीवाल प्रकरण में छिपे गहरे सियासी मायने को ऐसे समझिए

(कमलेश पांडे)

भारतीय सियासत में विपक्षी दलों के बीच एक लंबी सियासी लकीर खींचने वाले अरविंद केजरीवाल के लिए स्वाति मालीवाल केस कोई नई चीज नहीं है। बस, इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि पुराने साथियों के दुश्मन बन जाने का एक और नया मामला है जो समय के साथ पुराने मामलों की तरह दब जाएगा। आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर 'आप' की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने जो आरोप लगाया है, वह बहुत गम्भीर बात है। लेकिन उससे भी गम्भीर बात यह है कि इस मामले में शुरू से अबतक जो भी घटनाक्रम प्रकाश में आया है, उसके पीछे किसी गहरे सियासी षड्यंत्र का भी हाथ हो सकता है! इसलिए इस पूरी घटना के परिप्रेक्ष्य में छिपे सियासी मायने को समझना बहुत जरूरी है। अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से मुख्यमंत्री आवास पहुंचे अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंचीं स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री के घर पर वैभव कुमार के इशारे पर या उनकी भागीदारी से या फिर दोनों तरह से जो कुछ भी हुआ, वह अप्रत्याशित था। लेकिन, उसकी बौखलाहट में दिल्ली पुलिस को फोन करके स्वाति मालीवाल बुरी तरह से घिर गईं। ऐसा इसलिए कि इस मामले में एफआईआर करवाने से पहले पार्टी के स्तर पर उन्होंने घटनाक्रम के डैमेज कंट्रोल की कोशिश की, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह का भी उन्हें प्रारंभिक साथ मिला। परंतु उनके सारे प्रयास जब विफल हो गए, तब उन्होंने इस मामले में एफआईआर दी। जिसके बाद पूरी आप पार्टी ही उनके खिलाफ हो गई। उनके लिए सुकून की बात यह है कि भाजपा ने उनके मुद्दे को तूल दे दिया और उपराज्यपाल वी के सक्सेना तक ने उनसे हमदर्दी जताई। इससे आप पार्टी के इन आरोपों को बल मिला कि अब वह बीजेपी की एजेंट बन चुकी हैं। ऐसे में सीधा सवाल यही उठता है कि अरविंद केजरीवाल के सियासी दोस्तों ने उनसे दुश्मनी तो बहुत साधी, लेकिन वो प्रायः बेअसर ही रही है। क्योंकि स्वाति मालीवाल से पहले भी अरविंद केजरीवाल के कई राजनैतिक दोस्त उनको आरोपों के कठघरे में खड़ा कर चुके हैं, जिनमें कपिल मिश्रा से लेकर कुमार विश्वास तक का नाम शुमार किया जाता है। बावजूद इसके अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक सेहत विशेष रूप से प्रभावित नहीं हुई है। वहीं कड़वा सच यह भी है कि दुश्मन की तरह पेश आ रहे अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी कोई खास मुकाम हासिल नहीं कर पाये। यदि किरण बेदी, अन्ना हजारे और जनरल वी के सिंह की बात छोड़ दी जाए तो। ऐसे में यही बात सामने आ रही है कि बहुचर्चित स्वाति मालीवाल प्रकरण से मौजूदा संसदीय चुनाव में चाहे जो भी राजनीतिक नुकसान हो, लेकिन स्वाति मालीवाल केस का अरविंद केजरीवाल की सियासत पर बहुत ज्यादा असर होगा, ऐसा तो मुझे नहीं लगता। आपने देखा होगा कि दिल्ली के 7 लोकसभा क्षेत्रों से लेकर पंजाब के 14 लोकसभा क्षेत्रों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धुआंधार कैंपेन चल रहा है। कभी मीडिया के जरिये, तो कभी सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर वो अपनी बात कह रहे हैं और अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ भी लगातार रोड शो कर रहे हैं। इसी बीच वो नये नये नारे भी गढ़ रहे हैं, जिससे स्वाति मालीवाल से जुड़े सियासी हमले निष्प्रभावी दिखाई दे रहे हैं। हां, इतना जरूर है कि स्वाति मालीवाल केस के लेकर दिल्ली पुलिस की टीम पूरी तरह से सक्रिय है और उनके पीए विभव कुमार की गिरफ्तारी ने उन्हें अंदर से हिलाकर रख दिया है। ऐसा इसलिए कि पीए किसी भी व्यक्ति का वह राजदार होता है, जिसका अचानक चला जाना या किसी षड्यंत्र के तहत उसके बॉस से उसे अलग कर दिया जाना, ऐसी क्षति होती है, जिसकी त्वरित भरपाई किसी भी व्यक्ति के लिए मुश्किल होती है। इसलिए अरविंद केजरीवाल पर इस पूरे घटनाक्रम का तात्कालिक और दीर्घकालिक, दोनों प्रभाव पड़ेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आप नेत्री सुनीता केजरीवाल के साथ रोड शो के दौरान बीजेपी के एक नारे को थोड़ा और विस्तार देते हुए कटाक्ष किया कि, 'अच्छे दिन आने वाले हैं, मोदी जी जाने वाले हैं।' इतना ही नहीं, भले वो अंतरिम जमानत पर हैं और आगामी 2 जून को तिहाड़ जेल में उन्हें फिर से सरेंडर करना है। लेकिन चुनाव अभियान के दौरान वो खुद भी और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी लोगों को बार बार यह बात बताती रहती हैं कि यदि दिल्लीवालों ने 'इंडिया गठबंधन' के उम्मीदवारों को वोट देकर उनकी जीत पक्की कर दी तो अरविंद केजरीवाल को ज्यादा दिन के लिए जेल नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन इस बीच अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी समस्या स्वाति मालीवाल केस बन चुकी है, यह भी उन्हें समझना होगा। क्योंकि अरविंद केजरीवाल के पुराने साथियों में से एक और काफी निकटस्थ रहीं स्वाति मालीवाल अब उनकी नई विरोधी बन गई हैं। स्वाति मालीवाल ने तो यहां तक आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ मारपीट की गई, जिसमें अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने उन पर हमला किया। इस मामले में एफआईआर दर्ज होते ही दिल्ली पुलिस विभव कुमार को गिरफ्तार कर ले गई। जिसके बाद से वो पुलिस रिमांड पर हैं। हालांकि, भारतीय सियासत में विपक्षी दलों के बीच एक लंबी सियासी लकीर खींचने वाले अरविंद केजरीवाल के लिए स्वाति मालीवाल केस कोई नई चीज नहीं है। बस, इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि पुराने साथियों के दुश्मन बन जाने का एक और नया मामला है जो समय के साथ पुराने मामलों की तरह दब जाएगा। या फिर सवाल यह भी है कि यह मामला कहां तक जाएगा और अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर यह केस का कितना प्रभाव डालेगा, यह बदलता वक्त ही बताएगा, क्योंकि केंद्र में सत्ता परिवर्तन भले ही हो, किंतु अधिकारियों की मनोदशा बदलेगी, ऐसा मुझे नहीं लगता क्योंकि भारतीय प्रशासन और न्यायपालिका का यह निर्विवाद चरित्र रहा है कि जो भी एक बार कानूनी मकड़जाल में फंस गया वो फिर बाहर बमुश्किल ही निकल पाता है चाहे उसका राजनीतिक रसूख कुछ भी हो, कितना भी बड़ा हो। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव इसके दिलचस्प उदाहरण हैं। इसलिए इतना तो कहा ही जा सकता है कि भले ही अपनी अचूक सियासी रणनीति के बल पर अरविंद केजरीवाल भविष्य में प्रधानमंत्री बन जाएं।

*स्वाति मालीवाल केस उनमें से एक है। इस केस ने अरविंद केजरीवाल को एकाएक ऐसा उलझा दिया है, जिसे सुलझाने के लिए उन्हें एक और विभव कुमार पैदा करना होगा। क्योंकि इस उलझन की सबसे बड़ी वजह उनके सहयोगी और करीबी विभव कुमार की गिरफ्तारी है। खास बात यह है कि स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट करने जैसा जो आरोप लगाया है, वह उत्तरप्रदेश के मायावती गेस्ट हाउस कांड की याद तरोताजा कर देता है।*

## राजनैतिक रूप से पूर्वांचल का है अलग मिजाज

(अजय कुमार)

पूर्वांचल की 27 सीटों पर इंडिया गठबंधन तू चल मैं आता हूं की तर्ज पर कार्य कर रही है। सपा और कांग्रेस इस इलाके को सियासी तौर पर उपजाऊ मानती है। यही वजह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की जिन सीटों पर जनसभा हो रही है, उन पर निगाह रखी जा रही है। उत्तर प्रदेश में पांच चरण के मतदान के बाद अब राजनैतिक ताकतों का पूरा फोकस पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर आकर टिक गया हैं। पूर्वांचल में पूरे प्रदेश से अलग सियासी बयार बहती है। यह क्षेत्र राजनैतिक रूप से काफी सशक्त भीर है। यहां के लोगों की रग-रग में सियासत देखने को मिल जाती है। तमाम बड़े और दिग्गज नेताओं को भी पूर्वांचल की धरती काफी रास आती है। यहां से निकले नेताओं ने देश-विदेश में खूब नाम कमाया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों में पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर यही की धरती से निकलकर सियासत की बुलंदी पर पहुंचे थे। पूर्वांचल से सर्वाधिक बार निर्वाचित होने वाले सांसदों की सूची पर नजर डालें तो बलिया की धरती के रहने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 1977 से 1991 तक के बीच में बलिया से रिकॉर्ड 8 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा बलिया के चंद्रशेखर ने सीधे सांसद से प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया है। इन 27 सीटों में एक सीट वाराणसी की भी है, जहां से मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। यह उनका तीसरा लोकसभा चुनाव है। मोदी की जीत में कहीं कोई संदेह नहीं है, यहां तक की सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक ने यहां से मोदी की जीत की भविष्यवाणी कर दी है। हॉ, यह और बात है कि वह यहां से तीसरी बार चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री के रूप में भी हैट्रिक लगा पायेंगे। इस बार यदि मोदी फिर से पीएम बनते हैं तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। इसको लेकर बीजेपी तो पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरी हुई है, लेकिन विपक्ष को यही लगता है कि अबकी से मोदी बुरी तरह से हार रहे हैं। खैर, मुद्दे पर आया जाये तो पूर्वांचल ने देश को देश की पहली मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसी नेत्री दी तो संपूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह और राम नरेश यादव जैसे मुख्यमंत्री यूपी को दिए। इतना ही नहीं सीपीएन सिंह, महावीर प्रसाद, कल्पनाथ राय, सुखदेव प्रसाद, केडी मालवीय, आरपीएन सिंह और कलराज मिश्र जैसे नेता पूर्वांचल से निकल कर केंद्रीय सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं और रहे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता बाबू गेंदा लाल से लेकर कम्युनिस्ट नेता सिवन लाल सक्सेना जैसे नेताओं ने पूर्वांचल से राजनीति की। हरिशंकर तिवारी, मार्कंडेय चंद्र, बलराम यादव, जगदम्बिका पाल, राम गोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी जैसे पूर्वांचल के कद्दावर नेता राज्य सरकारों में मंत्री रहे। वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही सात कैबिनेट सहित कई मंत्री पूर्वांचल से हैं। इसके लिए इंडिया और एनडीए ने ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि इसी क्षेत्र में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल की प्रतिष्ठा दांव पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भी चुनाव है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस को एक और कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं। इन सीटों को पर कांग्रेस और सपा ने फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को उतार दिया है। पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर एक-एक वोट का हिसाब रखा जा रहा है। यूपी के पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के इलाकों में चुनाव होने के बाद सभी दलों के आलाकमान ने यहां के ज्यादातर नेताओं को इन्हीं 27 सीटों पर उतार दिया गया है। भाजपा ने वाराणसी में महिला सम्मेलन के जरिए नया प्रयोग किया है तो आसपास की सीटों पर प्रचार का नया मॉडल अपनाया है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5381

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5380

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज शुभ योग बने हैं और कारोबार में आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। संतान पक्ष को लेकर भी जो चिंताएं बनी हुई थीं उनका समाधान आज हो जाएगा। आपको अपने प्रियजनों और परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। दोपहर के बार ऑफिस के काम में कुछ कठिनाई हो सकती है। इसकी वजह ऑफिस का विवाद या फिर आपकी खराब सेहत हो सकती है।

### वृष
आज करियर में आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको आज फिजूल खर्ची और विवादों से दूर रहने की सलाह है। शाम के वक्त किसी काम में देर करना आपके लिए भारी हो सकता है। परिजनों के साथ यात्रा का सुख आपको मिलेगा। समाज में लोगों के बीच शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### मिथुन
आज समाज में लोगों के बीच में आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। भाग्य का उदय होगा और आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं। विरोधियों के सक्रिय होने के बाद भी आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

### तुला
आज का दिन करियर के मामले में लाभ होगा। अकस्मात् बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ होने के योग हैं। आपको प्रियजनों का वांछित सुख और सहयोग प्राप्त होगा। शाम से लेकर लेकर रात तक आपके लिए आज का दिन शुभ होगा। आपके लिए सौभाग्य प्राप्ति के योग बन रहे हैं। खानपान में विशेष सावधानी बरतें। अन्यथा आपके कष्ट बढ़ सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा होगा। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं और आपका मन प्रसन्न होगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन आपका खर्च भी अधिक होगा। किसी मामले में आपको लाभ होगा। आज हर प्रकार के विवादों से सावधान रहें और किसी के बीच में न बोलें।

### धनु
आज जीवन में नई संभावनाएं बन रही हैं। आपको व्यवसाय में निरन्तर लाभ होने से प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बिजनस में पार्टनर्स से आपका विवाद हो सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आपसे कोई आर्थिक मदद मांगने आपके घर आ सकता है।

### कर्क
आज का दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है। आपके समय के अनुसार काम होने में बाधा आ सकती है। किसी को भी फालतू बातों से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। ऑफिस में आपको बॉस का सहयोग मिलेगा। कारोबारियों को बड़ी मात्रा में रुका धन हाथ में आने से व्यापारियों का मन प्रसन्न होगा।

### सिंह
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग हैं। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू और अच्छे गुण के लोगों से मिलने पर आपका मन काफी प्रसन्न होगा। व्यवसाय में भी नौकरों और पार्टनर्स के साथ आपका रिश्ता सहयोग वाला रहेगा। अकस्मात् अतिथियों के आने से आपका व्यय बढ़ सकता है।

### कन्या
आज का दिन तनाव से भरा होगा। आज आपकी चिंताएं दूर होंगी। आपको आज किसी वजह से शारीरिक कष्ट होने की संभावना है। इस सबके बावजूद आपको व्यवसाय में लाभ होगा और आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। ऑफिस में किसी प्रकार का सहयोग मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

### मकर
आज का दिन सम्मान प्राप्ति से भरा होगा और आपको लाभ होगा। अधिकारी वर्ग आपके पक्ष में रहेंगे। श्रेष्ठ मार्ग से पर्याप्त आमदनी होगी परन्तु व्यय आय के अनुपात में अधिक होगा। रात्रि में किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जाने के योग आपके लिए बन रहे हैं। आपको नए अवसर प्राप्त होंगे। आपका सम्मान बढ़ेगा।

### कुंभ
आज का दिन बहुत ही संभलकर काम करने का है। किसी कारण से सहयोगियों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है। सायंकाल के समय सम्पत्ति से लाभ होगा और आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में आपको उत्तम सहयोग मिलने से संतुष्टि रहेगी।

### मीन
आज आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मानसिक तनाव से बचने के लिए धैर्य एवं नम्रता से काम करें। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज आपके कार्य और अधिकारों में वृद्धि होगी जिससे आस-पास के अन्य सहयोगियों को आपसे ईर्ष्या हो सकती है। अपने कार्य कौशल से सफलता प्राप्त कर लेंगे।

## वर्ग पहेली 5381



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 4 जुलाई 1898 को भारत के पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (8)
6. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
7. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. आगमन होना, एक प्राचीन सिक्का (2)
10. मेरा या मेरी (2)
12. जलती हुई वस्तु को ठंडा करना, पहेली हल करना (3)
14. लालू यादव की राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
15. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
16. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
18. व्यक्ति कीभावी गतिविधि आदि के लक्षण, निशान, शत्रु को घेरकर किया जाने वाला हमला, मेघमाला (3)
19. आसान, सुगम, सरल (3)
20. ठंडी और मृदुल हवा, मृदुल समीर, दिलीप कुमार की अभिनेत्री सास जिनका जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ था (3)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. फलों के समान रंग वाला, अत्यंत सुंदर (4)
2. येन मुद्रा इस देश में प्रचलित है (3)
3. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (सिर्फ नाम)(2)
4. झगड़ा कराके सुलह कराना (6)
5. दायक, देने वाला (2)
6. जो राह भटक गया हो, पथभ्रष्ट, भटका हुआ (उर्दू) (4)
11. पाठशाला, विद्यालय (उर्दू)(4)
13. वृथा, व्यर्थ, बेमतलब (3)
15. लौटा हुआ, केश हुआ (3)
17. फारस (आधुनिक ईरान) देश से संबंध रखने वाला या इस देश का निवासी (3)
18. वर्तमान दिन, जो दिन बीत रहा है, इस दिन (2)

### वर्ग पहेली 5380 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फे | स | बु | क | | फ | री | द |
| फ | ल | क | | म | ल | मा | स |
| ड़ा | | से | ह | त | | ला | |
| | जे | ल | | ग | | गू | दा |
| ज | | र | म | ण | | | म |
| य | म | | त | ना | व | | न |
| दे | हा | त | | | क | ल | गी |
| व | न | ज | | रे | | ता | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात तूफान रेमल को लेकर रेलवे अलर्ट, लंबी दूरी की छह ट्रेनें रद्द




**जमशेदपुर, एजेंसी।** ओडिशा के तटीय क्षेत्र में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण चक्रवात तूफान रेमल आ रहा है, जो 25 से 27 मई के बीच ओडिशा के तटीय क्षेत्र सहित खडगपुर से सटे क्षेत्रों से गुजरेगा। ऐसे में रेल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर खड़गपुर से दीघा जाने वाली छह ट्रेनों को रद्द व एक को शार्ट टर्मिनेट किया गया है। रेल प्रशासन ने संभावना जताई है कि चक्रवात तूफान के कारण तटीय क्षेत्रों में भूस्खलन हो सकती है। ऐसे में यात्रियों की जान–माल की सुरक्षा देते हुए ट्रेनों का परिचालन को रद्द किया गया है ।चक्रवात के कारण 25 मई को पुरानी से रवाना होने वाली 22890 पुरी–दीघा समुद्र कन्या एक्सप्रेस का परिचालन खड़गपुर तक होगा, जबकि यह ट्रेन खड़गपुर से दीघा के बीच रद्द रहेगी। 26 मई को यही रैक 22889 बनकर वापस जाएगी।

### एमजीएम में प्रमाण-पत्र बनवाने भटकते रहे लोग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चुनाव का असर एमजीएम अस्पताल की जनसुविधा पर पड़ा है। अस्पताल के आधे से अधिक कर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। इस कारण शुक्रवार को एमजीएम अस्पताल के सारे कार्यालय बंद पड़े थे। सबसे ज्यादा परेशानी नवजातों के माता–पिता हुई। जन्म–मृत्यु प्रमाण–पत्र विभाग में एक भी कर्मी नहीं थे, इस कारण कार्यालय में ताला लटका हुआ था। प्रमाण–पत्र बनवाने, आवेदन जमा करने के लिए लोगों को भटकना पड़ा। औसतन एक दिन में एमजीएम से 150 जन्म प्रमाण–पत्र बनता है, लेकिन शनिवार को एक भी प्रमाण–पत्र नहीं बना।

### 29 मई को पांच रोगियों का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से पांच मोतियाबिंद रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय की ओर से नि÷शुल्क ऑपरेशन कर लैंस लगाया जाएगा। आनंद मार्ग की ओर से हरेक गुरुवार को विजन सेंटर का संचालन किया जाता है। इसमें गदरा और आसपास के देहात क्षेत्र के लोगों की नि÷शुल्क नेत्र जांच की जाती है। लगभग 30 लोगों के आंखों का जांच हुई और पांच मोतियाबिंद के रोगी चिह्नित हुए। 29 मई को सभी का नि÷शुल्क ऑपरेशन होगा।

### भक्तों की हठभक्ति-तीन दिवसीय मंडा पुजा विधिवत रूप से सम्पन्न

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूमके बंदगांव बाजार परिसर में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को तीन दिवसीय शिवपुजनोत्सव सह मंडा पूजा एवं मेला विधिवत रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम विगत 22 मई से लेकर 24 मई तक मंडा मेल सह पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ । जहां 23 में को रात्रि में छऊ नृत्य, 24 मई को आग में चलना एवं झूलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बंदगांव का सुप्रसिद्ध मंडा मेला में हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं भक्तगण पहुंचते थे ।सभी कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। वही मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई मौजूद रहे। मौक़े पर लक्ष्मी नारायण सिंह,अनुप सिंह, विवेक सिंह, रमेश सिंह, रासबिहारी मुंडा,किसनु मछुआ, हरेंद्र सिंह व कमिटी के अन्य लोग मौजूद रहे

### दिनदहाड़े 7 मिनट के अंदर 1 करोड़ की लूट, फिल्मी तरीके से दिया वारदात को अंजाम

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पुलिस की सक्रियता को चुनौती देते हुए हथियार से लैस तीन अपराधियों ने सोनारी थाना क्षेत्र एयरपोर्ट बाजार के पास एमबी ज्वेलर्स में दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया। लगभग सात मिनट तक दुकान में रहे अपराधी नकद 4.60 लाख रुपये और करीब 94 लाख 60 हजार (एक किलो 200 ग्राम) रुपये मूल्य के सोने के आभूषण लेकर बड़े आराम से एक बाइक पर सवार होकर भाग निकले। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1.46 बजे की है। पूरी घटना दुकान में लगी सीसीटीवी में कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार अपराधी सात मिनट तक 1.53 तक दुकान में रहे। हथियार का भय दिखा झोले में जितना संभव हुआ, उतने आभूषण भरकर निकल गए। सूचना पर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत, डीएसपी निरंजन तिवारी और सोनारी थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। दुकान मालिक संजय जैन (मालू) शहर से बाहर हैं। दुकान में उनके भाई कौशल जैन और संजय जैन के पुत्र ऋषभ जैन मौजूद थे। घर के नीचे ही आभूषण की दुकान है। फुटेज में चेहरा स्पष्ट दिख रहा है ।फुटेज के अनुसार तीन अपराधी दुकान में ग्राहक बनकर घुसे। इनमें एक अपराधी दुकानदार को पहले अंगूठी दिखाने को कहा। ऋषभ जैन अंगूठी दिखाने लगे। दो अपराधियों के सिर पर काले रंग की टोपी थी। इनमें एक ने मास्क लगा रखा था। मौका मिलते ही पिस्तौल निकाल ली। ऋषभ हथियार देखकर दुकान के स्ट्रांग रूम का दरवाजा खोलकर घुस गए।

# मुझपर जानलेवा हमले की साजिश थी, सीता सोरेन की बेटी ने रवीन्द्र नाथ महतो के बेटे पर लगाए गंभीर आरोप




**दुमका, एजेंसी।** झारखंड की दुमका से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन की बेटी विजयश्री ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बुधवार को नाला विधानसभा क्षेत्र के तेजोरिया गांव के निकट शाम पांच बजे उन पर झामुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा जानलेवा हमला करने की साजिश की गई थी। हालांकि परिस्थिति को भांपते हुए वह वहां से किसी तरह निकल गईं। उनके साथ उनकी बहन जयश्री के अलावा भाजपा के नेता सत्यानंद झा बाटुल चुनाव प्रचार में निकले थे।

विजयश्री ने आरोप लगाया कि झामुमो कार्यकर्ताओं के उस भीड़ का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष का बेटा कर रहा था। विजयश्री ने कहा कि यह साजिश उनकी चाची कल्पना सोरेन की शह पर की गई थी। ऐसी हरकतों से हम डरने वाले नहीं हैं।

विजयश्री ने कहा कि झामुमो का विकास से कोई लेना-देना नहीं हैं। ऐसे हथकंडों से चुनाव जीतना चाहता है, लेकिन अब दुमका में गुंडाराज नहीं चलेगा। जिस पार्टी को हमारे दिवगंत पिता दुर्गा सोरेन और दादा शिबू सोरेन ने सींचा है, उसी पार्टी का इस्तेमाल कल्पना सोरेन कर रही है।

विजयश्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो संवैधानिक पद पर रहते हुए चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो अनुचित है। मौके पर मौजूद प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान यह काफी घटिया हरकत किया गया है।

एक सवाल के जवाब में सीता सोरेन ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में राज्य सरकार सभी कैबिनेट मंत्रियों को होटवार जेल जाना पड़ेगा। आने वाले दिनों में कल्पना सोरेन को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचेगा।

सीता सोरेन की पुत्री विजयश्री के आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए नाला के विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि उनका पुत्र या भाई ऐसा काम हरगिज नहीं कर सकते हैं। राज्य की जनता भी यह जानती है कि उनका पुत्र उद्दंड नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह आरोप पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि तिजोरिया के पास झामुमो का पार्टी कार्यालय है। उसी के समीप बुधवार की शाम भाजपा नेता सत्यानंद झा बाटुल अपने समर्थकों के साथ बैठे थे। उसी दौरान इन लोगों ने झामुमो कार्यकर्ताओं ने इनके खिलाफ अपशब्द कहा गया, जिससे उनके पार्टी कार्यकर्ता भड़क गए और इसका विरोध किया है।

उन्होंने आगे कहा कि जहां तक चुनाव प्रचार का सवाल है तो वह झामुमो के विधायक भी हैं। वह मर्यादित ढंग से जनसंपर्क कर रहे हैं। किसी भी तरह का मंच साझा नहीं कर रहे हैं। इसमें कोई गलत बात क्या है। वह आगे भी जनसंपर्क अभियान जारी रखेंगे।

रविंद्रनाथ ने भाजपा नेता सत्यानंद झा बाटुल के चाल-चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी कार्यशैली से क्षेत्र की जनता ने उसे नकार दिया है। अब वह मात्र राजनीतिक षडयंत्र ही करने लायक है।

## हम उद्योग विरोधी नहीं, पर अपनी रोटी नहीं छोड़ सकते- कल्पना सोरेन

**साहिबगंज , एजेंसी।** हम उद्योग विरोधी नहीं हैं, परंतु अपने हिस्से की रोटी हमेशा नहीं छोड़ सकते। हम अपने हक के लिए अंतिम समय तक लड़ेंगे। यह बातें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने शुक्रवार को कही। वह साहिबगंज और पाकुड़ के अमड़ापाड़ा में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि तमाम तरह के उद्योग लग रहे हैं, परंतु जो हक आदिवासियों को मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है। अपना हक मांगने वालों को भाजपा जेल में डाल देती है। आपके हेमंत बाबू ने भी आपका हक केंद्र सरकार से मांगा था, हक देना तो दूर, चुनाव से ठीक पहले उन्हें बिना किसी कसूर के जेल में डाल दिया। भाजपा ने इस डर से हेमंत बाबू को जेल में डाल दिया, चूंकि उन्हें अंदाजा था कि अगर हेमंत सोरेन बाहर रहे तो उनका खाता भी नहीं खुलेगा। झारखंड में सिमट जाने का डर उन्हें सता रहा था।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में देश के लोगों से वादा किया था कि सत्ता में आने पर दो करोड़ युवकों को रोजगार देगी। मंहगाई खत्म करेगी। विदेशों में छुपा काला धन वापस लाएगी। गरीबों के बैंक खाते में 15 लाख डाला जाएगा, लेकिन 10 साल बीत जाने के बाद भी ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार में मंहगाई व बेरोजगारी चौगुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 40 सालों के आंदोलन के बाद ही अलग झारखंड राज्य बना है। इस राज्य के विकास में हेमन्त सोरेन का काफी योगदान है।



**मुट्ठीभर पूंजीपतियों के लिए काम कर रही भाजपा सरकार**

भाजपा मुट्ठीभर पूंजिपतियों के लिए सत्ता में रहकर काम करती है। एक दर्जन से भी कम संख्या वाले पूंजीपतियों को बढ़ाने का काम भाजपा सरकार करती है। देश में निजीकरण को बढ़ावा देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। पूंजीपति को देश का मालिक बनाने की सोच है। यह बातें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को देवघर के मोहनपुर अंतर्गत प्लस टू विद्यालय मैदान में लोगों को संबोधित करते हुए कही।

### ग्रामीणों के विरोध के कारण नहीं हो सकी गोफ की भराई, बैरंग लौटे बीसीसीएल प्रबंधन

धनबाद/कतरास, एजेंसी।

बीसीसीएल के गोविंदपुर एरिया तीन क्षेत्र के आकाशकिनारी भुइयां धौड़ा में भूधंसान के साथ बने गोफ स्थल की भराई ग्रामीणों के विरोध के कारण शुक्रवार को नहीं हो सकी। बता दें कि न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के एजेंट अवधेश कुमार डोजर लेकर गोफ की भराई करने पहुंचे तो यहां के ग्रामीणों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। बीसीसीएल प्रबंधन गोफ भराई के लिए गोफ स्थल पर बने अन्य कमरों को खाली करने के लिए ग्रामीणों कहा। लेकिन आक्रोशित ग्रामीण विरोध जताते हुए मांग की कि पहले उनलोगों को पुनर्वास कराया जाए। इसके बाद गोफ की भराई करने देगें। जिसकी वजह से आज गोफ की भराई नहीं हो सकी। स्थानीय ग्रामीणों को पुनर्वास के लिए एबीजीसी बंद खदान के समीप बीसीसीएल के खाली पड़े जमीन को दिखाया गया है। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और वहां बसने को तैयार हो गए हैं। संभवत÷ रविवार को गोफ की भराई बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा कर दी जाएगी। बता दें कि गोफ स्थल से लगातार गैस निकल रहा है, जो काफी खतरनाक है। इसकी चपेट में आने से लोगों की जान जाने की संभावना है। इसके बावजूद लोग यहां से हटने को तैयार नहीं है। विदित हो कि बुधवार की रात अचानक जोरदार आवाज के साथ भूधंसान की घटना घटी थी और गोफ बन गया था। गोफ में घर का एक कमरा पूरी तरह से समां गया। इस गोफ की चपेट में सावित्री देवी का पुत्र राजकुमार भुइयां (20) भी आ गया था। लेकिन हो हल्ला

## स्कॉर्पियो में चालक को बांधकर जिंदा जलाने की घटना से दहला दुमका, धधकती आग में जलकर खाक हुई लाश और गाड़ी

**बासुकीनाथ (दुमका), एजेंसी।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशमाहा चिकनिया और चंदना गांव के बीच कच्ची सड़क पर गुरुवार की सुबह करीब तीन बजे चालक 50 वर्षीय मोहन दास को स्कॉर्पियो में बांधकर जिंदा जला दिया गया।मृतक इसी प्रखंड के चंदना गांव का रहने वाला था और बासुकीनाथ नगर पंचायत के सरडीहा गांव निवासी बिनोद राय की स्कार्पियो चलाता था। पुलिस ने शव कब्जे में लिया है। रांची से एफएसएल की टीम आने के बाद अब शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

सुबह जली हुई स्कॉर्पियो देखने के बाद सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश मंडल और पांचू दास मौके पर पहुंचे। उनसे सूचना मिलने पर जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक सत्यम कुमार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और हर बिंदु पर जांच की।



मृतक मोहन दास की पत्नी माधुरी देवी व बहन सरस्वतीया देवी पति के हत्या की आशंका जताई है। उसने बताया कि हो न हो किसी ने उसके पति के हाथ पैर बांधकर पहले वाहन में डाला और फिर पेट्रोल छिड़ककर वाहन में आग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पति की किसी से दुश्मनी नहीं थी।

चालक मोहन दास बुधवार की शाम को गाड़ी मालिक के रिश्तेदार दुधानी गांव के जसविंदर माल के परिवार को नोनीहाट का यज्ञ मेला लेकर गया था।

जसविंदर ने बताया कि नोनीहाट से वापस दुधानी लौटने के क्रम में स्कॉर्पियो को उसने ही ड्राइव किया था। पहले कुशमाहा चिकनिया स्थित रामजीवन होटल में पूरे परिवार के लिए खाना पैक कराया। चालक ने भी होटल से पनीर पैक कराया। रात एक बजे के करीब मोहन ने घर छोड़ा और चला गया।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह पांच बजे के करीब वाहन में आग जल रही थी। वहीं मृतक की पत्नी ने बताया कि तीन बजे उसके पुत्र ने फोन कर बताया कि स्कॉर्पियो जल रही है। इसके बाद पति के दोनों मोबाइल में कई बार फोन किया। एक मोबाइल का स्विच ऑफ था और दूसरा हर बार व्यस्त बता रहा था।

पुलिस को यह घटना हादसा कम और सोची समझी साजिश ज्यादा लग रही है। पुलिस के एक पदाधिकारी ने बताया कि या तो चालक की हत्या करने के बाद शव को वाहन में डाल दिया गया, या फिर किसी ने वाहन में बांधने के बाद आग लगा दी।उन्होंने हादसे की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि चालक को वाहन में जरा सी खराबी होने पर तुरंत पता चल जाता है। अगर किसी वजह से वाहन में आग लगती तो चालक कूदकर भाग सकता था। जरूर, उसकी हत्या की गई है। उसे मारकर जला दिया गया या फिर जिंदा जलाया गया है, यह अनुसंधान से स्पष्ट हो जाएगा।

## पूछताछ को नहीं पहुंचे आईएएस मनीष रंजन, ईडी से मांगा तीन हफ्ते का समय

**सरकारी ठेकों में कमीशन लेने का है आरोप**

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव व वर्तमान में राजस्व व भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन शुक्रवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्हें दिन के 11 बजे ईडी ऑफिस में उपस्थित होना था, लेकिन इससे पहले राजस्व विभाग के एक कर्मचारी को विशेष दूत के तौर पर भेज मनीष रंजन ने तीन सप्ताह के समय की मांग की। उन्होंने ईडी को इस संबंध में एक पत्र भेजा है।

### नहीं मिलेगा तीन सप्ताह का वक्त, समन जल्द

मनीष का पत्र मिलने के बाद ईडी ने दिल्ली मुख्यालय को जानकारी दी। ईडी ने इस मामले में तीन सप्ताह का वक्त नहीं देने का फैसला लिया है। ईडी अब इस मामले में जल्द ही दूसरा समन जारी करेगी। हालांकि शुक्रवार को मनीष को दूसरा समन नहीं भेजा गया है। ईडी ने मनीष रंजन से जुड़े कई साक्ष्य



जुटाए हैं। मंत्री आलमगीर आलम और विभागीय इंजीनियरों के बयान में ठेकों के आवंटन में कमीशन के तौर पर मनीष रंजन की हिस्सेदारी का भी जिक्र किया गया है।

**आलमगीर आलम से पूछताछ जारी**

ग्रामीण विकास विभाग में 3000 करोड़ के प्रोसिड ऑफ क्राइम से जुड़े केस में शुक्रवार को ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ की। आलमगीर से टेंडर में आवंटन, डायरियों में पैसों के लेनदेन की इंट्री और कई बड़े टेंडरों में कमीशनखोरी से जुड़े सवाल पूछे गए।

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हवाला देकर तीन हफ्ते का वक्त मांगा :** विशेष दूत के माध्यम से भेजे गए पत्र में मनीष रंजन ने कहा है कि राज्य में चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी दौरे हो रहे हैं। प्रस्तावित चुनावी दौरों में सुरक्षा व्यवस्था व प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी उनकी है। ऐसे में उन्हें तीन हफ्ते का वक्त चाहिए। आगे उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री के धनबाद दौरे में सुरक्षा संबंधी गलतियां हुई थीं, इस मामले में भी वह रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। ईडी ने मनीष से उनके और उनके आश्रितों के बैंक खातों, चल- अचल संपत्तियों का विवरण भी मांगा था। यह जानकारी जुटाने के लिए भी मनीष ने वक्त की मांग की है।

## प्रसिद्ध श्रमिक नेता राजेन्द्र सिंह को हजारों ने दी श्रद्धांजलि

**बोकारो/बेरमो, एजेंसी।** पूर्व मंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे राजेन्द्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर 24 मई को बेरमो में अनेक स्थानों पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनुप सिंह के फुसरो के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित विधायक आवास परिसर में मुख्य आयोजन हुआ। जहां हजारों की संख्या में आम व खास, मजदूर सहित कांग्रेस व झामुमो सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के आम व खास, सीसीएल-डीवीसी अधिकारी, समाजसेवी व अन्य गणमान्य शामिल हुए और स्व राजेंद्र सिंह की प्रस्तर-प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

विधायक अनुप ने अपनी पत्नी धनबाद संसदीय सीट से इंडिया प्रत्याशी अनुपमा सिंह, मां रानी सिंह, अनुज कुमार गौरव व अपने अन्य परिवारजनों-बच्चों के साथ अपने स्वर्गीय पिता के लिए विधिवत देव ऋषि पितृ तर्पण श्राद्ध कर्म किया। साथ ही कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि जीवन पर्यंत मजदूरों और आमजनों के लिए संघर्षरत रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह को झारखंड के ही नहीं बल्कि देशभर के मजदूर अपना हमदर्द समझते थे। वे कहते थे कि एक मजदूर की आत्मा उनमें है, इसके बिना वे अधूरे हैं। राज्य विभाजन के बाद वे लगातार सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहते थे। इधर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, जगदीश साहू, सोनाल शांति, ऋषिकेश सिंह, नेलीनाथन, मनोज सहाय पिंकू, नीलांबर साहू, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी आदि शामिल थे। रामगढ़ की पूर्व विधायिका विधायक ममता देवी व बोकारो से श्वेता सिंह भी पहुंची थी। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह भी अपनी पुत्री डॉ मीनाक्षी सिंह के साथ पहुंची। कांग्रेस व राकोमयू के महेंद्र विश्वकर्मा, श्यामल सरकार, वीरेंद्र सिंह, सुबोध सिंह पवार, छेदी नोनिया, उत्तम सिंह, लक्की सिंह, अरुण सिंह, शिवनंदन चौहान, राकेश सिंह, अंजनी त्रिपाठी, अजय सिंह व विल्सन फ्रांसिस, इनमोसा के विजय सिंह, शत्रुघ्न सिंह, महारुद्र नारायण सिंह, चंद्रशेखर बरनवाल, सुनील सिंह, ललन रवानी, वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, सीसीएल ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, कथारा जीएम डीके गुप्ता, पीओ रंजीत सिंह, अरविंद शर्मा व राकेश सत्यार्थी, एसओपी प्रतुल कुमार, इंजीनियर विवेक कुमार सहित राजू सिंह, शक्ति सिंह व तरूण सिंह, आर उनेश, मनोज सिंह, वैभव चौरसिया, पिंटू सिंह, अभय सिंह, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, जयराम सिह, गणेश मल्लाह, रोहित मित्तल आदि हजारों लोग शामिल हुए।

## सऊदी में फंसे हैं झारखंड के 45 मजदूर, कुवैत में जान की भीख मांग रहा दशरथ, सरकार से मदद की लगाई गुहार

**गिरिडीह, एजेंसी।** घर से जब निकले तो आंखों में यही उम्मीद थी कि दो वक्त की रोटी कमा सकेंगे। बाल-बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ा सकेंगे और तंगहाली से परिवार दूर रहेगा, पर अब स्थिति यह है कि दोनों वक्त खुद का भी पेट भरना मुश्किल हो रहा है।

और तो और, जान बचाने के लिए मारे-मारे फिर रहे! यह व्यथा है कतर और सऊदी अरब में रह रहे झारखंड के मजदूरों की, जिन्होंने रोजी-रोटी की तलाश में देश की सरहद लांघी थी।

गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के ऐसे 45 से अधिक मजदूर अब पराए मुल्क में खानाबदोश की जिंदगी जी रहे। इधर, उनके स्वजन टकटकी लगाए बैठे हैं कि सरकार हस्तक्षेप करे तो उनके अपनों की घर वापसी हो सके।

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ का रहने वाला दशरथ हांसदा कुवैत में फंसकर अपनी जान की भीख मांग रहा। दशरथ ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले अक्टूबर 2022 में खलारी निवासी पप्पू खान के कहने पर रोजगार की तलाश में 85 हजार रुपये कर्ज लेकर कुवैत गया था।

पप्पू खान कुवैत में जिस कारोबारी के यहां वाहन चलाता था, वहीं उसने उसकी भी नौकरी लगवाई और खुद भारत वापस आ गया। कुवैत से निकलते समय पप्पू ने बताया कि यहां काम करना मुश्किल है। दशरथ के अनुसार, पहले दिन से कुवैत में उसकी दुर्दशा शुरू हो गई थी। कंपनी ने तनख्वाह तक नहीं दी।

वहां उसे अकील राधी दौश ने वाहन चालक का काम दिया था, लेकिन पैसे मांगने पर कहा कि पप्पू के ऊपर उसके पैसे बकाया हैं और वही उसे बंधक बनाकर चला गया है। पैसे के लिए दबाव बनाने पर अकील ने उसपर टायर चोरी का इल्जाम लगाकर केस कर दिया। मामले में उसे जेल तक जाना पड़ा। कंपनी ने उसका पासपोर्ट तक जब्त कर लिया।

दशरथ का कहना है कि अब वह पराये मुल्क में चोरों की तरह भाग-दौड़ कर जीवन गुजार रहा है। कभी भोजन मिलता है तो कभी भूखे पेट सोना पड़ता है। दूसरी ओर, घर में पत्नी और बच्चे टकटकी लगाए उसकी वापसी का इंतजार कर रहे। दशरथ का कहना है कि एक ओर वह अपने परिवार से मिलने के लिए भारत सरकार की मदद का इंतजार कर रहा है तो दूसरी ओर उसकी पत्नी व दो बच्चे अकेले पड़कर तिल-तिलकर मर रहे।

सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो चुकी है। पिछले साल मई महीने में सऊदी अरब गए इन मजदूरों का वीजा पांच माई को एक्सपायर हो चुका है। वहीं दूसरी ओर, जहां यह काम कर रहे थे, उस कंपनी ने कुछ मजदूरों का चार माह का तो कुछ का सात माह का वेतन बकाया रखा है।

मजदूरों का कहना है कि काम लेकर वेतन भुगतान करने के नाम पर कंपनी मुकर जाती है। काम करने के बावजूद हाजिरी काट ली जाती है। मजदूरों का कहना है कि उनकी स्थिति बिल्कुल बदहाल हो चुकी है। सरकार किसी तरह उनकी जान बचा ले।

काम की तलाश में सऊदी गए मजदूरों में गिरिडीह के अर्जुन महतो, भागीरथ महतो, टेकलाल महतो, संतोष साव, महेश साव, कमलेश्वर साव, महेश महतो, रीतलाल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, सोहन महतो, सुभाष कुमार, जानकी महतो, इंद्रदेव महतो, गणेश साव, राजेश महतो, बोकारो के जगदीश महतो, रामचंद्र महतो, प्रदीप महतो, मनोहर महतो समेत हजारीबाग के सहदेव रजवार, रूपलाल महतो, बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, शीतल महतो, रोहित महतो, मेघलाल महतो, रंजनराज मेहता, भैरव महतो, सुकर महतो, नंदलाल महतो, लोकनाथ महतो, सुनील महतो, तिलक महतो, थानेश्वर महतो, महानंद पटेल, प्रमोद महतो, अनंतलाल महतो, तापेश्वर महतो, टोकन सिंह, धनेश्वर महतो, चुरामन महतो, भुनेश्वर महतो, जितेंद्र महतो और बालगोविंद महतो शामिल हैं।

ये सभी केरल निवासी एजेंट आरएस पांडियन व एलके स्वामी द्वारा सऊदी भेजे गए थे। रोजगार के लिए सऊदी जाने के एवज में हर मजदूर ने 55 हजार रुपये एजेंट को दिए थे। पैसे आरएस पांडियन के बेटे एस. मनिबाला के खाते में जमा कराए गए थे। सऊदी अरब पहुंचने पर कंपनी के लोगों ने इनका पासपोर्ट तक जब्त कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मेधा पाटकर मानहानि मामले में दोषी करार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की अदालत ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को एक मानहानि के मामले में दोषी ठहराया है। यह मामला दिल्ली के मौजूदा उपराज्यपाल एलजी वीके सक्सेना से जुड़ा हुआ है। दरअसल वी. के. सक्सेना ने ही मेधा पाटकर के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया है। इसके लिए मेधा पाटकर को सजा के रूप में दो साल की जेल या जुर्माना या दोनों मिल सकते हैं। बता दें, साल 2000 में मेधा पाटकर ने वीके सक्सेना के खिलाफ उनके और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन छापने के आरोप में केस दर्ज किया था। तब से ही दोनों के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। उस समय वीके सक्सेना अहमदाबाद स्थित एनजीओ नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के प्रमुख थे। इसके बाद वीके सक्सेना ने भी साल 2001 में उनके खिलाफ अपमानजनक प्रेस नोट जारी करने के आरोप में मानहानि का मामला दर्ज किया था। यह प्रेस नोट 25 नवंबर 2000 को जारी किया गया था। प्रेस नोट में पाटकर ने कहा था, हवाला लेनदेन से आहत वीके सक्सेना खुद मालेगांव आए, एनबीए की प्रशंसा की और 40 हजार रुपये का चेक दिया। लोक समिति ने भोलेपन में तुरंत रसीद और पत्र भेज दिया, जो ईमानदारी और अच्छे रिकॉर्ड रखने को दर्शाता है। लेकिन चेक भुनाया नहीं जा सका और बाउंस हो गया। पूछताछ करने पर, बैंक ने बताया कि ऐसा कोई अकाउंट मौजूद ही नहीं है। मेधा पाटकर ने अपने इस प्रेस नोट में कहा था, वीके सक्सेना देशभक्त नहीं कायर थे। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि पाटकर ने जो भी किया वो जानबूझकर और वीके सक्सेना की छवि खराब करने के मकसद से किया। इससे उनकी प्रतिष्ठा और साख को काफी नुकसान पहुंचा है। कोर्ट ने कहा, सक्सेना को देशभक्त नहीं कायर कहना और हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाने वाले मेधा पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे।

### हिरासत में युवक की मौत पर बवाल, भीड़ ने पुलिस स्टेशन पर की जमकर पत्थरबाजी

**दावणगेरे।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के चन्नागिरी शहर में शनिवार तड़के एक कथित हिरासत में मौत को लेकर हिंसक भीड़ ने एक पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ की। भीड़ ने कई वाहनों को आग लगा दी। पुलिस ने कहा कि आदिल (30) को जिले में जुआ गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए 24 मई को हिरासत में लिया गया था, उसकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई और कल रात उसकी मृत्यु हो गई। जैसे ही उस व्यक्ति की मौत की खबर फैली, उसके रिश्तेदारों ने लोगों के एक बड़े समूह के साथ हंगामा किया। लोगों ने पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया और पुलिस स्टेशन पर पथराव किया और आरोप लगाया कि उनकी मौत हिरासत में हुई है। दावणगेरे के पुलिस अधीक्षक उमा प्रशांत ने कहा कि शव को सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद इसे परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा। एसपी के मुताबिक, पुलिस इलाके में गश्त कर रही है और चन्नागिरी में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार मामले में पूर्व आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को मिली राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने पूर्व भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर ध्रुव बत्रा और हॉकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक आरके श्रीवास्तव के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद कर दिया है। समाचार एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में करीब दो साल तक जांच चली, लेकिन दोनों के खिलाफ गलत काम करने का सबूत नहीं मिला। मालूम हो कि सीबीआई ने जुलाई 2022 के मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। वहीं, बत्रा से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं है। इधर, सीबीआई ने भी इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एजेंसी ने करीब दो साल तक जांच की।

# भावनाओं के आधार पर नहीं चल सकते, कानून के अनुसार करना होगा काम, मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापितों की संपत्तियों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कथित गैर-अनुपालन के लिए अवमानना कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भावनाओं के आधार पर नहीं चल सकता, बल्कि उसे कानून के अनुसार काम करना होगा।



जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह दलील से संतुष्ट नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव समेत प्रतिवादियों के विरुद्ध अवमानना का मामला बनता है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपायों का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एश्वर्य भाटी ने पीठ को बताया कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता और राज्य व केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए धरातल पर हर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि मुद्दे को गर्म रखने का प्रयास करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी नागरिकों एवं उनकी संपत्तियों की रक्षा करना राज्य का दायित्व है और सरकार इस मुद्दे पर अपडेट स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दावा किया गया था कि जातीय हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा के उसके पिछले वर्ष 25 सितंबर के आदेश की प्रतिवादियों ने अवमानना की है।

पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से सवाल किया कि किसने अवमानना की है, इस पर वकील ने जवाब दिया कि मुख्य सचिव एवं अन्य। पीठ ने कहा कि उन्होंने अतिक्रमण नहीं किया है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मणिपुर के बाहर रह रहे हैं और इंफाल के नजदीक कहीं भी जाने की स्थिति में नहीं हैं, तब पीठ ने कहा, इसका मतलब यह नहीं कि मुख्य सचिव के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए। इस दौरान भाटी ने कहा, मणिपुर में अभी भी असहज करने वाली शांति है। लोगों में मतभेद हैं और राज्य व केंद्र सरकार सभी को समझाने की कोशिश कर रही हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि उनकी संपत्तियों को पुलिस की उपस्थिति में लूट लिया गया और वे उन वीडियो को अदालत के समक्ष रख सकते हैं, तब भाटी ने इस पर आपत्ति व्यक्त की और कहा कि मिथ्या आरोप लगाए जा रहे हैं। पीठ ने कहा, संपत्तियों की रक्षा करना उनका (अधिकारियों का) दायित्व है। इस अदालत के आदेश का पालन करना उनका कर्तव्य है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है।

साथ ही कहा कि मुख्य सचिव और अन्य प्रतिवादियों के विरुद्ध अवमानना का कोई मामला नहीं बनता, अधिकारियों पर इस तरह दबाव मत डालिए। याचिकाकर्ता कानून के मुताबिक, उचित प्रक्रिया का सहारा ले सकते हैं। पीठ ने कहा, आपके साथ पूरी सहानुभूति है। आपकी संपत्तियों की रक्षा करने की जरूरत है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हमें प्रतिवादियों को अवमानना नोटिस जारी करना होगा। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में पिछले वर्ष तीन मई को भड़की जातीय हिंसा में 170 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और कई सौ अन्य लोग घायल हुए हैं।

## मौसम में बदलाव लाएगा तूफान रेमल



**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी से आज शाम चक्रवाती तूफान रेमल टकराने वाला है। बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी के ऊपर डीप डिप्रेशन बनने के चलत तेज हवाएं चलेंगी। आईएमडी के अनुसार, रविवार आधी रात इसके गंभीर चक्रवाती तूफान (एससीएस) में परिवर्तित होने की संभावना है, जो बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल तटों के बीच से गुजरेगा।

आईएमडी ने भयंकर तूफान की चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि तूफान से तटीय पश्चिम बंगाल के निचले इलाकों में बाढ़ आने की संभावना है और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में भूस्खलन भी हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में इस तूफान के चलते इससे सटे राज्यों में मौसम बदलेगा। इसका असर बिहार और ओडिशा में मुख्य रूप से दिखेगा। यहां के लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी, क्योंकि तापमान में भारी गिरावट आने की संभावना जताई गई है। 26 मई की आधी रात को पश्चिम बंगाल के तट पर तूफान तेज होने के चलते झमाझम बारिश होने की संभावना है। इसी के साथ मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में भी तेज बारिश आ सकती है। पश्चिम बंगाल के तट से तूफान रेमल टकराने के बाद बंगलादेश के तटों पर पहुंचेगा। 110-120 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों को पार करेगा।

## केजरीवाल साहब, बस रोते हुए रहना; एलजी ने कसा तंज, आतिशी पर ऐक्शन का भी ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के वोटर्स वाले इलाकों में स्लो वोटिंग कराने को कहा गया है। आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार की ओर से लगाए गए इस आरोप पर एलजी वीके सक्सेना ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी की ओर से किए गए दावे को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया था। एलजी ने जवाब देते हुए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री केजरीवाल पर तंज कसा तो झूठे आरोप लगाने के लिए मंत्री आतिशी पर ऐक्शन लेने की बात कही। एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक्स पर जवाब देते हुए लिखा, आदत ही बना ली है आप ने तो ऐ केजरीवाल साहब, जिस हाल मे रहना, बस रोते हुए रहना! चुनाव की पूर्व संध्या पर एक मंत्री की ओर से संवैधानिक संस्था पर झूठे और अनुचित बयान पर, जिसका आपने भी समर्थन किया है, कड़ा संज्ञान लिया है। एलजी ने एक अन्य ट्वीट में इस दावे को मतदातओं को भ्रमित करने वाला और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। साथ ही ऐक्शन लेने की बात भी कही। एलजी ने लिखा, आतिशी पर ऐक्शन का



ऐलान करते हुए कहा, यह अनुचित बयान अस्वीकार्य है और अक्सर इस तरह के बेतुके और मनगढ़ंत दावे वोटर्स को भ्रमित करके लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए दिए जाते हैं। सख्त ऐक्शन लिया जाएगा।

शनिवार रात आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में सबसे अधिक मंत्रालय संभालने वालीं आतिशी ने एलजी पर आरोप लगाया कि उन्होंने इंडिया गठबंधन के समर्थन वाले इलाकों में धीमी वोटिंग का आदेश दिया है।

## एसयूवी लेकर सड़क पर दिखा रहा था स्टंटबाजी, पहुंच गया जेल, 35 हजार का जुर्माना भी लगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा पुलिस ने दिल्ली के एक आदमी को लापरवाही से गाड़ी चलाने पर गिरफ्तार कर लिया। उस पर यातायात नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही वाहन जब्त कर 35,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

पुलिस ने कहा कि दिल्ली निवासी 25 वर्षीय एक व्यक्ति को यहां एक सड़क पर लापरवाही से अपनी एसयूवी चलाकर पैदल चलने वालों की सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रिंस मावी पर सड़क यातायात नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है और उस पर 35,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में वह एमिटी यूनिवर्सिटी के पास एक सड़क पर लापरवाही से एसयूवी चलाते देखा जा सकता है। वह पैदल चलने वालों के करीब आकर अपनी गाड़ी को ब्रेक लगाते नजर आ रहा है, जिससे लोग डर जा रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि उसके इस तरह गाड़ी चलाने से कॉलेज आने जाने वाले लोग भी डर जा रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो सामने आया। इसमें हरियाणा में रजिस्टर्ड एक महिंद्रा थार नोएडा के सेक्टर-125 स्थित निजी यूनिवर्सिटी की सड़क पर खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए लोगों की जान खतरे में डालती नजर आ रही है।

वीडियो के आधार पर स्थानीय सेक्टर-126 थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में पाया गया कि गाड़ी चला रहा युवक दिल्ली का रहने वाला है। उसके बाद पुलिस ने दिल्ली के हरि नगर एक्सटेंशन पार्ट-2 निवासी पीतांबर मावी के बेटे प्रिंस मावी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि वाहन जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के कई नियमों का उल्लंघन करने के लिए मावी पर कुल 35,000 रुपये का चालान काटा है। पुलिस ने कहा कि गाड़ी पर काले फिल्म का उपयोग, गलत नंबर प्लेट (जिस पर जातिवाचक शब्द का उल्लेख था), खतरनाक ड्राइविंग और वायु प्रदूषण के निर्धारित स्तर का उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

# विदेश मंत्रालय ने प्रज्वल रेवन्ना को थमाया कारण बताओ नोटिस

### राजनयिक पासपोर्ट रद्द को लेकर एस जयशंकर ने कह दी बड़ी बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
विदेश मंत्रालय ने जदएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा है कि उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों नहीं रद कर दिया जाना चाहिए? प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने विदेश मंत्रालय से प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है।



अधिकारियों ने गुरुवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्रवाई कर रहा है। माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रज्वल का पासपोर्ट रद करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उनको कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। यह नोटिस उनको ईमेल के जरिये भेजा गया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि विदेश मंत्रालय को प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने का अनुरोध 21 मई को प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट रद करने के लिए हमें न्यायिक अदालत या पुलिस के अनुरोध की आवश्यकता होती है। विदेश मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से यह अनुरोध 21 मई को मिला था। हमने तुरंत इस पर कार्रवाई की।

**विदेश मंत्री ने क्या कहा?:** भाजपा पर प्रज्वल को बचाने के कांग्रेस सरकार के आरोपों पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहला कदम नहीं उठाया। मेरा मतलब है, यह पहला मामला नहीं है जब पासपोर्ट रद किया जा रहा है।

आइएएनएस के अनुसार, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को कहा कि प्रज्वल रेवन्ना का परिवार उनके बारे में सब कुछ जानता है। जब प्रज्वल रेवन्ना को उनके दादा और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा द्वारा दी गई चेतावनी के बारे में पूछा गया कि उन्हें परिवार से अलग कर दिया जाएगा, तो सिद्दरमैया ने सवाल किया-क्या प्रज्वल अपने परिवार को सूचित किए बिना चले गए हैं? क्या वह अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में नहीं हैं?

सिद्दरमैया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य के खिलाफ अनाप-शनाप बातें करके अपने भतीजे प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

### दादा की चेतावनी पर ध्यान दें प्रज्वल- जी परमेश्वर

इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना को अपने दादा की चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए और कानून का सामना करने के लिए तुरंत लौट आना चाहिए। बताते चलें, देवेगौड़ा ने एक खुला पत्र लिखकर प्रज्वल रेवन्ना को आत्मसमर्पण करने या परिवार के गुस्से का सामना करने को कहा था।

## जनवरी में अभिषेक मनु सिंघवी को ऑफर की थी राज्यसभा सीट, केजरीवाल ने खोला राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
स्वाति मालीवाल प्रकरण के बाद दिल्ली की सियासत में हलचल मची हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब मालीवाल मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ चुके हैं। इस दौरान ऐसे सवाल उठने लगे थे कि पूरा विवाद राज्यसभा सीट को लेकर हुआ था। कहा जा रहा था कि आम आदमी पार्टी, राज्यसभा सीट मशहूर वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को देने का प्लान बना रही थी। इसी बात को लेकर पूरा विवाद खड़ा हुआ। अब अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से एक इंटरव्यू के दौरान सवाल पूछा गया कि क्या आम आदमी पार्टी, अभिषेक मनु सिंघवी के लिए तीन नेताओं से राज्यसभा सीट खाली करने के लिए कहा था? इस सवाल का जवाब देते हुए केजरीवाल ने इस बात से इनकार कर दिया और कहा कि इसका उल्टा हुआ था। हिंदी खबर से बात करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा सीट ऑफर की थी, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया था। इस दौरान जब सवाल पूछा गया कि आखिर ये चर्चाएं आती कहां से हैं? इसका जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये कहानी भाजपा की प्लांट की हुई होती हैं। इस मामले पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी का रिएक्शन भी सामने आया है। केजरीवाल के बयान के बाद सिंघवी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पहले नहीं कहा, लेकिन सच है कि मुझे एक नहीं बल्कि दो मुख्यमंत्रियों की तरफ से ऑफर मिला था।



# नमो भारत ट्रेन पर आया नया अपडेट, मेरठ दक्षिण स्टेशन तक सेफ्टी निरीक्षण शुरू; ट्रैक पर जल्द दौड़ेगी रेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन को मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने के लिए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी शुरू हो गया। यह कई चरणों में पूरा होगा। इसके पूरा होते ही ट्रेन को मोदीनगर उत्तर स्टेशन से आगे मेरठ दक्षिण तक चलाने की हरी झंडी मिल जाएगी। निरीक्षण में जो खामियां आ रही हैं, उन्हें दुरुस्त कराया जा रहा। मौजूदा समय में नमो भारत ट्रेन का परिचालन साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक 34 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जा रहा है। ट्रेन में रोजाना बड़ी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत ट्रेन को मोदीनगर से आगे मेरठ दक्षिण तक चलाने की तैयारी पूरी कर ली है।



मोदीनगर से आगे आठ किलोमीटर लंबे खंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। इसके लिए सेफ्टी निरीक्षण शुरू हो गया। इसमें ट्रैक, सिग्नल, स्टेशन, सुरक्षा आदि की जांच की जाती है। स्टेशन पर ट्रेन के खड़े होने और दरवाजे खुलने-बंद होने आदि की जांच की जा रही है।

कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी से हरी झंडी मिलते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। सूत्रों ने बताया ट्रेन को मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने की तैयारी पूरी हो गई है। चुनाव खत्म होने के बाद मेरठ दक्षिण तक परिचालन शुरू हो जाएगा। मेरठ दक्षिण तक ट्रेन चलने से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी। साहिबाबाद से मेरठ दक्षिण स्टेशन तक 42 किलोमीटर लंबे खंड पर ट्रेन दौड़ने लगेगी। इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ मिलेगा। एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेन को मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने के लिए सिग्नल अपडेट करा दिया है। साहिबाबाद से मेरठ दक्षिण स्टेशन तक सिग्नल अपटेड किए गए हैं। सभी सिग्नल काम कर रहे हैं। कई अन्य उपकरण भी अपडेट किए गए हैं। नमो भारत ट्रेन का ट्रायल साहिबाबाद से न्यू अशोकनगर तक नवंबर में शुरू किया जाएगा। इसके लिए काम की रफ्तार बढ़ा दी है। मौजूदा समय में साहिबाबाद से न्यू अशोकनगर स्टेशन तक एक लाइन का ट्रैक तैयार हो गया है। दूसरी लाइन पर ट्रैक तेज गति से बिछाया जा रहा है। दिल्ली में आरआरटीएस कॉरिडोर की लंबाई 14 किलोमीटर है। इसमें से नौ किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड है। पांच किलोमीटर भूमिगत है। न्यू अशोकनगर और साहिबाबाद के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन और सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है।

एनसीआरटीसी के सीपीआरओ पुनीत वत्स ने कहा, नमो भारत ट्रेन को मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने के लिए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी शुरू हो गया। यह जल्दी पूरा हो जाएगा। यह पूरा होते ही ट्रेन का परिचालन साहिबाबाद से मेरठ दक्षिण तक शुरू करा दिया जाएगा।




आईपीएल: 2024

# हैदराबाद- कोलकाता के बीच खिताबी जंग आज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 36 रनों से हरा दिया. चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए नॉक आउट मैच में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए. जवाब में राजस्थान की टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई. इसके साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने तीसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बना ली और अब इस टीम का खिताबी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 26 मई को होगा.

हैदराबाद की जीत के हीरो

सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के हीरो हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद रहे. हेनरिक क्लासेन ने चेन्नई की मुश्किल परिस्थितियों में 34 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 4 छक्के निकले. गेंदबाजी में शाहबाज अहमद ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट झटके. वहीं बल्ले से कहर बरपाने वाले अभिषेक शर्मा ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए.

### राजस्थान की बैटिंग फेल

राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी दूसरे क्वालिफायर में फेल रही. यशस्वी जायसवाल ने 21 गेंदों में 42 रन बनाए और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाया. इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज कुछ नहीं कर सका. संजू सैमसन 10 रन ही बना पाए. रियान पराग 6 रन बना पाए. हेटमायर 4 और पॉवेल 6 ही रनों का योगदान दे पाए. राजस्थान की टीम 20 ओवर में 139 रन ही बना पाई.

### राजस्थान की हार की बड़ी वजह

राजस्थान की हार की बड़ी वजह चेन्नई का मौसम रहा. दरअसल चेन्नई में रात को ओस पड़ती है लेकिन शुक्रवार रात ऐसा नहीं हुआ. ओस नहीं पड़ने की वजह से चेन्नई की पिच स्लो हो गई और बल्लेबाजों के लिए स्पिनर्स के सामने रन बनाना मुश्किल हो गया. हैदराबाद के दो लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद और अभिषेक शर्मा मिलकर 5 विकेट ले गए. शाहबाज का इकॉनमी रेट 5.6 रहा, वहीं अभिषेक ने 6 रन प्रति ओवर रन खर्च किए. संजू सैमसन ने इसे ही हार की बड़ी वजह बताया. सैमसन ने माना कि मिडिल ओवर्स में उनके पास स्पिनर्स के खिलाफ कोई जवाब नहीं था.

### हैदराबाद 6 साल बाद आईपीएल फाइनल में

सनराइजर्स हैदराबाद पूरे 6 साल के बाद फाइनल में पहुंची है. 2018 में ये टीम आईपीएल फाइनल में पहुंची थी और इसे रनरअप के तौर पर संतोष करना पड़ा था. इसके बाद ये टीम 2019 और 2020 में प्लेऑफ तक पहुंची.

इसके बाद लगातार 3 सालों तक टीम को लीग स्टेज तक ही संतोष करना पड़ा. अब नाकामी की हैट्रिक के बाद हैदराबाद की टीम फाइनल में पहुंची है. सनराइजर्स हैदराबाद ने 2016 में आईपीएल जीता है और अब उसके पास एक और ट्रॉफी जीतने का मौका है.

## राजस्थान की हार के बाद शिमरोन हेटमायर पर बीसीसीआई का एक्शन, ठोक दिया जुर्माना

**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार मिली। इस हार के साथ ही संजू सैमसन की टीम का आईपीएल के इस सीजन में सफर समाप्त हो गया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर हुए मुकाबले में राजस्थान को 36 रनों से हार झेलनी पड़ी। इस मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के कैरेबियन बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर पर जुर्माना ठोक दिया गया है।

### हेटमायर की मैच फीस कटी

शिमरोन हेटमायर अपराध स्वीकार कर लिया और उन पर मैच फीस का 10त्न जुर्माना लगाया गया। जुर्माना पूर्व भारतीय



तेज गेंदबाज और दूसरे क्वालीफायर के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने लगाया। हेटमायर ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

सुनील छैत्री रिटायरमेंट

# कोच स्टिमैक ने जताई उम्मीद, कहा- छेत्री के आखिरी मैच में खचाखच भरा रह सकता है मैदान

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को उम्मीद है कि छह जून को कोलकाता का सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रह सकता है। उस दिन भारत को कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालिफिकेशन मैच खेलना है, जो करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। स्टिमैक को उम्मीद है कि पूरे देश से दर्शक छह जून को सॉल्ट लेक स्टेडियम में जुटेंगे। कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे। कुवैत के खिलाफ मैच में जीत से भारत इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालिफायर



के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। स्टिमैक ने कहा- इस मैच की अहमियत को देखते हुए जिसमें हम पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालिफाई करने से महज एक जीत दूर होंगे और यह सुनील छेत्री का विदाई मैच भी होगा तो हम उम्मीद करते हैं कि सॉल्ट लेक स्टेडियम खचाखच भरा होगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि फैंस देश के हर हिस्से से कोलकाता पहुंचेंगे और हमारे खिलाड़ियों को मैच जीतने में मदद करेंगे। साथ ही सुनील छेत्री को शुक्रिया और अलविदा कहेंगे।

मुझे पूरा भरोसा है कि यह काफी भावनात्मक पल होगा और उम्मीद करते हैं कि हम मैच खत्म होने के बाद फैंस के लिए कुछ खास करेंगे। टीम करीब दो हफ्तों से ट्रेनिंग कर रही है और 29 मई को कोलकाता पहुंचेगी। मुख्य कोच ने कहा- खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। यह कई बार साबित हो चुका है कि लंबा शिविर हमेशा हमारे लिए मददगार रहा है। हम खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिसमें डिफेंड करना और काउंटर अटैक भी शामिल है।





# हार्दिक पंड्या-नताशा का हो सकता है तलाक

## देना पड़ सकता है प्रोपर्टी का इतना हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहावत है कि बिना के आग के कहीं धुआं नहीं उठता है... ऐसा ही कुछ इन दिनों भारतीय क्रिकेट हार्दिक पंड्या को लेकर चल रहा है। हार्दिक पंड्या और उनकी सर्बियाई पत्नी नताशा स्टेनकोविच के रिश्ते में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है ऐसी अफवाहें हैं।

सोशल मीडिया पर चर्चा है कि दोनों अलग हो सकते हैं। कुछ बातों ने इन अफवाहों को हवा दी



है। पहली बात तो यह कि नताशा ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'पांड्या' सरनेम को हटा दिया।

दूसरी बात यह कि नताशा पहले हर मैच में हार्दिक को चीयर करने स्टेडियम आती थीं, लेकिन हाल ही में उन्हें नहीं देखा गया। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर हार्दिक और नताशा को लेकर यह अनुमान लगाया जा रहा कि दोनों एक दूसरे से अलग हो चुके हैं।

ओलंपिक क्वालिफायर

# मुक्केबाज सचिन सिवाच की जीत से शुरुआत, पहले दौर में मुकुका को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान दबाव बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से भारत को जीत से शुरुआत कराई। राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में शानदार शुरुआत की। सिवाच ने 57 किग्रा वर्ग के पहले दौर में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका पर जीत दर्ज की। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान दबाव बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से भारत को जीत से शुरुआत कराई।

### सिवाच ने दिखाई आक्रामकता

सिवाच ने पहले ही राउंड में अपनी इरादे जाहिर कर दिए और आक्रामकता बरतते हुए मुकाबले में नियंत्रण बनाया। दूसरे राउंड में मुकुका की वापसी की उम्मीद टूट गई क्योंकि




भारतीय मुक्केबाज ने अपनी रणनीति में जरा भी बदलाव नहीं किया। दो राउंड आराम से अपने नाम करने के बाद सिवाच ने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

### अभिमन्यु शनिवार को निकोलोव से भिड़ेंगे

सीनियर राष्ट्रीय कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में शनिवार को बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव से भिड़ेंगे। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और 2022 एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92+ किग्रा) को अपने-अपने वजन वर्ग में बाई मिला है। भारत ने दूसरे विश्व क्वालिफायर में सात पुरुष और तीन महिला मुक्केबाज उतारे हैं और सभी मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक में स्थान पक्का करने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

यूरोप टूर

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन, स्थानीय डच क्लब से हारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 495 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। मेजबान क्लब ने हालांकि आक्रामक शुरुआत करके पहले ही मिनट में गोल दाग दिया और दूसरे मिनट में बढ़त दोगुनी कर ली। भारत को दूसरे क्वार्टर में पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर रोहित ने गोल किया। भारत की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी क्योंकि डच क्लब ने फिर पेनॉल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सौरभ ने पेनॉल्टी कॉर्नर पर गोल करके अंतर कम करने का प्रयास किया। ब्रेक के बाद दूसरे ही मिनट में अंकित ने गोल किया लेकिन डच टीम ने 42वें मिनट में गोल करके फिर बढ़त बना ली। अर्शदीप ने 58वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-4 कर दिया। डच टीम ने आखिरी मिनट में गोल करके जीत दर्ज की। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी।

### भारतीय महिला टीम प्रो लीग में दूसरा मैच हारी

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को बुधवार को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल मैदानी थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

# युवराज सिंह के बाद शाहिद आफरीदी भी बने टी20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर



**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद आफरीदी को टी20 विश्व कप का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शाहिद अफरीदी इस मेगा इवेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर्स की लिस्ट में टी20 के दिग्गज युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता धावक उसेन बोल्ट के साथ शामिल हो गए हैं।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में बताया, छह टी20 विश्व कप खेलने का अनुभव, जिनमें से दो में कप्तानी संभालने वाले शाहिद आफरीदी का प्रदर्शन शानदार रहा। आफरीदी ने लॉर्ड्स में फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ पाकिस्तान की 2009 की जीत का नेतृत्व किया। उनका अनुभव और विश्व कप में प्रदर्शन सराहनीय है। आफरीदी ने कहा कि वह टी20 विश्व कप का हिस्सा बनकर खुश हैं और 9 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आफरीदी ने कहा, मैं 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। यह खेल में महान प्रतिद्वंद्विता में से एक है और न्यूयॉर्क दो महान टीमों के बीच इस अविस्मरणीय मुकाबले के लिए एक उपयुक्त मंच होगा। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप एक ऐसा आयोजन है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। उद्घाटन संस्करण में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने से लेकर 2009 में ट्रॉफी जीतने तक, मेरे करियर के कुछ पसंदीदा आकर्षण इस मंच पर प्रतिस्पर्धा करने से आए हैं

। हाल के वर्षों में टी20 विश्व कप काफी मजबूत हुआ है और मैं इस संस्करण का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं, जहां हम पहले से कहीं अधिक टीमें, अधिक मैच और यहां तक कि अधिक ड्रामा देखेंगे। अगर शाहिद आफरीदी के टी20 इंटरनेशनल करियर पर नजर डालें तो यह शानदार रहा है। अफरीदी ने 99 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1416 रन बनाए हैं। इसके साथ ही 98 विकेट भी लिए हैं।

आईसीसी महाप्रबंधक क्लेयर फर्लांग ने कहा, आफरीदी दुनिया भर में प्रशंसकों के पसंदीदा हैं। वो युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ प्रशंसकों को टूर्नामेंट के करीब लाएंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप होने वाला है।

टी20 विश्व कप 1-29 जून तक खेला जाएगा, जिसमें टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में उद्घाटन मैच में सह-मेजबान यूएसए का मुकाबला कनाडा से होगा। 9 स्थानों पर 20 टीमों द्वारा कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जिसका समापन 29 जून को बारबाडोस में फाइनल में होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने गोल्ड, मिक्स्ड टीम ने जीता सिल्वर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे वर्ल्ड कप स्टेज-2 कंपाउंड आर्चरी में भारतीय महिला टीम को गोल्ड और मिक्स्ड टीम में सिल्वर मेडल मिला है। शनिवार को हुए विमेंस फाइनल में भारतीय टीम ने तुर्की को हराया, जबकि मिक्स्ड टीम को अमेरिका से हारा का सामना करना पड़ा।

विमेंस फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजर और बेगम की तिकड़ी को 232-226 से हराया।

आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2



### भारतीय तिकड़ी का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड

भारतीय तिकड़ी का यह वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड है। इससे पहले इस तिकड़ी ने इसी साल की शुरुआत में शंघाई में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-1 में इटली को हरा कर गोल्ड जीता था। इससे पहले पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भी गोल्ड जीता था। (बाएं से) परनीत कौर, सुरेखा वेन्नम और आदिति स्वामी की तिकड़ी ने लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप में गोल्ड जीता है।

### सेमीफाइनल में एसए को हराया था

इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने दुनिया की चौथे नंबर की टीम एसए को 233-229 से हराया था। वहीं तुर्की ने साउथ कोरिया को 234-233 से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। भारतीय महिला टीम के लिए यह आसान सफर था। क्वालिफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम को क्वार्टर में बाई मिली थी। उन्होंने अंतिम आठ में इटली को 236-234 से हराया था।

भारत को मिक्स्ड टीम में सिल्वर मेडल मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी को कंपाउंड मिक्स्ड के फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में 16 निशाने में से केवल 2 पॉइंट ही गंवाए। उन्होंने साउथ कोरिया की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को 158-157 से हराया था।

### कंपाउंड मेंस सिंगल्स में मेडल की उम्मीद बरकरार

युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे भी व्यक्तिगत वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीद कर रहे हैं।

## एक नजर

### अंबा में चहक प्रशिक्षण कल से

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** प्रखंड संसाधन केंद्र अंबा में सोमवार से चहक प्रशिक्षण का आयोजन होगा। ये बातें बीपीएम रंजीत कुमार ने कही है। उन्होंने बताया कि सोमवार और मंगलवार को होने वाले प्रशिक्षण के दो-दो बैच बनाए गए हैं तथा प्रत्येक बैच के लिए संकुल चिन्हित किए गए हैं। इस प्रशिक्षण में कक्षा एक के नामित शिक्षक शामिल होंगे। प्रशिक्षण एकदिवसीय गैर आवासीय होगा। डायट के सहयोग से इसका संचालन होना है।

### देसी कट्टा व कारतूस के साथ कांग्रेसी नेता हुआ गिरफ्तार

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** देव पुलिस ने थाना क्षेत्र के दतु बिगहा से एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ उसी गांव के अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है। वे कांग्रेस पार्टी के प्रखंड युवाध्यक्ष हैं। यह हथियार उसके बाइक की डिक्की से बरामद हुआ है। पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि अशोक कुमार अवैध हथियार के साथ चल रहा है। इस आधार पर छापेमारी की गई और हथियार बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। उसने किस उद्देश्य से हथियार रखा था, इसकी जांच की जा रही है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। इधर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा है कि साजिश के तहत उनके बाइक की डिक्की में हथियार रखकर उन्हें फसाया गया है।

### लोस चुनाव को लेकर वाहनों की सघन जांच

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। शनिवार को ब्लॉक व थाना मोड़ के समीप वाहनों की जांच की गई। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान वाहनों के दस्तावेज, हेलमेट व डिक्की की जांच की जा रही है। वाहन जांच के क्रम में पांच हजार रुपए का फाइन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

### 32 लीटर देसी शराब जब्त

**टंडवा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** टंडवा थाना पुलिस ने हरिहर उर्दाना गांव से 32 लीटर देसी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अज्ञात शराब तस्करों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ बाईक जब्त, कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा पुलिस ने चिरैला मोड़ के पास से बाईक पर लदे 40 लीटर महुआ शराब के साथ बाईक को जब्त कर एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया।कासमा थाना प्रभारी इमरान आलम ने बताया कि कारोबारी ने अपना परिचय झारखंड के चतरा जिला के हंटरगंज थाना अंतर्गत जबरा गांव निवासी विजय दास का पुत्र छोटू कुमार बताया। झारखंड से खुदरा शराब लाकर बिहार में अधिक मूल्य पर शराब का बिक्री किया जाता है। मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत शराब कारोबारी छोटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### अश्लील गाना बजाने को लेकर हिंसक झड़प

**औरंगाबाद (का.सं.)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजुराही गांव में मोबाइल फोन पर अश्लील गाना बजाने का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच हिंसक मारपीट की घटना हुई। इस मारपीट में दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष से पिंकी देवी, उमेश पासवान, सुंदरी कुंवर, अंगद कुमार, अंकित पासवान व अन्य शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से टुन्ना पासवान, रेशमी देवी, प्रीति देवी, प्रिंस कुमार, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशू कुमारी व अन्य शामिल हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों ने बताया कि गांव के कुछ उपद्रवी युवकों द्वारा मोबाइल फोन पर अश्लील गाना बजाया जा रहा था। कई बार अश्लील गानों का विरोध हुआ, लेकिन वे नहीं माने। आखिरकार इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। मामला धीरे-धीरे बढ़ता गया और तूल पकड़ लिया।वहीं, आसपास मौजूद लोग भी अश्लील गाने बजाने का विरोध करने के बजाय उनका समर्थन करने लगे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच

**सावधान :** बिना गार्ड के एटीएम संचालित होने से साइबर जालसाजों की कट रही चांदी

# पैसा निकालने पहुंचने वाले ग्राहकों को फंसाकर कर रहे राशि की निकासी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के एटीएम पूरे दिन साइबर जालसाजों के कब्जे में होता है। राशि की निकासी करने पहुंचने वाले ग्राहकों को मौका पाते ही अपनी जाल में फंसा लेते हैं और खाते से राशि की निकासी कर लेते हैं। बैंकों के द्वारा बिना सुरक्षागार्ड के संचालित किए जा रहे एटीएम के कारण साइबर जालसाजों की चांदी कट रही है। एटीएम में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर राशि की निकासी करने की अधिकांश घटना में साइबर जालसाजों ने हेल्पलाइन नंबर के नाम पर अपना नंबर एटीएम कमरे में साटकर या रखकर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिए हैं। अबतक साइबर जालसाजों ने हेल्पलाइन नंबर के नाम पर अपना नंबर 7063243589, 7488390420 से कई ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया है। साइबर जालसाज एटीएम को सुना पाकर अंदर जाते हैं और कुछ ऐसा पदार्थ एटीएम में लगा देते हैं कि कार्ड फंस जाता है और अपना हेल्पलाइन नंबर कागज पर लिख रख देते या साट देते हैं। साइबर जालसाज पदार्थ को एटीएम मशीन में लगाकर बाहर खड़े रहते हैं। कोई ग्राहक राशि की निकासी करने पहुंचते हैं और उनका कार्ड फंस जाता है तो अंदर लगाए जालसाजों के नंबर पर हेल्प के लिए कॉल करते हैं। कॉल करने पर साइबर जालसाज किसी दूसरे एटीएम के पास बुलाते हैं। ग्राहक के एटीएम से बाहर होने के बाद जालसाज अंदर प्रवेश करते हैं और फंसे एटीएम कार्ड से राशि की निकासी कर फरार हो जाते हैं। जब ग्राहक के मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज जाता है तब उन्हें निकासी और धोखाधड़ी की जानकारी होती है। पुलिस की लापरवाही को देखे तो जिस मोबाइल नंबर से साइबर जालसाजों ने एक माह पहले ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी किए हैं उसी नंबर से अब भी कर रहे हैं पर प्राथमिकी के बाद भी नंबर की न जांच कर पाते हैं न उसे बंद करा पाते हैं। देखा जाए तो माली थाना क्षेत्र के साया गांव निवासी अरुण रजक के साथ शहर के रामाबांध बस स्टैंड के पास स्थित एटीएम में कार्ड फंस जाने के बाद साइबर जालसाजों ने 7488390420 से चार मई को धोखाधड़ी की थी। छह मई को प्राथमिकी कराई गई थी। तीन दिन बाद फिर साइबर जालसाजों ने इसी नंबर से केनरा बैंक के पास एटीएम में राशि की निकासी करने पहुंचे पुलिसबल अमित कुमार के साथ धोधाधड़ी कर 40 हजार अवैध निकासी घटना को अंजाम दिया था। साइबर जालसाजों ने 7488390420 और 7063243589 नंबर से कई ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिए हैं पर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साइबर डीएसपी डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि थाना की पुलिस के साथ एटीएम फ्राड की घटना में जालसाजों की गिरफ्तारी को लेकर काम किया जा रहा है। साइबर जालसाजों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शनिवार को काराकाट लोक सभा में लोजपा प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंहसह प्रभारी ओबरा विधानसभा में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक दाउदनगर कार्यालय में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के एवं महत्वपूर्ण में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और बैठक में कार्यकर्ताओं को देश हित में लड़ाई लड़ने का हवन किया जब देश है तब हम वापस हैं इसलिए 400 पर के मिशन में आप लोग लग जाइए मोदी जी के हाथों को मजबूत के लिए एवं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प के साथ आप लोग क्षेत्र में बने रहिए और लोगों से चाहिए की आप लोग मोदी जी की योजना के बारे में लोगों से बताइए इस अवसर पर पूरा प्रखंड अध्यक्ष गंगा दयाल पासवान दलित सेवा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पासवान लोजपा नेता सुधीर शर्मा ओबरा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान रमेश पासवान पूर्व जिला परिषद राजीव कुमार वर्मा निर्भय पासवान महेंद्र पासवान दूधेश्वर मेहता उर्फ गरम दाल सुनील फ्रेंड हम पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनील चौबे जी आदि लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण विभाग द्वारा मदनपुर में दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मदनपुर में वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दो लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह जानकारी वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए यह काम किया जाना है। इसके लिए नर्सरी तैयारी की जा रही है। वन महोत्सव के तहत जीविका दीदियों को भी जिम्मेवारी दी जाएगी। उन्हें निशुल्क पौधा दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर वे पौधों का देखभाल करेंगी। किसानों व आम लोगों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में सहयोग करें और बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस मौके पर वनपाल बैजनाथ प्रसाद सिंह, वनकर्मी शिव कुमार सिंह आदि थे।

# रोहिणी नक्षत्र शुरू होते ही खेती के काम में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** रोहिणी नक्षत्र शुरू होते ही किसान खेती की तैयारी में जुट गए हैं। शनिवार से इस नक्षत्र की शुरुआत हुई है और यह 8 जून तक रहेगा। यह नक्षत्र धान की नर्सरी तैयार करने का प्रमुख नक्षत्र माना जाता है। लंबी अवधि के धान मंसूरी, सबौर श्री आदि की नर्सरी इसी नक्षत्र में तैयार की जाती है। कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि 5 जून से पहले लंबी अवधि के धान की नर्सरी लगा देनी चाहिए। इसकी तैयारी किसान कर रहे हैं। कोई नर्सरी तैयार करने के लिए खेत की सफाई कर रहा है तो कोई पटवन कर खेत की जुताई कर रहा है। कई साधन संपन्न किसान नर्सरी की तैयारी पूरी भी कर चुके हैं। परसा टोले गांव के रामपुर गांव से रामचंद्र सिंह, सुही गांव के अजीत पांडेय, बुमरू के संजय कुमार सिंह, जगई के रामप्रवेश पांडेय आदि किसानों ने बताया कि वे लंबी अवधि के धान की खेती करते हैं। इसके लिए उन्हें रोहिणी नक्षत्र में नर्सरी तैयार करनी होती है। इसकी तैयारी वे कर चुके हैं। समय रहते वे नर्सरी लगा देंगे ताकि सही समय पर धान की रोपनी कराई जा सके। कृषि विशेषज्ञ डॉ अनूप चौबे ने बताते हैं कि किसानों को धान के प्रभेद के अनुसार नियत समय से बिचड़ा गिरना चाहिए। लंबी अवधि के धान का बिचड़ा पहले गिराना होता है। लंबी अवधि के प्रभेद मंसूरी, सबौर श्री आदि का बिचड़ा 25 मई से 5 जून के बीच, मध्यम अवधि के प्रभेद सोनम, राजेंद्र श्वेता आदि का बिचड़ा 10 जून से 15 जून के बीच तथा अल्प अवधि के प्रभेद अर्द्धजल, सहभागी आदि का बिचड़ा 01 जुलाई से 10 जुलाई के बीच गिराना चाहिए।

# ट्रक के धक्के से एक घायल, रेफर

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 पर सतबहिनी पेट्रोल पंप के समीप ट्रक के धक्के से एक व्यक्ति घायल हो गया है। उसकी पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी मुन्ना राम (31 वर्ष) के रूप में की गई है। कुटुंबा रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक ऑटो पर सवार कुछ लोग किसी कार्यक्रम में शामिल होने अंबा से औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। मुन्ना का पैर ऑटो से बाहर निकला था और इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से उसे धक्का लग गया और वह घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस बीच ऑटो पर सवार अन्य सभी लोग गाड़ी के साथ चलते बने। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नाली का पानी बहाने के विवाद को लेकर मारपीट, चार जख्मी

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के सिमरा थाना क्षेत्र के कर्मा बसंतपुर टोले गंज पर नाली का पानी बहने के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट हुई जिसमें चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों में विनोद राम, ललन राम, जनेश्वर राम व लीलावती देवी का नाम शामिल है। इस मामले में दोनों ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जनेश्वर राम ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विनोद राम, सुनीता देवी, अमन कुमार, देवेन्द्र राम, सुरेंद्र राम, मीना देवी, ललन राम, सिकंदर राम, चंपा देवी व ममता देवी को आरोपी करार दिया है। इसी तरह सुनीता देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जनेश्वर राम, अमृता कुमारी व लीलावती देवी को आरोपी बनाया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विनोद राम, ललन राम व जनेश्वर राम को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है।

# जिला विधिक संघ की कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**औरंगाबाद(का.सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति का आवश्यक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक संघ के उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने किया और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया, सर्वप्रथम नये भवन निर्माण के लिए टुट रहे पुराने भवन को शीघ्रता से हटाने की बात कही गई, सीसीटीवी कैमरा जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में लगाने की बात कही गई, पुराने भवन के विस्थापित अधिवक्ताओ को जल्द स्थान और सुविधाएं प्रदान करने बात कही गई। भवन निर्माण कार्य के कारण बाइक लगाने की समस्या पर उच्च अधिकारियों से बात करने सहमति जताई गई और महासचिव ने कहा कि जिला जज ने कहा कि कोर्ट अवधि तक किसी भी बाइक से चालान नहीं काटे जाएंगे, और अंत में शौचालय और पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रखने की बात कही गई है,इस बैठक में कार्यसमिति के अधिकांश सदस्य उपस्थित थे।



# घुंडा गांव के नल-जल योजना का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के घुंडा गांव में नल-जल कार्यान्वित की गई है पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। यह स्थिति पिछले तकरीबन एक साल से बनी है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी प्रतिनिधियों व अधिकारियों को दी गई है पर इस दिशा में पहल का अभाव बना है। ग्रामीण अरविन्द सिंह, चतुर्गुण सिंह, मनीष श्रीवास्तव, हरेंद्र भुईयां, प्रभु भारती, कामेश्वर भुईयां, जितेंद्र भुईयां, अरुनजय सिंह, शंभू भुईयां, जितेंद्र भुईयां, इंद्रजीत ठाकुर, राधेकृष्ण पांडेय, रजनीश पांडेय, कंचन पांडेय आदि बताते हैं कि यह गांव पंचायत के वार्ड नंबर 3 में आता है। यहां के नल-जल से वार्ड 2 के लोगों को भी लाभ होता था। योजना कार्यान्वित होने के शुरुआती दौर में पेयजल की आपूर्ति हुई, पर धीरे-धीरे इसकी स्थिति जर्जर हो गई। कई जगह पाइप टूटी है तो कई जगहों पर नल मिट्टी के अंदर चला गया है है। पाइप नाली में टूटकर गिरा है। कहीं नल कपड़ा से बांधा मिलता है। कहीं-कहीं कनेक्शन ही बंद कर दिया गया है। इस गांव के लोग वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए पेयजल का इंतजाम कर रहे हैं। पीएचईडी जेई रोहित कुमार दुबे ने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें है। योजना को दुरुस्त करने के लिए संसाधन मुहैया कराने को वरीय अधिकारियों को लिखा गया है। प्रखंड में 236 वार्ड में योजना संचालित है। तीन-चार वार्ड में एफआईआर होने के चलते योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है। 20-22 योजनाएं ऐसी हैं जिसमें विशेष खराबी है।

# मध्य विद्यालय बसडीहा कला में बाल संसद का पुनर्गठन



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मध्य विद्यालय बसडीहा कला में नए शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। वर्ग अष्टम् की ब्युटी कुमारी बाल संसद की प्रधानमंत्री जबकि दिलखुश कुमार को उपप्रधानमंत्री सर्वसम्मति से चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने बताया कि बाल संसद विद्यालय का एक सशक्त लटक है जो चेतना सत्र के संचालन से लेकर विविध शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के सफल संचालन में महिला भूमिका निभाता है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता तो विकसित होती ही है साथ ही बच्चे अपने दायित्वों के प्रति काफी सजग भी हो जातें हैं जो उनके जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

# औरंगाबाद जिले के शिक्षकों का गया शिक्षा महाविद्यालय में प्रशिक्षण सम्पन्न

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर एवं बारुण प्रखंड के लगभग 240 शिक्षकों का 06 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय गया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 20 मई से लेकर 25 मई तक चलने वाले 6 दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने हिस्सा लिया एवं प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण में दिए गए अनुभव को अपने विद्यालय में बच्चों के बीच साझा करेंगे एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मूर्त रूप देने का प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण में दाउदनगर एवं बारुण प्रखंड से 262 शिक्षको के प्रशिक्षण के लिए शिक्षा विभाग औरंगाबाद द्वारा पत्र प्रेषित किए गए थे। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण क्रियान्वित कराने में प्राचार्या डॉ. गीता पांडेय, प्रशिक्षण सह प्रभारी राजकुमार, प्रशिक्षण प्रभारी मृत्युंजय कुमार,वरीय व्याख्याता नीतू सिंह, आईसीटी प्रभारी श्रवण कुमार की सराहनीय भूमिका रही। 6 दिनों के प्रशिक्षण में इन लोगों ने प्रशिक्षण का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए शिक्षकों को अधिगम, कला अधिगम, बाल मनोविज्ञान शिक्षा का व्यावहारिक स्वरूप सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को विशिष्ट प्रशिक्षण देने का प्रयास किया। प्रशिक्षणोपरांत सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। 6 दिनों के प्रशिक्षण में भोजन आवासन एवं अन्य सभी सुविधाएं उत्कृष्ट देखी गई। मौके पर शिक्षक सतीश कुमार पांडेय, शुभम कुमार, सुरेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार, रविशंकर सिंह, संतु कुमार, सुजीत कुमार, राजेश कुमार सिंह पप्पू, संजीव सरफराज आलम, संजय कुमार रामजी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# बदबूदार कीचड़ के बीच पढ़ने को मजबूर नन्हें बच्चे



निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** केंद्र व राज्य सरकार बच्चों के शिक्षा पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है,हर गली और वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र खोल रखी है,ताकि नोनिहालों का उज्जवल भविष्य हो,पर कुछ गैर जिम्मेदार पदाधिकारी के कारण सब कुछ बर्बाद हो रहा है,जिसका उदाहरण हसपुरा प्रखण्ड क्षेत्र के चौराहीं रोड,वार्ड 14 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र है,जो सामुदायिक भवन में चल रही है। भवन के चारों ओर नाली का गंदा पानी जमा हो रखा है। परिसर में लगे चापाकल जर्जर स्थिति में होकर गंदा पानी में डूबा हुआ है ओर शौचालय भी बेकार पड़ा है। केंद्र की सेविका शीला देवी बताती हैं की हम यहाँ 2011 से हीं कार्यरत हैं, विभाग को कई बार आवेदन देकर अपना भवन बनवाने को बोला, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। परिसर में हमेशा गंदा पानी जमा रहता है।

# सामाजिक संस्था ने गर्मी से राहत के लिए रिक्शा चालकों को दिए गमछे

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी में जहां सुबह 10 बजे ही घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। वहीं जरूरतमंदों की सेवा का प्रण लिए एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के टीम ने एक अनूठी पहल की है। टीम के सदस्यों ने शहर के विभिन्न इलाकों में घूमकर फुटपाथ पर काम करने वाले रिक्शा चालक एवं भिक्षाटन करने वाले असहाय जरूरतमंद लोगों को टोपी, गमछा , छाता, चप्पल, वितरण किया गया एवं लोगों को फ्रूटी पिलाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन की राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि हम लोगके द्वारा मानव सेवा अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान मानवता के रक्षा के उद्देश्य किया जा रहा है, जहां प्रचंड गर्मी के तापमान 45 डिग्री को पार कर चुका है, ऐसे वक्त में वैसे फुटपाथ विक्रेता एवं रिक्शा चालक जो बिना छांव के इस प्रचंड धूप में अपने जीवन यापन करने के लिए काम कर रहे ऐसे लोगों को मदद के लिए लू के चपेट में आने से रक्षा के लिए हम लोग के द्वारा गमछा, टोपी, छाता का वितरण किया जा रहा है ताकि इन्हें गर्मी से राहत मिल सके, वही भिक्षाटन करने वाले असहाय लोगों को चप्पल तक प्रबंध कराया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हर संपन्न लोगों को ऐसे लोगों को मदद करने के लिए आगे आने की जरूरत है यही मानवता का सबसे बड़ा परिचालक है, ताकि ऐसी जरूरतमंद परिवार का भी जीवन बचाया जा सके, उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे लोगों को मदद कर आत्म संतुष्टि मिलती है, हर इंसान अपने जीवन का एक थोड़ा सा हिस्सा सामाजिक योगदान के लिए दे तो निश्चित रूप में हम सभी समाज में एक नया बदलाव ला सकते हैं, संपन्न परिवार घर में पंखा कूलर का आनंद ले रहे हैं पर ऐसे लोगों को कभी उन परिवारों के लिए भी सोचना चाहिए जिन्हें धूप से बचने के लिए वस्त्र नहीं है तो किसी के पास पांव में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं है वैसे लोगों को यदि हम सभी मदद करते हैं तो यह एक ईश्वर की सेवा के बराबर है। हमारा यह अभियान लगातार तब तक चलेगा जब तक मौसम में मानसून ना आया जाता है, हम लोग के द्वारा ऐसी जरूरतमंदों को हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रभारी ओम प्रकाश एवं जिला सचिव सुमित कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस प्रचंड गर्मी के लू से बचे और वैसे असहाय लोगों को मदद करने का काम करें यह हम सब का मौलिक कर्तव्य बनता है। इस मौके पर जिला निरीक्षक का पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला युवा सचिव अनिल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अमर कुमार, जिला प्रभारी ओम प्रकाश, जिला सचिव सुमित कुमार, डिकेश कुमार, बिट्टू कुमार अन्य कई लोग मौजूद थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433